किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 333 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 20 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

महिला आरक्षण बिलः बिहार के महागठबंधन में दरार ?

RJD का ऐतराज, नीतीश कुमार ने दिल खोल किया समर्थन

पटना. केंद्र की मोदी सरकार ने नए संसद में महिला आरक्षण बिल पेश कर दिया, जिसके बाद देश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. इस बिल को लेकर INDIA गठबंधन के सहयोगियों के भी अलग-अलग बयान आने लगे हैं लेकिन इसी बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला आरक्षण बिल का स्वागत कर महागठबंधन और INDIA में हलचल तेज कर दी है.

दरअसल नीतीश कुमार ने पर ट्वीट कर जो लिखा है वो बेहद महत्वपूर्ण है और माना जा रहा है कि नीतीश कुमार ने मोदी सरकार के फैसले का समर्थन कर बड़े राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है. नीतीश कुमार ने लिखा है कि संसद में जो महिला आरक्षण बिल लाया गया है, वह स्वागत योग्य कदम है. हम शुरू से ही महिला सशक्तीकरण के हिमायती रहे हैं और बिहार में हम लोगों ने कई ऐतिहासिक कदम उठाये हैं. वर्ष 2006 से हमने पंचायती राज संस्थाओं और वर्ष 2007 से नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया.

नीतीश कुमार ने आगे लिखा है कि वर्ष 2006 से ही प्रारंभिक शिक्षक नियोजन में महिलाओं को 50 प्रतिशत और वर्ष 2016 से सभी सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है. वर्ष 2013 से बिहार पुलिस में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत

आरक्षण दिया जा रहा है. आज बिहार पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी देश में सर्वाधिक है. बिहार में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के अन्तर्गत नामांकन में न्यूनतम 33 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिये आरक्षित की गयी हैं. ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है.

नीतीश कुमार ने लिखा है कि हमलोगों ने वर्ष 2006 में राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन के लिए परियोजना शुरू की जिसका नामकरण "जीविका" किया. बाद में तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा इसकी तर्ज पर महिलाओं के लिए आजीविका कार्यक्रम चलाया गया. बिहार में अब तक 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें 1 करोड़ 30 लाख से भी अधिक महिलाएं जुड़कर जीविका दीदियां बन गयी हैं.

नीतीश कुमार आगे लिखते है की हमारा मानना है कि संसद में महिला आरक्षण के दायरे में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की तरह पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिये भी आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिये.

प्रस्तावित बिल में यह कहा गया है कि पहले जनगणना होगी तथा उसके पश्चात निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन होगा तथा इसके बाद ही इस प्रस्तावित बिल के प्रावधान लागू होंगे। इसके लिए जनगणना का काम शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए. नीतीश कुमार केंद्र से आग्रह करते भी दिखे कि जनगणना तो वर्ष 2021 में ही हो जानी चाहिए थी परन्तु यह अभी तक नहीं हो सकी है. जनगणना के साथ जातिगत जनगणना भी करानी चाहिए तभी इसका सही फायदा महिलाओं को मिलेगा.

यदि जातिगत जनगणना हुई होती तो पिछड़े एवं अतिपिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था को तुरंत लागू किया जा सकता था, वहीं महिला आरक्षण को लेकर आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा का मानना है कि एससी-एसटी के साथ ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण मिले, कोटा विदिन कोटा में समायोजन नहीं होगा तो सारी बातें बेमानी होगी 2029 में होगा या 2034 में होगा कुछ भी क्लियर नहीं है.

लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल का महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर शुभकामना संदेश

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । महापौर सुषमा खर्कवाल ने संसद द्वारा महिला आरक्षण बिल पास होने पर हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देते हुए इसे राजनीति का अमृत काल बताया।

महापौर ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि तीन दशकों की अटकलों के बाद महिला आरक्षण बिल को (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) आज नए संसद भवन में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पेश किया, जिसे ध्वनिमत के जरिए लोकसभा से पास किया गया। दोनों सदनों से इस बिल के पास होते ही संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तय हो जाएगा। इस बिल से अब विधान सभाओं और लोकसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि यह बिल विकसित भारत की अवधारणा है। नारी शक्ति को यह वंदन हमारी 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' की नीति का परिणाम है। हम जब यह कहते हैं जो पहले नहीं हुआ वो अब हो रहा तो उसका कारण ऐसे कलजायी फैसले हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, समर्थ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन और सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना जैसी तमाम स्कीम हैं जिनके माध्यम से हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है।

केरल पर अभी नहीं टला निपाह का खतरा...CM पिनराई विजयन

तिरुवनंतपुरम. केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि कोझिकोड जिले में निपाह का प्रकोप नियंत्रण में है, लेकिन संक्रामक बीमारी का खतरा अभी टला नहीं है. उन्होंने कहा कि फिलहाल निपाह प्रकोप की दूसरी लहर की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, "यह नहीं कहा जा सकता कि निपाह का खतरा पूरी तरह टल गया है." विजयन ने कहा कि राज्य का स्वास्थ्य तंत्र घातक वायरस के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सकता है. 'स्वास्थ्य तंत्र सावधानी से काम कर रहा है. वायरस का जल्दी पता चलने से खतरनाक स्थिति टल गई.'

हरियाणा में टोलप्लाजा कर्मी गुंडागर्दी पर उतारू, सत्तारूढ़ भाजपा के कार्यकताओं की बंद गुंडागर्दी और पंजाब की तरह हों टोल खत्म

अर्थव्यवस्था की दृष्टि से हरियाणा पर बढ़ा 3 लाख करोड़ का भारी भरकम कर्ज- अशोक तंवर

सरकार के सभी किए वादे रहे धरे के धरे- अशोक तंवर

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर ने मंगलवार को प्रचार समिति, आम आदमी पार्टी के कार्यालय का शुभारंभ किया और उसके बाद प्रेसवार्ता की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं, दुकानदारों, मजदूरों और व्यापारियों से वादे किए, लेकिन वो वादे ऐसे ही धरे रह गए। ऐसे में साढ़े नौ वर्ष बीतने के बाद देश और प्रदेश की जनता परिवर्तन करने का मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि जहाँ प्रदेश में हर कोई धरने प्रदर्शन कर रहा है, वहीं प्रदेश में जितने भी टोल प्लाजा हैं वो गुंडागर्दी का पर्याय बन गए हैं। उन्होंने कहा कि खरखौदा के गांव टोल प्लाजा पर टोल मांगने पर सोनीपत के भाजपा जिला अध्यक्ष और ब्लॉक समिति अध्यक्ष की गुंडागर्दी पूरे प्रदेश ने देखी। गन्नौर के भिगान टोल प्लाजा के कर्मियों ने महिला और एक व्यक्ति को दौड़ा- दौड़ा कर पीटा, वहीं नांगल चौधरी के सिरोही बहाली टोल प्लाजा के कर्मियों ने किसानों के साथ मारपीट की। ऐसे टोलों को बंद कर देना चाहिए ताकि टोलकर्मियों और सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के कार्यकताओं की गुंडागर्दी बंद हो सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने लगभग 18 महीने में 12 टोल खत्म कर दिए हैं। उन्होंने खट्टर सरकार

से हरियाणा टोल बंद करने की मांग की।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश पर लगभग 3 लाख करोड़ का कर्जा हो तो इससे समझा जा सकता है कि उसकी मली हालत क्या होगी। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पूरे देश में हरियाणा की चौथे नंबर पर सबसे खराब परफॉर्मिंग हैं।

हरियाणा के राजस्व का 20 फीसदी कर्ज के ब्याज पर खर्च होता है। इसके बावजूद ये इतनी बेशर्म सरकार है कि न ये अर्थव्यवस्था ठीक रख सकते और न व्यवस्था ठीक रख सकते। बार बार बिजली आंदोलन चल रहा है फिर भी बिजली नहीं आती और कहते हैं बिजली की कोई दिक्कत नहीं है। प्रदेश की जनता को प्रमाण की जरूरत नहीं है कि आज हरियाणा के हालात क्या हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेश में बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। जब इसकी शुरूआत हुई थी तो केवल नाम का संगठन था, लेकिन अब काम का संगठन तैयार हो गया है। अब ऐसा संगठन तैयार हो गया है जिसकी एक मजबूत आधारशिला है। आम आदमी पार्टी की लोकसभा, जिला और ब्लॉक स्तर की कमेटियां बन गई हैं। इसके अलावा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, छात्रों, मजदूरों और किसानों का संगठन बनकर तैयार हो गया है। पिछले दिनों सर्कल इंचार्ज बनाए गए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भिवानी से परिवार जोड़ो अभियान का आह्वान किया था। एक पार्टी इस देश, प्रदेश और परिवारों को तोड़ने में लगी हुई है और जो विपक्ष में बैठी है वो पार्टी देख रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी का परिवार जोड़ो अभियान में जोर शोरों से चला हुआ है। इसके बाद वार्ड और पंचायत स्तर पर 21 सदसीय कमेटी बनाई जाएगी। ये 21 सदस्यीय कमेटी पन्ना प्रमुखों के पन्ने फाड़ देगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि प्रदेश के हर गांव में आम आदमी पार्टी के कार्यालय खोलने हैं। ताकि लोग अपनी शिकायत और परेशानियां हमें बता सकें। उन्होंने कहा कि जिस दिन अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दो लाख से ज्यादा कार्यकताओं को शपथ दिलाने आएंगे, उस दिन स्पष्ट हो जाएगा कि आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। 2024 में पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

इस मौके पर लोकसभा प्रभारी राजिंदर शर्मा, जिला प्रभारी हरिंदर भाटी, लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी परवेश मेहता, स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी राकेश भड़ाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज प्रेमी, , हरदीप, जीत ठाकुर, विनोद भाटी, महावीर तंवर और धर्मबीर भड़ाना मौजूद रहे।

सियाचिन में महिलाएं तैनात हो सकती हैं, तो पुरुष भी सेना में नर्स हो सकते हैं, दिल्ली HC की टिप्पणी

नई दिल्ली. दिल्ली हाई कोर्ट ने सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि जब महिला अधिकारी को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है, तो सेना में किसी पुरुष को नर्स के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है. मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ सैन्य प्रतिष्ठानों में केवल महिला नर्सों की नियुक्ति की कथित असंवैधानिक प्रथा के बारे में एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सेना में प्रथाएं लंबे समय से चली आ रही

परंपराओं पर आधारित हैं. हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार अभी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए एक कानून लेकर आई है. पीठ ने कहा, "जी, संसद में...एक ओर आप महिलाओं को सशक्त करने की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर आप कह रहे हैं कि पुरुष की नर्स के तौर पर नियुक्ति नहीं की जा सकती. अगर एक महिला (अधिकारी) को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है, तो एक पुरुष आर एंड आर (अस्पताल) में काम कर सकता है."

लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिएःHC

पीठ ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल होने की अनुमति दी है और बार-बार माना है कि कोई लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए. भाटी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार ने इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर दिया है. याचिकाकर्ता 'इंडियन प्रोफेशनल नर्सेज एसोसिएशन' की ओर से पेश वकील अमित जॉर्ज ने कहा कि अब सभी अस्पतालों में पुरुष नर्स हैं और यहां तक कि शीर्ष अदालत ने भी कहा है कि सेवाओं में लिंग के आधार पर भेद करने की प्रथा का सेना में भी कोई स्थान नहीं है.

नई संसद के पहले दिन कंगना रनौत, ईशा गुप्ता, सपना चौधरी और बबीता फोगाट जैसी हस्तियां पहुंची

मनोज तिवारी ने शेयर किया फोटो

नई दिल्ली. भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 19 सितंबर का दिन हमेशा के लिए अमर हो गया. आज भारत की संसद अपनी पुरानी इमारत से नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया. पिछले 75 साल से जिस 96 साल पुरानी इमारत में संसदीय कार्यवाही चल रही थी, उसका आज आखिरी दिन था. इस इमारत को विदाई देने पक्ष-विपक्ष के तमाम सांसद तो पहुंचे ही कई फिल्मी कलाकारों ने भी इस मौके को हाथ से जाने नहीं दिया. आज का दिन एक और मायने में भी खास है क्योंकि नई संसद में पहला विधेयक ही ह्यनारीशक्ति वंदन विधेयकह्न को पेश किया गया. इस मौके पर कई महिलाओं के साथ फिल्मी कलाकारों ने भी देखा. नए संसद भवन में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी के सांसद मनोज तिवारी के साथ फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, निशा गुप्ता, लोक गायिका सपना चौधरी और रेसलर बबीता फोगाट भी नजर आईं.

कई मायने में आज का दिन अहम है. संसद की नई बिल्डिंग में केंद्र सरकार ने संसद के निचले सदन में राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई 33% आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासि-ाक ह्यनारीशक्ति वंदन विधेयकह्न को लोकसभा के पटल पर रखा. इस महिला विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी/एसटी आरक्षित सीटों में से एक तिहाई सीटें भी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी.

पहले दिन ही महिला वंदन विधेयक पेश

इसे केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है. इस विधेयक में कहा गया है कि महिलाओं के लिए आरक्षण को ताजा जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू किया जाएगा, जो यह बताता है कि बदलाव 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद लागू हो सकते हैं. इसमें कहा गया है कि आरक्षण शुरू होने के 15 साल बाद प्रावधान प्रभावी रहेंगे.

महिलाओं की भागादारी बढ़ेगी

लोकसभा में बुधवार को भी महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक पर चर्चा शुरू होगी. लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा. आज सुबह से ही दिल्ली सहित देश के दूसरे राज्यों से महिलाएं संसद भवन पहुंचना शूरू कर दी थीं. तकरीबन 1.30 बजे से संसद की नई बिल्डिंग में कार्यवाही शूरू

हिमंत बिस्वा सरमा ने जबरन धर्मांतरण को बताया पाप

रायपुर. असम में मदरसों को बंद करने की अपनी नीति का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सशक्तिकरण पर जोर दिया. छत्तीसगढ़ में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में हिस्सा लेने आए असम के सीएम ने कहा, "हमने असम में मदरसे बंद कर दिए, हमने कहा कि लड़कियों को इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई करनी चाहिए... असम में कुल 1500 मेडिकल सीटें हैं और 285 सीटों पर मुस्लिम बच्चे पढ़ रहे हैं इसलिए हम सशक्तिकरण की बात करते हैं. अगर ये छात्र मदरसों में पढ़ते तो ये 285 छात्र कभी डॉक्टर नहीं बन पाते, इसलिए हमें तुष्टिकरण नहीं करना चाहिए, हमें लोगों को सही दिशा दिखानी चाहिए, यही एक राजनेता का कर्तव्य है..."

हिमंत बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर भी अपनी राय जाहिर की. उन्होंने रायपुर में कहा, "जिस तरह से छत्तीसगढ़ में खुलेआम धर्मांतरण हो रहा है, यह देश के लिए अच्छा नहीं है... अगर शिक्षित लोग स्वयं धर्म परिवर्तन करने का निर्णय लेते हैं, तो मुझे कोई समस्या नहीं है, लेकिन चिकित्सा सुविधाओं और शिक्षा की पेशकश करके, गरीब लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए लालच नहीं दिया जाना चाहिए, यह पाप है."

महिला सशक्तिकरण बिल पर घमासान, जनप्रतिनिधी किसने क्या कहा ?

दैनिक समाज जागरण

भाजपा द्वारा लोकसभा में महिला सशक्ति बिल लाने की प्रतिक्रिया पर जदयू प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार राव ने कहा कि नीतीश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल पेश की है ,सरकार की शानदार आरक्षण नीति की वजह से आज हर क्षेत्र में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है. वहीं दूसरी तरफ गया जिला राजद के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव ने महिला सशक्तिकरण बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है, जनता को महिला सशक्तिकरण बिल को पास करने की बात कर चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है. जबकि भाजपा सरकार की मनसा महिला सशक्ति बिल के प्रति साफ नहीं है . उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण बिल

अरुण कुमार राव जदयू प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी

पास करवाना चाहती है तो महिलाओं की आ-रक्षण देकर महिलाओं की सशक्तिकरण बिल पास करें ताकि हर जाति समुदायों की महिलाओं का आरक्षण का लाभ मिल सके और अपने अधिकार का प्रयोग कर सके. भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश प्रसाद सोनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण बिल लोकसभा में भाजपा सरकार ने लाकर महिलाओं के प्रति हक अधिकार देने का कार्य कर रही है जो स्वागत योग कम है. उन्होंने आगे कहा कि जो सरकार 50 वर्षों में कार्य को नहीं कर सके आज मोदी सरकार हर कार्य को पूरा करने में अपनी भागीदारी निभा रही है . उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण बिल महिलाओं के लिए कारगर साबित होगी. वहीं सामाजिक महिला श्रीमती सुधा आनंद ने लोकसभा में महिला सशक्तिकरण बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कार्य कई वर्ष पूर्व कर देनी चाहिए थी, लेकिन सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने महिला सशक्तिकरण बिल की मुद्दा को पास करने की जगह ठंडा बसते में रखना ज्यादा मुनासिब समझा.

वेदों का ज्ञान और आध्यात्मिक चिंतन

भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति के वैश्विक प्रभाव की अपार संभावनाएं।

दैनिक समाज जागरण

G20 सम्मेलन में भारतीय सनातन, वैदिक चिंतन तथा संस्कारो के व्यापक प्रचार प्रसार और मॉडल बनाए जाने के फल स्वरुप भारतीय वैदिक दर्शन तथा सनातन चिंतन के वैश्विक प्रभाव में ईजफा होने की अपार संभावनाएं निहित है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंदिरों के दर्शन करके ईश्वर का आशीर्वाद भी लिया और दुनिया को दर्शा दिया है कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है तथा सनातनी तथा वैदिक संस्कृति सर्वश्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है ।भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी'

गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,

टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो' जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।

पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

स्वयं अहंकार व अभिमान दूर रखना ही मार्दव धर्म

दैनिक समाज जागरण

बुराईयों का अभाव होने से व्यक्ति में धर्म का प्रादुभाव होता है। अन्तर्मन से क्रोध तिरोहत हो जाता है तब क्षमा गुण प्रकट होता है औ अहंकार, मान, अभिमान नष्ट हो जाने पर, मान कषाय नष्ट हो जाने पर मार्दव गुण प्रकट हो जाता है, वही धर्म का एक अंग है। मृदुता का भाव मार्दव है, सरलता है। सरल स्वभावी मार्दव स्वभावी व्यक्ति सुगति को प्राप्त होते हैं। मानी-घमण्डी लोगों के इस लोक व्यवहार में भी बहुत दुश्मन बन जाते हैं। उन्हें कोई पसंद नहीं करता। सरल-सज्जन व्यक्ति को सब लोग अच्छी निगाह से देखते हैं, उनके कार्य भी सुगमता से संपन्न होते जाते हैं।

मार्दव धर्म मान कषाय के अभाव में उत्पन्न होता है। रावण जैसा शक्तिशाली, ज्ञानी, धनवान अनेक ऋद्धियों का स्वामी, उच्च कुलीन, सुंदर, पुण्यात्मा और धार्मिक होते हुए भी अव अपने अहंकार के कारण इस लोक में निंदा को प्राप्त हुआ और मरकर पर लोक में नरक गया। जब भी मान की बात आती है तो रावण का नाम सबसे पहले लिया जाता है जिसके कारण उसने अपना सर्वस्व गंवा दिया।? मान आठ प्रकार का बताया है- धन का मान, बल का मान, बुद्धि का मान, तप का मान, उच्च कुल का मान, सुदर शरीर का मान और उच्च पद का मान। जो इन आठों को पाकर भी घमंड, अहंकार नहीं करता उसको मार्दव गुण होता है।

ज्ञान मद का प्रसिद्ध किस्सा है - एक प्रोफेसर साहब बहुत पढ़े लिखे थे। उन्हें अपनी शिक्षा का अहंकार था, वे सोचते थे, इसके बल पर कोई भी कार्य सिद्ध किया जा सकता था। एक दिन उन्हें नदी पार करने का अवसर आया, नाविक से मिले व नाव में बैठ गए। बैठते ही थोड़ी अकड़ मारने लगे, अहम-दिखाने लगे। क्यों रे, कहां रहता है, क्या करता है ? ढंग से बैठा कर। होता है किन्हीं के कपड़े ही बढ़िया होते हैं पर मन उतना हैण्डसम नहीं होता। सामने वाले की उतारने पर लगा रहता है। प्रोफेसर नाविक से पूछते हैं क्यों तुझे गणित आता है ? नाविक ने कहा, नहीं पढ़ा क्योंकि बचपन से इसी काम में लगा हूँ। प्रोफेसर साहब ने कहा ओहो ! फिर तो तू समझ तेरी 25 प्रतिशत जिन्दगी पानी में चली गई।



अब समझ गए कि पढ़ा लिखा नहीं तो आगे पूछा- तुम्हें विज्ञान - भूगोल आता है ? नाविक बिचारा गरदन झुकाते हुए संकोच से कहता है नहीं । प्रो. ने फिर कहा- 50 प्रतिशत जिंदगी पानी में गई। क्या काम का जीवन है, कुछ ज्योतिष - मंत्र- तंत्र भी आता है कि यूँ ही? नाविक ने शब्द ही पहली बार सुने थे, क्या बताता? अब तो तू गया काम से समझ ले 75 प्रतिशत जिन्दगी पानी में चली गई। यह बातें चल ही रहीं थीं इतने में नदी में तूफान आ गया। हवा के थपेड़ों के संग नाव डगमगाने लगी। अब प्रोफेसर साहब घबड़ाने लगे, नाविक ने बड़ी विनम्रता से पूछा- साब! क्या आपको तैरना आता है ? प्रो. ने कहा नहीं। मुस्कुराते हुए नाविक बोला- मेरी तो 75 प्रतिशत जिन्दगी पानी में चली गई पर आपकी तो 100 प्रतिशत जिन्दगी पानी में जाने वाली है । जीव का स्वभाव ज्ञान है, कम - ज्यादा सबके पास है, यह पक्का है पर यह मद करने के लिए नहीं, सदुपयोग करने के लिए है।

दूसरा पूजा का मद- लोक में प्राप्त पूजा-प्रतिष्ठा, आदर सम्मान, यशकीर्ति अथवा राजा-मंत्री, सेठसाहूकार आदि रूप पदों का गजब का घमण्ड होता है। कब पांसा पलटे और कब कुर्सी से उतर जाए क्या भरोसा ? जब जो मिलता है, फूलना नहीं, बल्कि अच्छे से कर्तव्य निभाना चाहिए। नादान प्राणी अपने नाम का मान करने लगते हैं।

कुल का मद- अमुक परिवार का हूँ। मेरे दादा अमुक हैं, पिता के जोर पर दूसरों पर हक जताना, रौब दिखाना । कुल का गौरव करें, अहंकार नहीं। माता-पक्ष के गीत गाते रहते हैं। अच्छा मिल गया है सौभाग्य से। थोड़ा मिल क्या गया कि किसी को कुछ नहीं समझते। उच्च कुल वंश का अभिमान नहीं करना चाहिए। बल पर घ्मण्ड करने वाले बड़े-बड़े पहलवान नहीं रहे। अंत समय में ह्यगामा पहलवान को मक्खी उड़ाने का भी बल नहीं रहा था। एक विदेशी पहलवान को कुछ ज्यादा ही अकड़ थी, मांसाहार करता था, कहता भारतीयों को तो यूँ ही चटनी बना दूंगा। सब जानते हैं भारतीय पहलवान विजेन्द्रसिंह जो सिर्फ दूध पीता था, उसके सामने वह मांसाहारी चित्त हो गया, शाकाहारी जीत गया। परंतु ध्यान रखिये, यदि आप अपनी शक्ति का दुरुपयोग करेंगे तो प्रकृति आपका बल छीन लेगी । आचार्य श्री सुनरलसागरजी कहते हैं कि यह शाश्वत सिद्धान्त है कि मानी जीव नियम से गिरता ही है । मनोबल, वचनबल, कायबल, धनबल, जनबल, सैन्यबल, अस्त्रबल, मित्रबल आदि सभी क्षयोपशमिक हैं जो घटता-बढ़ता है, अनन्त वीर्यपना शाश्वत है ।

शरीर मद- शरीर के मद का कभी कभी गजब का पागलपन देखने को मिलता है। उसका मद करना ठीक नहीं है। जो आज विश्वसुंदरी हैं, कल उन्हें पीछे रह जाना है। वपु अर्थात शरीर का मद नहीं करें, दान करें, यात्रा करें, धर्मध्यान करें, व्रतों का पालन करें। मद इतनी जल्दी पीछा नहीं छोड़ता। तप मद- मान लो, शरीर को अनशनादि की तपस्या कर सदुपयोग भी किया तो भी मन में कहीं तप का मद आ जाता है, ह्यमैंने इतने उपवास किएह्न, अमुक नीरस किए तो फिर तमुक जो नहीं करता उसका उपहास कर देते हैं। ऐसा मद फिर सम्यग्दर्शन का घात करता है। एक मुनिराज के तप के घमण्ड के कारण पूरी द्वारिका नगरी भस्म हो गई थी और वे स्वयं उसमें भस्म हो गये थे। रावण जैसों का घ्मण्ड नहीं रहा, सामान्य व्यक्ति की तो बात ही कहां है। मद-मान-घमण्ड कभी अच्छा नहीं होता, इनका त्याग करना सरल वृत्ति अपनाना ही मार्दव धर्म है।

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज'

गाओ, मंगल गाओ महिलाओ

दैनिक समाज जागरण

संसद के विशेष सत्र को लेकर रहस्य और रोमांच अब सामने आने लगा है । नयी संसद में पुराने मुद्दों पर विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने पहली बार विवेकपूर्ण कार्य किया है। कांग्रेस द्वारा रोप गए तुलसी के इस पौधे को भाजपा ने मजबूरी में ही सही लेकिन न सिर्फ अपनाया बल्कि उसमें पानी भी देने का साहस दिखाया है । इसलिए ये अवसर बधाई और शुभकामनाओं का अवसर है । देश की महिलाओं को एक नया अधिकार हासिल करने की इस सुखद खबर के बाद मंगल गीत गाना चाहिए और केंद्र सरकार तथा विपक्ष को एक -दूसरे को बधाई बधाइयां देकर दरियादिली का मुजाहिरा करना चाहिए।

देश की आधी आबादी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल करने की मांग और कोशिश नई नहीं है । देश की जनता को तमाम महत्वपूर्ण अधिकारों से लैस करने वाली कांग्रेस ने लम्बे समय तक देश में सत्ता करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार देने की पहल भी की लेकिन देश की राजनीति में उदारता न होने से ये कोशिश नाकाम रही। सरकारें आती-जाती रहीं लेकिन कोई इस अधिकार को कानूनी जामा पहनाने में कामयाब नहीं हुआ। अब लगता है की देश की महिलाओं का सपना पूरा होगा ,क्योंकि सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर शायद एक राय होकर इस विद्येयक को पारित करने में सहयोग कर दें।

जहाँ तक मुझे याद आता है कि महिला आरक्षण विधेयक तत्कालीन प्रधानमंत्री पीव्ही नरसिम्हा राव की सरकार के समय पहली बार वजूद में आया था । कांग्रेस ने शिक्षा ,सूचना,और भोजन के अधिकारों के बाद महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में भी आरक्षण देने के बारे में सोचा। लेकिन कांग्रेस का सपना साकार नहीं हुआ। 1996 में पहली बार महिला आरक्षण विधेयक की विधिवत रचना की,उस समय एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री थे । महिला आरक्षण विधेयक पहली बार 1996 में संसद में पेश किया गया ,लेकिन पारित नहीं हुआ । उसके बाद 1998 और 1999 में भी इसे पारित करने की कोशिश की गयी लेकिन कामयाबी नहीं मिली ।सरकारें आती-जातीं रहीं लेकिन महिलाओं को अधिकार देने का ये विधेयक राजनीतिक कारणों से आधार में लटका रहा। कितने ही प्रधानमंत्री आये और चले गए लेकिन बात नहीं बनी । भाजपा की सरकार भी इस बीच बनी । पहले 13 दिन की फिर पूरे पांच साल की किन्तु भाजपा सरकरर के सबसे ज्यादा सम्माननीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी इस लंबित विधयेक पर आम सहमति नहीं बना पाए। नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। आखिरी बार 2010 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस विधेयक को संसद के सामने फिर पेश किया। यह राज्यसभा से पास हुआ लेकिन लोकसभा में फिर अटक गया। पूरे दस साल चार दिन सत्ता में रहने के बाद डॉ मन मोहन सिंह भी महिला आरक्षण विधेयक को कानून बनाने का सपना लिए देश की सत्ता से बाहर चले गए।

मजे की बात ये कि देश में बीते 9 साल 114 दिन से देश की सेवा कर रही भाजपा सरकार को भी जाते-जाते इस महत्वपूर्ण विधेयक की याद आयी है। आप इसे विसंगति कहें या दुर्भाग्य कि भाजपा और कांग्रेस ने लगातार महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया फिर भी बात बनी नहीं । जातिगत राजनीति करने वाले क्षेत्रीय दलों ने इसका विरोध किया था। महिलाओं के कोटे के भीतर उप-कोटा की मांग इस बिल की बड़ी बाधा बन रही है ।वर्तमान प्रतिनिधित्वः लोकसभा की कुल सदस्य संख्या में महिला सांसदों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से कम है, और कई राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से कम है।

इस विधेयक को दोबारा पास करना भाजपा की राजनीतिक विवशता है क्योंकि अब उसके तरकास में कोई ऐसा तीर नहीं बचा है जो निशाने पर ॅ। इस विधेयक का विरोध करने वाले दल आज संयोग से कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन आईएनडीआईए के साथ है । ऐसे में भाजपा को साहूलियत है कि वो इस विधेयक के जरिये या तो राजनीति करे या फिर एक बार फिर सचमुच महिलाओं के अधिकारों के लिए सनकीर्णता से ऊपर उठकर इस विधेयक को पारित कराये । इसके लिए भाजपा को अपनी चाल,चरित्र और चेहरे में तब्दीली लाना पड़ेगी । इस समय भाजपा जिस ऐंठ के साथ सत्ता चला रही है और सियासत कर रही है उसे देखकर डर लगता है ,किन्तु संख्या बल इस समय समय ऐसा है कि यदि भाजपा ईमादारी और सौहार्द से काम ले तो विधेयक पारित हो सकता है। इस विधेयक को लेकर कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने 2017 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खत लिखा था ,लेकिन सोनिया कहें और मोदी जी सुनें ये तो मुमकिन नहीं था। कांग्रेस ने पुराने संसद भवन से विदाई के समय भी इस मुद्दे पर अपनी मांग दोहराई ,मजे की बात ये कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने तब अपने भाषण में इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया था।

हमेशा चौंकाने की राजनीति करने वाले प्रधानमंत्री जी ने आनन-फानन में कैबिनेट की बैठक में इस महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराया। आप जब ये आलेख पढ़ रहे होंगे तब मुमिकन है कि विधेयक लोकसभा के पटल पर रखा भी जा चुका हो । संयोग से आज लोकसभा में इस विधेयक के सबसे बड़े विरोधी मुलायम सिंह यादव, लालू यादव और शरद यादव सदन में नहीं है। दो तो भगवान को प्यारे हो चुके हैं और तीसरे लालो जी जमानत की जिंदगी जी रहे है। मुझे याद है कि इस विधेयक का विरोध करते हुए बड़बोले स्वर्गीय . शरद यादव ने तो यहां तक कहा था कि ह्लआपको क्या लगता है, छोटे बाल वाली महिलाएं हमारी महिलाओं के बारे में बोल पाएंगी ?ह्व

हमारे शहर में जन्में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी ने भी 1998 और 1999 में भी इस विधेयक को पारित करने की कोशिश की लेकिन विपक्ष, विशेषकर सपा और आरजेडी के विरोध के कारण यह पास नहीं हुआ ।कांग्रेस के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 2002 में एक बार और 2003 में दो बार बिल पेश किया, लेकिन बहुमत होने के बावजूद बिल पास नहीं करवाया जा सका ।

इस समय भाजपा सरकार मुद्दा विहीन है । सनातन पर हमले के बाद उसकी सुरक्षा और जी -20 की कथित कामयाबी से भी भाजपा की बात बन नहीं रही है,ऐसे में यदि महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाता है तो सचमुच भाजपा के तरकश में एक नया रामबाण आ जायेगा। इस समय भाजपा इस विधेयक को ध्वनिमत से भी पारित करा सकती है हम सबको ईश्वर से कामना करना चाहिए कि भाजपा के खाते में ये उपलब्धि भले शामिल हो लेकिन कम से कम देश की महिलाओं को तो सांसद और विधानसभाओं में पर्याप्त संख्या में baithne का अवसर मिल सकेगा ।

@ राकेश अचल

ऋषि पञ्चमी

ऋषि पञ्चमी का व्रत भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की पंचमी को सम्पादित होता है। प्रथमतः यह सभी वर्णों के पुरुषों के लिए प्रतिपादित था, किन्तु अब यह अधिकांश में नारियों द्वारा किया जाता है। हेमाद्रि[1] ने ब्रह्माण्ड पुराण को उद्धृत कर विशद विवरण उपस्थित किया है। व्यक्ति को नदी आदि में स्नान करने तथा आह्निक कृत्य करने के उपरान्त अग्निहोत्रशाला में जाना चाहिए, सातों ऋषियों की प्रतिमाओं को पंचामृत में नहलाना चाहिए, उन पर चन्दन का लेप, कपूर लगाना चाहिए, पुष्पों, सुगन्धित पदार्थों, धूप, दीप, श्वेत वस्त्रों, यज्ञोपवीतों, अधिक मात्रा में नैवेद्य से पूजा करनी चाहिए और मन्त्रों के साथ अर्ध्य चढ़ाना चाहिए।

अर्ध्यमन्त्र

कश्यपोत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रोय गौतमः।
जमदग्निर्वसिष्ठश्च सप्तैते ऋषयः स्मृताः॥
गृह्णन्त्वर्ध्य मया दत्तं तुष्टा भवत मे सदा॥

वराहमिहिर की बृहत्संहिता (13।5-6) में सप्तर्षियों के नाम आये हैं (जो पूर्व से आरम्भ किये गये हैं) यथा मरीचि, वसिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु; 13।6 में आया है कि साध्वी अरून्धती वसिष्ठ के पास हैं। इस व्रत में केवल शाकों का प्रयोग होता है और ब्रह्मचर्य का पालन किया जाता है। इसके करने से सभी पापों एवं तीनों प्रकार के दुःखों से छुटकारा मिलता है। [3] तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है। जब नारी इसे सम्पादित करती है तो उसे आनन्द, शरीर-सौन्दर्य , पुत्रों एवं पौत्रों की प्राप्ति होती है।

पश्चात्कालीन निबन्ध व्रतार्क, व्रतराज[4] आदि ने भविष्योत्तर से उद्धृत कर बहुत-सी बातें लिखी हैं, जहाँ कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर को सुनायी गयी एक कथा भी है। जब इन्द्र ने त्वष्टा के पुत्र वृत्र का हनन किया तो उन्हें ब्रह्महत्या का अपराध लगा। उस पाप को चार स्थानों में बाँटा गया, यथा अग्नि (धूम से मिश्रित प्रथम ज्वाला), नदियों (वषार्काल के पंकिल जल), पर्वतों (जहाँ गोंद वाले वृक्ष उगते हैं) में तथा स्त्रियों (रजस्वला) में। अतः मासिक धर्म के समय लगे पाप से छुटकारा पाने के लिए यह व्रत स्त्रियों द्वारा किया जाना चाहिए।

ऋषि पञ्चमी कथा प्रथम

एक समय विदर्भ देश में उत्तक नाम का ब्राह्मण अपनी पतिव्रता पत्नी के साथ निवास करता था। उसके परिवार में एक पुत्र व एक पुत्री थी। पुत्र का नाम 'सुविभूषण' था जो बहुत बुद्धि वाला था। राजा ने अपनी पुत्री का विवाह अच्छे ब्राह्मण के साथ कर दिया था। भगवान की कृपा से ऐसा विधान बना कि पुत्री विधवा हो गयी। अपने धर्म के साथ वह अपने पिता के घर ही रहने लगी। अपनी कन्या को दुःखी देखकर उत्तक अपने पुत्र को घर पर छोड़कर अपनी स्त्री व पुत्री को लेकर गंगा किनारे आश्रम बनाकर रहने लगे। कन्या अपने माता-पिता की सेवा करने लगी। एक दिन काम करके थक कर कन्या एक पत्थर की शिला पर आराम करने लेट गई। आधी रात में उसके शरीर में कीड़े उत्पन्न हो गये। अपनी कन्या के शरीर पर कीड़े देखकर ब्राह्मणी बहुत विलाप करके रोती रही और बेहोश हो गयी। होश आने पर कन्या को उठाकर उत्तक ऋषि के पास ले गई और कहने लगी कि इसकी हालत ऐसी क्यों हो गई? ब्राह्मणी की बात सुनकर उत्तक अपने नेत्रों को बन्द करके ध्यान लगाकर कहने लगे कि हमारी कन्या पूर्व जन्म में ब्राह्मणी थी। इसने एक बार रजस्वला होने पर घर के सब बर्तन आदि छू लिये थे। बस इसी पाप के कारण इसके शरीर पर कीड़े पड़ गये हैं। शास्त्रों के अनुसार रजस्वला स्त्री पहले दिन चान्डालनी दूसरे दिन ब्रह्म हत्यारनी तीसरे दिन पवित्र धोबिन के समान होती है और चौथे दिन वह स्नान करने के पश्चात शुद्ध हो जाती है। शुद्ध होने के बाद भी इसने अपनी सखियों के साथ ऋषि पंचमी का व्रत देखकर रुचि नहीं ली। व्रत के दर्शन मात्र से ही इसे ब्राह्मण कुल प्राप्त हुआ। लेकिन इसके तिरस्कार करने से इसके शरीर में कीड़े पड़ गये। ब्राह्मणी ने कहा ऐसे आश्चर्य व्रत को आप कृपा करके मुझे अवश्य बतायें। यह कथा श्री कृष्ण ने युधिष्ठर को सुनाई थी। जो स्त्री रजस्वला होकर भी घर के कामों को करती है वह अवश्य ही नरक में जाती है। पूर्व जन्म में वृजासुर का वध करने के कारण इन्द्र को ब्रह्म हत्या का महान पाप लगा था। उस समय ब्रह्मा जी ने उस पर कृपा करके उस पाप को चार स्थानों में बांट दिया था। पहला अग्नि की ज्वाला में, दूसरा नदियों की बरसाती जल में, तीसरा पर्वतों में, चौथा स्त्री के रज में विभाजित करके, उस पाप को शुद्धि के लिए ही हर स्त्री को ऋषि पंचमी का व्रत करना चाहिए।

ऋषि पञ्चमी कथा द्वितीय

सत युग में विदर्भ नगरी में श्येनजित नामक राजा हुये थे। वह ऋषियों के समान थे। उन्हीं के राज में कृषक सुमित्र था। उसकी स्त्री जयश्री अत्यन्त पतिव्रता थी। एक समय वर्षा ऋतु में जब उसकी स्त्री खेती के कामों में लगी हुई थी तो वह रजस्वला हो गई। उसको रजस्वला होने का पता लग गया फिर भी वह घर के कामों में लगी रही। कुछ समय बाद वह दोनों स्त्री-पुरुष अपनी-अपनी आयु भोग कर मृत्यु को प्राप्त हुए। जयश्री तो कुतिया बनीं और सुमित्र को रजस्वला स्त्री के सम्पर्क में आने के कारण बैल की योनी मिली। क्योंकि ऋतु दोष के अतिरिक्त इन दोनों का कोई अपराध नहीं था। इसी कारण इन दोनों को अपने पूर्व जन्म का समस्त विवरण याद रहा। वे दोनों कुतिया और बैल के रूप में उसी नगर में अपने बेटे सुचित्र के यहाँ रहने लगे। धर्मात्मा सुचित्र अपने अतिथियों का पूर्ण सत्कार करता था। अपने पिता के श्राद्ध के दिन उसने अपने घर ब्राह्मणों को जिमाने के लिये नाना प्रकार के भोजन बनवाये। जब उसकी स्त्री किसी काम के लिए रसोई से बाहर गई हुई थी तो एक सर्प ने रसोई की खीर के बर्तन में विष वमन कर दिया।

अपना गाँव-अपना बचपन

एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा,
नाव सथनी बाला खेड़ा,
कई एक नाई काका, कई एक
बढ़ई काका, माली काका,
और कई एक लुहार काका,
कुम्हार और हलवाई काका,
कच्चे पक्के घर थे, लम्बा गलियारा,
हर मनई बहुतै दिलदार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा ङ्घ..।

कही भी किसी के घर खा लेते,
हर घर में भोजङ्ग तैयार था,
खेतों की सब्जी, लोबिया की
छियाँ खूब मजे से खाते थे,
जिसके आगे शाही पनीर और
गाजर का हलुआ भी बेकार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेराङ्घङ्घ।

दो मिङ्गट की मैगी नही ही होती
थी, पर दुधबड़ियाँ तैयार थे,
आम, जामुन, नीम की छांव और
पीपल, बरगद सदा बहार थे ...
अपने गाँव के देशी आम, अमरूद,
खीरा, ककड़ी, भुट्टों का भरमार था,
कजरीतीज का दंगल और फागुन
की होली रंगों का त्योहार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेराङ्घङ्घ।

मुल्तानी माटी,रीठा से तालाबों
कुओं में जा जा कर नहाते थे ,
न साबुन, न सैंपू, न महकुआ
तेल, हमरे खातिर सब बेकार थे,
कबड्डी व गिट्टी फोड़ खेलते थे,
हमे नहीं क्रिकेट का खुमार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा ङ्घ..।

कहानी दादी नानी की सुनते,
रेडीओ, टी वी न अखबार था,
संग साथियों के घूम घूम कर
खुश थे, चाचा ताऊ का प्यार था,
गाय, भैंस अपनी थी, बैल गाड़ी
और टेढ़ा, बीघापुर का बाजार था,
बुलट थी न बाइक थी और नही
कार थी, घोड़े पर एक्का सवार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेराङ्घ..।

कूटीबाबा, ठाकुरद्वारा, हाँसूपुर,
अंबिका देवी, चंदिकन धाम,
महावीरन में बड़े मंगल के मेला,
सावन शिवजी का श्रृंगार था,
गाँव के प्राइमरी व मिडिल स्कूल
में कई गावों के पढ़ने वाले बच्चे,
हुबलाल कालेज में प्रिन्सिपल श्री
हरिश्चंद्र भार्गव की ग्रामर की कक्षा,
एक मील लम्बा सा गाँव मेराङ्घ.।

आज इस अनजान से शहर में वो
प्यार वो इज्जत कहाँ से लाऊं,
यही सोच सोच कर, हम गाँव
गेरावँ के देहाती बहुत दुख पाऊं,
वो बचपन का समय आदित्य
फिर आ जाय, तो बहुतै मजा पाऊँ,
फिर से असल जिन्दगी जी पाऊं,
उस माटी को सिर माथे लगाऊँ,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा,
नाव सथनी बाला खेड़ा ।
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा,
नाव सथनी बाला खेड़ा ।

कर्नल आदि शंकर मिश्र,'आदित्य' लखनऊ

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला ज्ञानकुम्भ में 11 दिन डुबकी लगायेंगे पुस्तकप्रेमी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । ज्ञान कुंभ की थीम पर राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन केटी फाउडेशन और फोर्स वन बुक्स द्वारा संयुक्त रूप से 22 सितंबर से गांधी जयंती तक बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में किया जा रहा है।

निःशुल्क प्रवेश वाले रोज सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक चलने वाले इस 11 दिवसीय पुस्तक मेले के बारे में संयोजक मनोज सिंह चंदेल से प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि इस वर्ष यह हमारा बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला होगा। लखनऊ के इस पुस्तक मेले ने देश के शीर्ष 10 पुस्तक मेलों में अपना स्थान बनाया है। मेले में इस वर्ष दिल्ली मुंबई रायपुर, नोएडा, गाजियाबाद, प्रयागराज, रायपुर, गुजरात राजस्थान के सरकारी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ बड़ी संख्या में अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषा के प्रकाशक वितरक और आयातक भाग ले रहे हैं। 11 दिवसीय पुस्तक उत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे पुस्तक विमोचन लेखकों से मिलें, कवि सम्मेलन, मुशायरा, युवा और बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

हजारों स्कूली बच्चे, शिक्षक, लेखक, नौकरशाह गृहिणियाँ और पुस्तक प्रेमी पुस्तक मेले का बेसब्री से इंतजार करते हैं। पुस्तक मेले के दौरान सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों एक विशेष आकर्षण होती हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञान का प्रकाश फैलाने और आजकल कम होती जा रही पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के मकसद से यह पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। शुक्रवार 22 सितंबर को शाम 5 बजे पुस्तक मेले का उद्घाटन करने के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को आमंत्रित किया गया है।

सह आयोजक आकर्षण जैन ने बताया कि हमेशा की तरह निःशुल्क प्रवेश होगा और पुस्तक प्रेमियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने आभासी दुनिया में किताबों के कभी न खत्म होने वाले फायदों के बारे में भी बात की किताबें सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं और सदियों से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। मेले के निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि प्रमुख प्रकाशकों के हजारों शीर्षकों के प्रदर्शन के लिए15

हजार वर्ग फीट का वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। पुस्तक प्रेमियों की सुरक्षित और आरामदायक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गये हैं। आकर्ष ने बताया कि मेले में राजकमल,वाणी- भारतीय ज्ञानपीठ, राजपाल लोकभारती प्रभात प्रकाशन,हिंद युग्मे, सामायिक सेतु सम्यक, प्रकाशन संस्थान, प्रकाशन विभाग, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण विभाग हिंदी संस्थान आदि के स्टाल प्रमुख होंगे।

महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जोन 01 से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। शहर में विकास कार्यों की समीक्षा कर उन्हें गति प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर सुषमा खर्कवाल जी के द्वारा जोनवार बैठक किये जाने के निर्देश दिए थे। जिस क्रम में आज दिनांक 19 सितम्बर को नगर निगम मुख्यालय स्थित राजकुमार श्रीवास्तव समिति कक्ष में महापौर के द्वारा जोन-1 के अभियन्त्रण विभाग कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

उक्त बैठक में महापौर के द्वारा पार्षदों के अनुरोध पर समस्त वार्डों में 10-10 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जोन-1 के सभी सुलभ शौचालय व उसके आस-पास से अतिक्रमण हटाये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। उदयगंज तिराहा एवं सब्जी मण्डी व 1090 चौराहे के आस-पास अतिक्रमण हटाये जाने हेतु पार्षद द्वारा दिए गए सुझाव पर सम्बंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। महापौर द्वारा जोन-1 के सभी पार्षदगणों को 50-50 स्ट्रीट लाईट दिनांक 30.09.2023 तक दिये जाने एवं प्रत्येक वार्ड में सीढ़ी व तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा सम्बन्धी उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश सहायक अभियन्ता (विद्युत) को दिये गए। पन्द्रहवें वित्त अवस्थापना व वार्ड विकास निधि के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को वार्ड वार सूचीबद्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही अमीनाबाद पुलिस चौकी व बी० एन० वर्मा रोड पर सीवर लाईन एवं मशकगंज-वजीरगंज वार्ड के दो मोहल्लों में पानी की पाईप लाईन डालने हेतु जलकल विभाग को महापौर महोदया द्वारा निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में कर निर्धारण एवं वसूली कैम्प लगाए जाने के निर्देश भी महापौर जी के द्वारा दिए गए। उक्त बैठक में जोन-1 के मा० पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त महोदय, जोनल अधिकारी, जोन-1, अधिशासी अभियन्ता (जलकल), जोन-1, नगर अभियन्ता, जोन-1, जोनल सेनेटरी अधिकारी, जोन-1 कर अधीक्षक, जोन-1, अवर अभियन्ता (मार्ग प्रकाश), जोन-1 राजस्व निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।

डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत, ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत विकास योजना के तहत जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक हुई संपन्न।

जिलाधिकारी ने निर्धारित थीम के अनुरूप कार्य योजना तैयार करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

गौतम बुद्ध नगर 19 सितंबर 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की

अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने बैठक का संचालन करते हुए अवगत कराया कि ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत भारत सरकार के द्वारा गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितेषी गांव सहित 9 थीम निर्धारित की गई हैं, जिनके अनुरूप ही प्रत्येक ग्राम पंचायत को अपनी थीम निर्धारित करते हुए कार्य योजना तैयार करनी है। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए की शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत में थीम का निर्धारण करते हुए कार्य योजना तैयार कराई जाए और ग्राम प्रधानों से वार्ता करते हुए थीम का निर्धारण कर थीम से संबंधित विभागीय अधिकारी को नामित कर दिया जाए, ताकि निर्धारित की गई थीम को लेकर जो कार्य योजना तैयार की जा रही है उसको मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 जनवरी तक, क्षेत्र पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 29 फरवरी व जिला पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 मार्च तक ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जनप्रतिनिधियों में ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

लखनऊ बार एसोसिएषन की आम सभा संचालन में सम्पन्न हुई

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । मंगलवार को लखनऊ बार एसोसिएषन, की आम सभा सुरेश पाण्डेय एडवोकेट अध्यक्ष, एवं कुलदीप नारायण मिश्र एडवोकेट महामंत्री, के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक-29/08/2023 को हापुड़ जनपद न्यायालय में पुलिस प्रषासन द्वारा अधिवक्ताओं पर बिना किसी कारण बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज के प्रकरण में उ0 प्र0 सरकार द्वारा दोशी पुलिस अधिकारियों/कर्मियों एवं अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम बनाने की दिषा में आज तक कोई भी संतोशजनक एवं प्रभावी कार्यवाही नही की गयी। जिससे उत्तर प्रदेष के अधिवक्ताओं

मे काफी आक्रोश व्याप्त है एवं उ0प्र0 के अधिवक्तागण लगातार आंदोलनरत है। पूर्व मे नियत कार्यक्रम के अनुसार लखनऊ बार एसोसिएषन, लखनऊ के समस्त अधिवक्तागण के कौटिल्य विधि भवन में एकत्रित हुए एवं गोरखपुर मे अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गयी घटना की सर्वसम्मति से निन्दा की गयी व सर्वसम्मति से निर्णय के उपरान्त शांतिपूर्वक ढंग से स्वास्थ्य भवन चैराहे पर समय दोपहर एक बजे उ0 प्र0 सरकार का पुतला फूका । ब्रस्पतिवार तक लखनऊ बार एसोसिएषन, के समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्ण रूप से विरत रहेगें तथा ब्रहस्पतिवार को दो बजे लखनऊ बार एसोसिएषन, में आम सभा आहूत कर अग्रिम रणनीति पर विचार विमर्ष किया जायेगा।

जनपद के कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिये दिनांक 20 सितंबर 2023 को विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का किया जाएगा आयोजन।

जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह के तृतीय बुधवार दिनांक 20 सितंबर 2023 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों का आह्वान किया कि किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। राकेश चौहान जिला

कर्मकार समीर दास के साथ संघातक दुर्घटना के संबंध में एक सप्ताह के भीतर कोई भी व्यक्ति अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप से कर सकते प्रस्तुत।

सहायक निदेशक कारखाना, उ0प्र0 नोएडा क्षेत्र गौतमबुद्धनगर बी0 के0 शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा गौतमबुद्धनगर प्रसंस्करण के दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 07.05.2023 को प्रकाशित खबर के अनुसार सेक्टर- 04 स्थित नोएडा गौतमबुद्धनगर स्थित एक फैक्टरी में दिनांक 05.05.2023 दिन शुक्रवार को रात में कार्य करते समय गिरने से कर्मकार समीर दास के साथ संघातक दुर्घटना घटित हुई थी। उन्होंने उक्त घटित संघातक दुर्घटना की जांच के सम्बन्ध में सर्व साधारण का आह्वान करते हुए बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता है तो एक सप्ताह के भीतर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक निदेशक कारखाना उत्तर प्रदेश सी 119 प्रथम तल सेक्टर 18 नोएडा कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं तथा अपने कथन के समर्थन में यदि कोई भी व्यक्ति साक्ष्य या सबूत देना चाहे तो उसे भी उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छंद हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

इनवायरमेंट सेवा संस्थान एवं चिरंजीवी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयास तालाब पर 150 वृक्ष रोपे गये

समाज जागरण

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में मंगलवार को इनवायरमेन्ट सेवा संस्थान एवं चिरंजीवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा थानाप्रभारी इनायतनगर अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सहुलारा तालाब पर बरगद पाकड़ एवं महोगनी के 150 पौधों का रोपण किया गया । कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहुलारा उदय प्रताप गौड़, सुरेंद्र कुमार मिश्र, आदित्य प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार मिश्र, भानू सिंह,

सिकंदर साहू, प्रिंस, कौशल विशाल सहित कई लोग उपस्थित रहे । थाना प्रभारी ने संस्था द्वारा चलाई जा रही पौध रोपण मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे पुराणों में एक वृक्ष दस पुत्र समान माना गया है और हर एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम 5 पौध रोपित कर बड़े होने तक उसकी देखरेख जरुर करें ।

कंपोजिट विद्यालय कोंछा बना नशेड़ियों का अड्डा

प्रधान और प्रधानाध्यापक ने पुलिस से की शिकायत

समाज जागरण

अयोध्या। जिले के बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र का कंपोजिट विद्यालय कोंछा नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम सिंह ने बताया कि स्कूल परिसर में विद्यालय बंद होने के उपरांत अराजक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है। जिससे आए दिन विद्यालय में कोई ना कोई घटना होती रहती है। उन्होंने बताया कि बीती रात अराजक तत्वों द्वारा चौकीदार को कमरे में बंद कर रसोई घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। जब चौकीदार ने ग्रामीणों को फोन द्वारा घटना के बारे में सूचित किया गया और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब

अराजक तत्व वहां से भाग खड़े हुए। बताया गया कि इस बाबत ग्राम प्रधान द्वारा भी कोतवाली को सूचित किया गया है।

ऐसी घटना आये दिन होती रहती है। कई बार चोरी हो चुकी है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय को लोगों द्वारा स्मैक और दारु पीने का अड्डा बना लिया गया है। यह जानकारी कंपोजिट विद्यालय कोंछा के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि आए दिन विद्यालय में ऐसी घटना होती रहती है।

कुएं में गिरने से युवक की हुई दर्दनाक मौत

समाज जागरण

अयोध्या । कुएं में गिरने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि हैदरगंज थाना अंतर्गत जाना बाजार बीकापुर मोड़ के पास सड़क के किनारे बाग में स्थित कुएं पर उगी झाड़ की सफाई करते समय 18 वर्षीय मोहम्मद असलम पुत्र घिर्राऊ सोमवार सायं कुएं में गिर गया। जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा कुएं में गिरे युवक को बचाने का प्रयास किया गया। और कड़ी मस्कत के बाद किसी तरह असलम को अचेता अवस्था में लोगों ने कुएं से बाहर निकला गया। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज ले जाया गया। चिकित्सक ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। हैदरगंज थाने के उपनिरीक्षक राहुल कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया

कि मृतक एक भाई और एक बहन थे। हैदरगंज थाना प्रभारी मोहम्मद अरशद ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही चल रही है।

राजकीय आईटीआई लखनऊ में 21 सितम्बर 2023 को रोजगार दिवस का आयोजन

19 सितम्बर 2023 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 सितम्बर 2023 को रोजगार दिवस के आयोजन में 18 कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि 18 कम्पनियों में जिन अभ्यर्थी की आयुसीमा 18 से 30 वर्ष तक तथा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटी-आई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक या बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण किया हो, वे रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे। अभ्यर्थी को वेतन 8,000 से 40,000 रुपये माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में पुरूष व महिला दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा कुल 1200 पदों पर चयन किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों में

1076 सीएम हेल्पलाइन सेंटर, लखनऊ, एसएमपीपी प्रा. लि., दिल्ली एनसीआर, एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्रा. लि., गुडगांव, जय भारत मारुति लि., अहमदाबाद टाटा मोटर्स लि., पंत नगर बजाज मोटर्स लि., मानेसर गुरुग्राम ईस्ट इंडिया टेक्नोलॉजी प्रा. लि., नोएडा रेडिएंट पॉलिमर्स प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात, सम्वर्धन मथरसन ऑटो कंपोनेंट्स, बावल हरियाणा, गुडविल हेल्थ केयर, दिल्ली, श्रीराम जीवन बीमा, आल यूपी स्टाफएव टेक्नोलॉजी प्रा. लि., लखनऊ, अमेजन प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात, डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा. लि., नोएडा, न्यू एलेन बेरी प्रा. लि., फरीदाबाद, हरियाणा, मिकी फोन प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा, एक्सपर्ट आईटी एकेडमी, लखनऊ और गोयल किचन इक्विपमेंट्स, लखनऊ है।

राम जन्मभूमि पथ पर लापरवाही बरतने पर दो अधिकारी हटाए गए

समाज जागरण

राजेश तिवारी अयोध्या। रामजन्मभूमि पथ के निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर राजकीय निर्माण निगम के दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। गत 9 सितंबर को भवन का निरीक्षण कर कैनौपी का निर्माण न होने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस काम को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद इन अधिकारियों का रवैया बेहद लापरवाही भरा बना रहा।

कमिश्नर गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार

निर्माण समिति की बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस पथ का निरीक्षण कर कर लापरवाही देखी। इस बारे में मीटिंग में आरोपी अधिकारी संतोषजनक जबाब भी नहीं दे पाए थे।

नृपेंद्र मिश्र की नाराजगी के बाद अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने आरएनएन के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर कहा कि रामजन्मभूमि पथ पर कैनोपी का निर्माण होना है। ये दोनों अधिकारी जीएम अजय मिश्रा और प्रोजक्ट मैनेजर अनूप शुक्ला इस काम में रुचि नहीं ले रहे रहे हैं। एक माह से गड् ढा खोद कर छोड़ा गया है। रामलला के दर्शन मार्ग के सबसे छोट व महत्वपूर्ण इस मार्ग से शेष काम में लापरवाही अक्षम्य है। कमिश्वर के इस पत्र के बाद आएनएन के एमडी योगेश पवार ने इन दोनों अधिकारियों को आरोप पत्र थमा दिया। कमिश्वर गौरव दयाल ने यह भी लिखाा कि इन दोनों अधिकारियों के रहते समय से यह काम पूरा होना संभव नहीं दिख रहा है। बताते चले कि 9 नवंबर की भवन निर्माण समिति की बैठक से बाद भी भी अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल और डीएम नीतिश कुमार ने इसी माह की 14 तारीख को रामजन्मभमि पथ के साथ 14 सितंबर को निमार्णाधीन जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ का निरीक्षण किया था। अधिकारीद्वय ने जन्मभूमि पथ में कार्यदायी संस्था यू0पी0 आरएनएन द्वारा बनायी जा रही कैनेपी का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि कैनेपी का कार्य तीव्र गति से पूर्ण गुणवत्ता से करते हुये कैनेपी निर्माण में जो पथ के पत्थरों को डिसमेंटल किया गया है उन लिए नये पत्थरों की व्यवस्था उसी पैटर्न के अनुसार लगाने की पूर्व से ही कर ली जाय। पर इसका भी कुछ असर नहीं दिखने के बाद यह कार्यवाही की गई।

बताते चले कि श्रीरामजन्मभूमि पर का निर्माण 39 करोड़ की लागत से हो रहा है। यह रामलला के दर्शन से जुड़ा सबसे छोटा मार्ग जिसकी लंबाई बिड़ला धर्मशाला से मात्र 566 मीटर है। इस पथ पर श्रद्धालुओं के लिए लाकर,बेंच, पेयजल, चिकित्सा और रामलला की आरती के लिए टोकन आदि की सारी व्यवस्था भी की गई है। अगस्त माह में यह मार्ग श्रद्धालुओं के लिए समर्पित किया जा चुका है। इसके बावजूद इस महत्वूपर्ण मार्ग का करीब 5 प्रतिशत निर्माण कार्य जस का तस पड़ा हुआ है।

महिला आरक्षण संबंधी विधेयक में पिछड़े वर्ग की महिलाओ को आरक्षण ना देना भाजपा की पिछड़ा वर्ग विरोधी सोची समझी रणनीति और साजिश का हिस्सा है।

महिला आरक्षण में पिछड़े वर्ग को क्षैतिज आरक्षण न देकर भाजपा पिछड़े वर्गों की राजनीति को नेस्तानबूत करना चाहती है।

संघ और भाजपा महिला आरक्षण मे पिछड़े वर्ग की गरीब वंचित कमजोर तबके की महिलाओ को आरक्षण न देकर उनको सदन से बाहर रखने की रणनीति बनाई है।

लखनऊ, 19 सितंबर 2023। पिछड़ा वर्ग विभाग उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय की धुर विरोधी है और आरएसएस घोर मर्दवादी संस्था है जो अपने गठन के सौ सालो मे भी एक महिला को संघ प्रमुख नही बना सका। ,महिला सशक्तिकरण के नाम पर भाजपा सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तबके की महिलाओं को आरक्षण न देकर गरीब वर्ग की महिलाओं को संसद से दूर रखने का प्रयास किया है। जिसे हम पिछड़े वर्ग के लोग बदर्शात नहीं करेंगे। ,यह उसी प्रकार की साजिश है जिस प्रकार से आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के नाम पर सिर्फ कुछ उच्च जातियों को आरक्षण देकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तबके के साथ

धोखा किया गया और सामाजिक न्याय का भाजपा ने गला घोटा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार की पिछड़ा, दलित आदिवासी के अधिकारों के प्रति नीयत ठीक नहीं है। यह इन शोषित वँचित जातियों के अवसर और समता के अधिकार आरक्षण की कट्टर विरोधी रही है इन शोषित वँचित तबके की महिलाओं को महिला आरक्षण के अंदर आरक्षण की अनदेखी करने पर कांग्रेस पार्टी इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

मनोज यादव ने कहा कि सर्वप्रथम दलित पिछड़े आदिवासी और अल्पसंख्यक तबके की जाति जनगणना करके उसके अनुपात में

पिछड़े दलित आदिवासियों और अल्पसंख्यक तबके की महिलाओं को भी सदन में आरक्षण दे।

मनोज यादव ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तीकरण के नाम पर कुछ अमीर और संसाधन सम्पन्न वर्ग की महिलाओं को ही सदन में भेजकर इस देश की बहुसंख्यक आबादी को उनके हक और सम्मान से वंचित करने की जो साजिश रच रही है उसको इस देश का बहुसंख्यक तबका बाखूबी समझ रहा है। जिसका मुकमल जवाब समय आने पर इस देश की जनता विशेषकर महिलाएं देने का कार्य करेंगी।

गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 395वाँ युगऋषि ऋषि वाङ्मय की स्थापना

"सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायन बना सकता है".....उमानंद शर्मा। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गतह्यह्यसिटी इंटरनेशनल स्कूल एवर ग्रीन कैम्पस देवां रोड लखनऊह्लह्ल के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 395वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती सावित्री शर्मा ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया। उमांनद शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्यसद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायन बना सकता है, श्री वी.के. श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे तथा संस्था की उपप्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

इस अवसर पर उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव, अनिल भटनागर, शिवम, बृजेश तथा संस्था की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बक्शी, प्रबन्धक पी.के. सिंह, उपप्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव, शिक्षक /शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रायें, मौजूद थे।

जदयू ने काली पट्टी बांध कर किया भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (औरंगाबाद) 19 सितंबर 2023 जिले के औरंगाबाद प्रखंड सहित विभिन्न पंचायतों में राज्यव्यापी अभियान के तहत जदयू कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर भाजपा के खिलाफ पोल खोलो अभियान चलाया।जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य के महागठबंधन की सरकार द्वारा किये जा रहे जाति गणना के दौरान भाजपा के इशारे पर हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गणना को रोकवाने का साजिश रचा जा रहा है। इसी साजिश को बेनकाब करने के लिए 20 सितम्बर तक गांव गांव जदयू कार्यकताओं द्वारा काली पट्टी बांधकर,काला झंडा लगाकर भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं उसके दोहरे चरित्र का पोल खोलेगी।

वहीं औरंगाबाद के पूर्व सांसद ,पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने भाजपा पर पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित, और अल्पसंखयक विरोधी होने का आरोप लगाया।अभियान मे शमिल जदयू के मुख्य प्रवक्ता सह काराकाट सांसद प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह उर्फ राजा बाबू ने कहा कि ,वन नेशन वन इलेक्शन का नारा देकर भारत के संघीय ढांचे को नेस्तनाबूत करने की साजिश रची जा रही है।

इस आभियान में जदयू जिला उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष ओंकारनाथ सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह, औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह, जिला सचिव रामानुज सिंह, जिला महासचिव धर्मेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष उदय सिंह, जिला महासचिव प्रभाकर कुमार सिंह, जिला महासचिव संजय राणा सिंह, फारूक केसर, आमोद चंद्रवंशी सहित अन्य शामिल रहे।

नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं की टोली ने केसपा ग्राम का किया भ्रमण

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल

टिकारी (गया) - नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में 'मेरी माटी - मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत आज युवाओं की टोली माँ तारा नगरी केसपा ग्राम का भ्रमण किया। केसपा गांव में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी दलू सिंह, वैद्यनाथ शर्मा और शाहिद रोशन कुमार के घर की पवित्र मिट्टी प्राप्त किया।

सर्वप्रथम नेहरू युवा केन्द्र की ओर से सौरव शर्मा, नवीन कुमार,क्षितिज कुमार और गौरव कुमार स्वतंत्रता सेनानी दलू सिंह के घर पहुंचे। स्वतंत्रता सेनानी दलू सिंह के परपौत्र सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने उन सभी का स्वागत किया एवं अपने घर की पवित्र मिट्टी उन्हें भेंट किया। सभी युवाओं ने दलू सिंह के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दलू सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानियों की गुप्त बैठक आयोजित हुआ करती थी। उस दौर में दलू सिंह एक जाने वाले घुड़स्वार थे, इसलिए वे गांव- गांव घूम कर युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित करते थे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजों ने दलू सिंह को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन साक्ष्य के अभाव में एवं उनके समर्थन में उमड़े जन सैलाब को देखकर अंग्रेजों ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। स्वतंत्रता सेनानी बैजनाथ शर्मा के पुत्र राजेंद्र शर्मा ने अपने घर की पवित्र मिट्टी भेंट किया

एवं शाहिद रौशन कुमार की मां ने गर्व के साथ अपने घर की पवित्र मिट्टी भेंट किया। तीन वर्ष पूर्व भारत - चीन सीमा पर मातृभूमि की रक्षा करते हुए रौशन कुमार शहीद हो गए थे।

मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम के द्वारा सभी स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया जा रहा है। हिमांशु शेखर ने कहा है कि स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए,एवं सभी विद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के नाम पर किया जाना चाहिए।

प्रखंड मुख्यालय में चिंतन शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 19 सितंबर 2023 :- प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद नीति आयोग द्वारा विभिन्न कारकों के आधार पर चिन्हित पिछड़े प्रखंडों का विकास करना है। नीति आयोग द्वारा 39 इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैं। जिसमें

हेल्थ एंड न्यूट्रिशन सेक्टर के 14 इंडिकेटर, एजुकेशन के 11 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर एंड एलाइड सर्विसेज से 5 इंडिकेटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से 5 इंडिकेटर एवं सोशल डेवलपमेंट से 4 इंडिकेटर पर काम करना है। हम सभी को साथ में मिलकर विभिन्न इंडिकेटर के आधार पर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी तैयार करनी होगी। जिसके आधार पर प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा है क्योंकि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्षेत्र के शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, बीपीआरओ हरेंद्र चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. यदुवंश यादव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्वेता कुमारी, विकास सिंह, मंसूर आलम आदि लोग उपस्थित थे।

आयुष्मान भव अभियान की शुरूआत से देश के गांवों - कस्बों तक मिलेगी मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

(देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशाल कायम करने की योजना को लागू किए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी)

स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भव अभियान की शुरूआत देश के गांवों व कस्बों के लिए बरदान साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में इस अभियान की सफलता हेतु आज औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने इस अभियान के प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की । प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने इस आयुष्मान भव अभियान को बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी द्वारा 2018 में शुरू किए गए इस योजना से अभी तक 5 करोड़ से अधिक लोगों का इलाज हुआ है। वहीं देश में अबतक 24 करोड़ 82 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्तमान आयुष्मान भव अभियान हर गांव - हर कस्बे तक पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की गारंटी देने का व्यापक राष्ट्रव्यापी प्रयास की शुरूआत है।यह अभियान स्वस्थ गांव, स्वस्थ ग्राम पंचायत और अंततः देश में पूर्ण स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।इस योजना के तीन स्तंभ हैं। जिसमें पहला स्तम्भ देश में लाखों हेल्थ और वेलनेस सेंटरों पर आयुष्मान मेले का आयोजन करना ,दूसरा आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में तेजी लाना ,और तीसरा आयुष्मान सभाएं कर स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता को फैलाने का काम करना।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चाहत है कि स्वास्थ्य मंत्रालय की योजनाओं का फायदा हर व्यक्ति तक पहुंचे और उन्हें मुफ्त में सारी सुविधाएं प्राप्त हो।इस अभियान में देश में एक लाख 17 हजार से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आयुष्मान मेला लगाकर हेल्थ की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर जांच के बाद मेडिकल कॉलेज में इलाज हेतु रेफर किया जाएगा।आज देश में 27 हजार से अधिक अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा मोदी सरकार द्वारा दी जा रही है।इस आयुष्मान भव अभियान के तहत अब कार्ड बनाने की प्रक्रिया को और आसान किया गया है।अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपने एंड्रायड फोन के जरीए Ayushman app डाउनलोड करके NHA DATA Privacy Policy accept करके,अपना सारा डिटेल भरकर इस कार्ड का रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता हेतु प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के दिशा निर्देश पर पूरे बिहार के प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम 10 लोगों को यह आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम करेंगे।आज पूरे देश का गरीब व मध्यम परिवार इस योजना से खुश हैं वहीं बिहार सरकार इस योजना पर ध्यान नहीं दे रही है।2018 से लागू इस योजना में पूरे राज्य भर में मात्र 13% लाभार्थियों का हीं गोल्डेन कार्ड बन पाया है।औरंगाबाद में अभी तक आयुष्मान कार्ड दो लाख चार हजार 640 लोगों का कार्ड बना है जबकि लक्ष्य 11 लाख 67 हजार 555 है।इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष वैभव विशाल टैगोर,जिला कोषाध्यक्ष आलोक सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,जिला प्रवक्ता दिपक सिंह,भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह,युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी टनटन सिंह,रौशन कुमार लोग उपस्थित रहे।

शिक्षित युवाओं को ग्रामीण विकास मिशन के तहत रोजगारः - आईएसीसीओ

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

औरंगाबाद । इंडियन एंटी क्राइम एंड करप्शन ऑर्गेनाइजेशन के तहत शिक्षित युवाओं को प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में रोजगार में मुहैया कराया जा रहा है। बिहार प्रदेश के अध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य है कि शिक्षित लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मुहैया कराया जाए साथ ही बताया कि नारी सशक्तिकरण, शैक्षणिक विकास व ग्रामीण सामाजिक विकास के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। प्राइवेट



बैंकिंग सेक्टर में युवाओं को रोजगार पाने के लिए 10+2(इंटीमीडिएट) पास होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार संस्था के कार्यालय पटेल कॉलोनी, नियर मनोकामना मंदिर, नागा बीघा रोड, औरंगाबाद, बिहार पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 9304 455 819 पर संपर्क कर सकते हैं। अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण के बाद कार्य कराया जाएगा।

क्रांतिकारी चिंतन व धारावाहिक संघर्षों के दम पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोप- गुट)"मूल" ने शिक्षकों की छुट्टी में भारी कटौती को वापस लेने के लिए सरकार को किया बाध्य- सत्येंद्र कुमार

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल

औरंगाबाद(बिहार)-"बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोप गुट)'मूल' ने अपने क्रांतिकारी चिन्तन और धारावाहिक संघर्षों के दम पर शिक्षकों की छुट्टी में भारी कटौती को वापस लेने के लिए बाध्य करते हुए सरकार के आसमानी अहंकार को नीचे झुकाया है ।"- उक्त बातें संघ के राज्य महासचिव सत्येन्द्र कुमार ने आज यहां रा कादरी मध्य विद्यालय,दाउदनगर के प्रांगण में संघ की जिला कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए कही ! उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा दिए राज्यकर्मी का दर्जा दिलाने हेतु हमारा संघ अपना संघर्ष जारी रखेगा तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करके इस संघर्ष को भटकाने के हर सरकारी प्रयास और तिकड़म को अंततः विफल करेगा.इस बैठक को संबोधित करते हुए संघ के राज्य स्तरीय सम्मानित-अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा संघ विद्यालयों के गहन निरीक्षण का विरोधी नहीं है लेकिन सरकार द्वारा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करने तथा शिक्षकों को अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठाने से रोकने के लिए निरीक्षण को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने के हर सरकारी कोशिशों का कड़ा प्रतिवाद करेगा ! उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार शीघ्र हीं शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक संगठनों से वार्ता कर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है तो फिर आगे हम बड़े दायरे के आंदोलन में उतरने के लिए बाध्य होंगे .संघर्षों की इसी कड़ी में हमने छुट्टी में कटौती के खिलाफ विगत 30 अगस्त 2023 से लेकर 05 सितम्बर 2023 तक जुझारू और धारावाहिक संघर्ष चलाया तथा सरकार को शिक्षकों की छुट्टियों में भारी कटौती के आदेश को वापस लेने के लिए बाध्य किया .राज्य-कमिटी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अक्षरशः अमल करने का संकल्प लेते हुए इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कर राज्य -कमिटी के दिशा-निदेशों के आलोक में संगठन को सशक्त बनाने हेतु जी-

जान से प्रयास करने का संकल्प दोहराया . इसके तहत जिला कमिटी ने दाऊदनगर मुख्यालय में "शिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याएं एवं आगामी कार्यभार" विषय पर आगामी 29 अक्टूबर 2023 को एक जिला स्तरीय कन्वेंशन करने का निर्णय लिया जिसे संघ के राज्याध्यक्ष बच्चु कुमार तथा राज्य कोषाध्यक्ष रामउदय कुमार संबोधित करेंगे.इसके पूर्व जिले के सभी प्रखंडों में उक्त विषय पर ही अलग-अलग प्रखंडों में प्रखंड-कन्वेंशन करवाने का निर्णय लिया गया जिसमें दाउदनगर में 08 अक्टूबर 2023 को ; गोह में 14 अक्टूबर 2023 को ; ओबरा में 01 अक्टूबर 2023 को तथा हसपुरा में 30 सितंबर 2023 को कन्वेंशन करवाने का निर्णय लिया गया जिन्हे जिला स्तरीय पदधारकगण संबोधित करेंगे । इसके अलावा उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिले में बड़े पैमाने पर प्रचार-अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया जिसमें संघ के जिला स्तरीय चुनिंदा पदधारकगण अपनी भागीदारी निभाएंगे !बैठक में शिक्षा एवं शिक्षक हित से संबंधित जिला स्तर पर एक 25-सूत्री मांग-पत्र भी तैयार किया गया जिसमें शिक्षकों से पद-सोपान में काफी नीचे कार्य कर रहे कनीय कर्मियों से विद्यालयों का निरीक्षण करवाकर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करने के सरकारी आदेश पर शीघ्र रोक लगाने,सभी नियोजित शिक्षकों को बिना परीक्षा दिए 'सरकारी-कर्मी' का दर्जा दिलाने,वरीय शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति शीघ्र करने, बीपीएससी द्वारा वर्षः- 1999 में बहाल शिक्षकों को भी जिला संवर्ग के अन्य शिक्षकों की भांति एम ए सी पी लाभ शीघ्र दिलाने, वर्ष-2020 की नियमावली के आलोक में नियोजित शिक्षकों को भी नियमानुकूल बेसिक-ग्रेड से स्नातक-ग्रेड में प्रोन्नति शीघ्र करने,स्नातक ग्रेड में कार्यरत शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के पद पर शीघ्र प्रोन्नति देने, बीपीएससी द्वारा बहाल जिला संवर्ग के शिक्षकों को भी 'अवर शिक्षा सेवा' के संवर्ग में प्रोन्नति हेतु नियमावली का निर्माण करने,इत्यादि 25-सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु अनवरत संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया .इस बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला कोषाध्यक्ष- प्रह्लाद प्रसाद तथा संचालन संघ के जिला सचिव- अवधेश कुमार ने किया. इनके अलावा इस बैठक में संघ के जिला उपाध्यक्ष-शाहिद अंसारी, महाफुज आरिफ ; मुख्य संरक्षकः- सुरेन्द्र सिंह ; कार्यकारिणी सद्स्य- रामप्यारे प्रसाद, रामबली राम,इत्यादि कई सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे. इस बैठक में संघ की राज्य कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष- कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी तथा महासचिव- सत्येन्द्र कुमार बतौर प्रेक्षक उपस्थित रहे .

ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकरी के कोर कमेटी ने सांड ग्राम का किया दौरा

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल

टिकारी(गया बिहार)- ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की तत्वाधान में एक कोर कमेटी के सदस्यो ने टिकारी प्रखंड के सडा पंचायत अंतर्गत ग्राम दरियापुर की दौरा किया.मालूम हो की इस ग्राम निवासी श्री सुनील पाठक व श्री सुशील पाठक जी के पूज्य माताजी शारदा देवी का निधन दिनांक 13सितंबर 2023को आकस्मिक होने के जानकारी प्राप्त हुई थी. जानकारी उपरांत

कोर कमिटी के सदस्यो ने उक्त ग्राम का दौरा कर मृत आत्मा की शांति हेतु 02मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से कामना किया. इस विपत्ति काल में परिजनों को कमिटी के सदस्यो ने साहस धैर्य देने का कार्य किया और मंच सदैव साथ है का भरोसा दिया। स्व शारदा देवी एक धार्मिक प्रवृत्ति की नारी थे। इनके पति अवकाश प्राप्त शिक्षक थे जिनका नाम स्व कृष्णदेव पाठक था।इस मौके पर मंचीय कोर कमेटी के लोगो में अनुमंडलीय सर्नक्षक श्री गोविंद पाठक, नगर अध्यक्ष टिकारी श्री योगेंद्र वैध, श्री ललित कुमार मिश्र, श्री कमलेश चंद्र पाठक, श्री रविन्द्र दिवेदी, अनुमंडलीय मंचीय सचिव श्री शिवबल्लभ मिश्र , मृतक के पुत्र श्री सुनील पाठक, श्री सुशील पाठक, सहित ग्रामीण श्री संजय पाठक श्री राजू पाठक आदि लोग मौजूद रहे.

गणपति बप्पा का भक्तों व श्रद्धालुओं ने किया पूजा अर्चना- भारती प्रियदर्शनी

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल

गया(बिहार)- गया के वर्णवाल महिला समिति ने पहली बार गोल पत्थर में गणपति बप्पा मोरिया की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना किया. उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष संगीता कश्यप व समिति के संयोजक सचिव भारती प्रियदर्शनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संयुक्त रूप से कहीं . उन्होंने आगे कहा कि

दिनांक- 20.9.2023 को 56 प्रकार का भोग लगाकर गणपति बप्पा को पूजा अर्चना किया जाएगा . वही संध्या काल में कलाकारों द्वारा संगीत की प्रस्तुति की जाएगी . तथा प्रसाद वितरण होगा. उन्होंने आगे कहा कि पितृपक्ष के दौरान वर्णमल परिवार द्वारा आगंतुकों को शुद्ध पेयजल एवं चाय की व्यवस्था निशुल्क किया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से की जा रही है. कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष निक्की वर्णमाला, सदस्य मधु वर्णवाल, पूनम बरनवाल, मायारानी, अर्चना बरनवाल ,सुनीता बरनवाल प्रीति वर्णमल ,गीता बरनवाल सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है.

कार्यकाल में सभी का सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद - प्रणव शंकर।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर के प्रकोष्ठ में बिदाई समारोह का आयोजन

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड प्रदेश।

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर का माननीय उच्च न्यायालय द्वारा औरंगाबाद जिले में ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय के पद पर स्थानान्तरण कर दिया गया है। स्थानांतरण हो जाने के उपरान्त आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर के प्रकोष्ठ में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभी कर्मी सहित जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवकता सहित अन्य लोगो द्वारा बिदाई दिया गया।

सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मीगण सुनील कुमार सिन्हा एवं अर्पणा सहाय, परशुराम कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार, नवरत्न कुमार, कुन्दन कुमार मनोज कुमार चैधरी द्वारा पुष्प गुच्छ तथा माल्यार्पण करते हुए सचिव प्रणव शंकर द्वारा सचिव के रूप में बिताये गये लगभग दो साल आठ माह के अपने कार्यकाल में सचिव के रूप में किये गये कार्य तथा सहयोग के लिए आभार जताया गया तथा सचिव के रूप में किये गये कई स्मरणीय कार्यो को याद किया गया।

इस भावुक कर देने वाले पल में भी सचिव द्वारा कहा गया कि आप सभी का सचिव के रूप में कार्य करते हुए मुझे महत्वपूर्ण सहयोग मिला है । उनके द्वारा यह भी कहा गया कि मैं आशा करता

हू कि अगले सचिव भी आप सभी को पूर्णय सहयोग करेंगें और यह जो कार्य करने का वातावरण बनाया गया है उसे जारी रखेंगें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मीगण द्वारा विदाई समारोह के उपरान्त जिला विधि संघ के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े सभी पैनल अधिवक्ताओं द्वारा अलग से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्त नवीन कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही, अभिनन्दन कुमार, सुजीत कुमार सिंह, स्नेहलता, मो0 निजामृद्दीन, संतोष कुमार, अंजनी कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, चन्द्रकान्ता कुमार, निवेदिता कुमारी, प्रभावती राय, दिलीप सिंह, राणा सरोज कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार, राम दुलार मिश्रा, मुन्ना सहित अन्य लोगो ने पुष्प-गुच्छ एवं अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें भावपूर्ण बिदाई दिया तथा अपने नये दायित्व हेतु शुभकामनाऐं एवं बधाई दिया। इस अवसर पर जिला विधि संघ के अध्यक्ष के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्री प्रणव शंकर के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यो को याद करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में कई ऐसे यादगार कार्य किये गये जो वर्षो तक आने वाले लोगो के लिए प्रेरणाश्रोत रहेंगें जिनमें हक हमारा भी तो हैं, आजादी के अमृत जैसे कई दीर्घावधि तक चलने वाले कार्यक्रम को हमेशा याद किया जायेगा। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सामाजिक स्तरो पर उनके द्वारा किये गये कार्यो एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की अभूतपूर्व उपलब्धि को हमेशा याद किया जायेगा। इस अवसर पर निवर्तमान सचिव प्रणव शंकर के द्वारा पैनल अधिवक्ताओं से कहा गया कि आपका सहयोग हमेशा अविष्मरणीय रहा है उम्मीद करता हू ,आगे भी आपका सहयोग जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति उसी भाव एवं उत्साह से बना रहेगा।

न्यायधीश सुकूल राम बने जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के नये सचिव।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड प्रदेश।

औरंगाबाद (बिहार) 19 सितंबर 2023:- व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के न्यायधीश सुकूल राम ने जिला आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव पद का पदभार एडीजे प्रंनव शंकर से लिया, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि हाईकोर्ट पटना ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रंनव शंकर को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडीजे

तीन बनाया है और एडीजे तीन ब्रजेश कुमार सिंह को एडीजे चार बनाया है, न्यायधीश सुकूल राम सबजज तीन के पद पर थे उनके जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव बनने पर जिला विधिज्ञ संघ और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, सचिव, पैनल अधिवक्ताओं समेत अधिवक्ताओं ने खुशी प्रकट करते हुए बधाई दी है, जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के नये सचिव सुकूल राम ने पदभार ग्रहण कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों की जानकारी ली और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के इसी तरह से जनसेवा में प्रसिद्धि बरकरार रखने की बात कही है

औरंगाबाद जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी विभागों का समन्वय सह फॉलोअप बैठक का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन को फंक्शनल कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों को बैठने की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का फायदा पंचायत स्तर पर मिल सके। इसके अतिरिक्त विभागीय निर्देश के आलोक में नए पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिन्हित कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी सभी अंचल अधिकारी को प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक के साथ बैठक कर

डीजल अनुदान से संबंधित आवेदन सभी पंचायतो से प्राप्त कर जिला कृषि कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी नबीनगर को बैठक से अनुपस्थित रहने एवं बीज वितरण के कार्य में शिथिलता बरतने के आलोक में स्पष्टीकरण करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया।

कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन को नल जल योजना का उचित तरफ रखाव करने का निर्देश दिया गया। वरीय प्रभारी विधि शाखा डा. फतेह फैयाज को जिला अंतर्गत टखउ वादों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को शेष बचे भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि चिन्हित कर जिला शिक्षा कार्यालय में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले में सामुदायिक भवन सह वर्कशेड एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु स्थल चिन्हित कर भूमि से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

इसके पश्चात अपर समाहर्ता द्वारा सभी विभागों से उनके विभागीय पत्रों एवं लंबित कार्यों के आलोक में चर्चा की गई एवं लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, वरीय उप समाहर्ता डॉ फतेह फैयाज, अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार दास, नगर कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, स्थापना उप समाहर्ता धर्मेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता आलोक कुमार, डीपीओ आईसीडीएस, एडीसीपी अनिता कुमारी, जिला कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप, कार्यपालक अभियंता एवं वीसी के माध्यम से अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नबीनगर थाना क्षेत्र से अवैध शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार भेजे गए जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 19 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के सलेया पहाड़ से पुलिस ने देसी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया है ।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र मे शराब धंधेबाज सक्रिय है।एस आई अरविंद कुमार एवम सशस्त्र बल ने सलेया पहाड़ पर छापेमारी कर 60 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब बरामद किया।वही मौके पर महुअरी गांव निवासी रघुवर चौहान पिता स्वर्गीय सिपाही चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरी ओर नबीनगर के मंसूरी मोहल्ला के समीप से गश्ती के दौरान पी एस आई अनित कुमार एवम टीम द्वारा द्वारा 180 एम एल का 10 पीस देसी टनाका शराब के साथ एक धंधेबाज महेंद्र कुमार पिता गुरु चरण साव मंसूरी मोहल्ला निवासी को गिरफ्तार किया गया

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि बरामद किए गए शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किए गए दोनो को जेल भेज दिया गया है

झाड़ग्राम : देवी दुर्गा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कुर्मी नेता को गिरफ्तार करने की मांग

▪ पुरुलिया जिले के विभिन्न थानों में कुर्मी नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण

कुर्मी नेता अजीत प्रसाद महतो द्वारा देवी दुर्गा के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ जिले के समस्त दुर्गा पूजा कमेटियों द्वारा झाड़ग्राम जिला सामान्वय दुर्गा पूजा कमेटी के बैनर तले एकजुट होकर जिला अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर कुर्मी नेता अजीत प्रसाद महतो को अविलम्ब गिरफ्तार करने तथा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। इस संदर्भ में जिला प्रशासन से लिखित शिकायत की गई है। वहीं आज लोधाशुली के कई पूजा पंडाल कमेटियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 6 को भी अवरोध कर अजीत प्रसाद महतो को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की गई।गौरतलब हो कि कुर्मी नेता अजीत प्रसाद महतो ने सोशल मीडिया पोस्ट पर देवी दुर्गा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। 16 सितंबर को इस मामले में पुरुलिया सदर थाने में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूत्रों के अनुसार श्री महतो के खिलाफ पुरुलिया के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उन्होंने मां दुर्गा के

साथ ही अन्य देवी देवताओं के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में उन्होंने कहा है कि दुर्गा पूजा और सरस्वती पूजा हमारे लिए नहीं है। सरस्वती के चार हाथ, जबकि मां दुर्गा के दस हाथ , भगवान पंचन के पांच हाथ हैं, क्या यह संभव है ? क्या कोई भी इतने हाथों के साथ कभी जन्म ले सकता है? यह सब फर्जी है। उसने कहा कि दस हाथों के साथ मां दुर्गा कैसी सोती होगी। उन्होंने देवी दुर्गा के कपड़ों को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके पश्चात से तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। हालांकि पुलिस द्वारा अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। जिसके कारण धीरे-धीरे जंगल महल के विभिन्न जगहों पर हिंदू समुदाय के लोगों द्वारा अजीत प्रसाद महतो के खिलाफ एकजुट होकर उनकी गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। लगभग 72 घंटे के पश्चात भी अजीत प्रसाद महतो की गिरफ्तारी नहीं होने पर लोगों में रोष व्याप्त है। बहरहाल श्री महतो के गिरफ्तारी हेतु पूरे जंगल महल में आवाज बुलंद होता जा रहा है। गिरफ्तारी में हो रहे विलंब के कारण लोग पुलिस प्रशासन पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया अन्नप्राशन दिवस

दैनिक समाज जागरण, किशनगंज

जिले में कुपोषण के खिलाफ जागरूकता लाने के उद्देश्य से सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में अन्नप्राशन दिवसे मनाया गया। आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जया मिश्रा ने कहा कि पोषण की समस्या को जड़ से मिटाने के लिए जिले की सभी आंगनबाड़ी दीदी काफी सजग और संकल्पित हैं। जन -जन के सहयोग से पोषण माह का उद्देश्य सफल होगा। पोषण माह का मुख्य उद्देश्य कुपोषणमुक्त समाज का निर्माण है। लेकिन यह तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उचित पोषण की जानकारी होगी। पोषण माह के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पोषण का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

पोषण का पांच सूत्र कुपोषण मिटाने में होगा सार्थक:

कोचाधामने प्रखंड की सीडीपीओ प्रियंका श्रीवास्तव ने अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान पोषण के पांचों सूत्रों का जिक्र किया। पहले सूत्र के रूप में बच्चे के पहले हजार दिन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के 270 दिन तथा उसके बाद 2 वर्ष तक लगभग 730 दिन बच्चे के सबसे सुनहरे हजार दिन होते हैं। इसी समय बच्चे को सही आहार दिया जाना चाहिए। ताकि उसका मस्तिष्क तेजी से विकास कर सके। पौष्टिक आहार के रूप

में 6 माह तक बच्चे को केवल मां का दूध दिया जाना चाहिए। इस दौरान ऊपर से पानी भी नहीं देना चाहिए। छह माह के बाद बच्चे को ऊपरी आहार दिया जाना चाहिये।

छः माह बाद स्तनपान के साथ ही ऊपरी आहार भी जरूरी :

अन्नप्राशन दिवस पर कोचाधामन की महिला पर्यवेक्षिका प्रीति सिंहे के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 139 संख्या का क्षेत्र निरीक्षण तथा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 138 के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रीति सिंह ने बताया कि छः महीने बाद से ही शिशुओं को स्तनपान कराने के साथ अतिरिक्त अनुपूरक आहार दिया जाना चाहिए। इस उम्र में शिशुओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास तेजी से होता है। इसलिए इस दौरान शिशुओं को ज्यादा आहार की जरूरत होती है।

घर के खाद्य पदार्थों से करें अनुपूरक आहार का निर्माण :

जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि बच्चों को अन्नप्राशन के साथ कम से कम दो वर्षों तक स्तनपान भी कराएँ । तभी बच्चे के स्वस्थ शरीर का निर्माण हो पाएगा। इसके अलावो 6 माह से ऊपर के बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के लिए पूरक आहार की जरूरत के विषय में जानकारी दी गयी। 6 से 9 माह के शिशु को दिन भर में 200 ग्राम सुपाच्य मसला हुआ खाना, 9 से 12 माह में 300 ग्राम मसला हुआ ठोस खाना, 12 से 24 माह में 500 ग्राम तक खाना खिलाने की सलाह दी गयी। शिशु के लिए प्रारंभिक आहार तैयार करने के लिए घर में मौजूद मुख्य खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। सूजी, गेहूं का आटा, चावल, रागी, बाजरा आदि की सहायता से पानी या दूध में मिलाकर दलिया बनाए जा सकते हैं। बच्चे के आहार में चीनी अथवा गुड को भी शामिल करना चाहिए क्योंकि उन्हें अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। 6 से 9 माह तक के बच्चों को गाढे एवं सुपाच्य दलिया खिलानी चाहिए। वसा की आपूर्ति के लिए आहार में छोटा चम्मच घी या तेल डालना चाहिये। दलिया के अलावा अंडा, मछली, फलों एवं सब्जियों जैसे संरक्षक आहार शिशुओं के विकास में सहायक होते हैं।

शिशुओं के पोषाहार के लिए इन बातों का रखें ख्याल:

- 6 माह बाद शिशुओं को स्तनपान के साथ ही अनुपूरक आहार दें।
- स्तनपान के अतिरिक्त दिन में 5 से 6 बार शिशु को अतिरिक्त आहार सुपाच्य भोजन के रूप में दें।
- शिशु को माल्टिंग आहार (अंकुरित साबुत आनाज या दाल को सुखाने के बाद पीसकर) देना चाहिए।
- माल्टिंग से तैयार आहार से शिशुओं को अधिक ऊर्जा प्राप्त होती है।
- शिशु द्वारा अनुपूरक आहार नहीं खाने की स्थिति में भी उन्हें थोडा-थोडा करके कई बार अतिरिक्त भोजन खिलाना चाहिए।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत, विभिन्न योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

दैनिक समाज जागरण, किशनगंज

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला परिषद,सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं तथा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी बीडीओ,सभी सीओ समेत विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

इस बैठक में पूर्व के बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन के साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ, सीओ ,बीपीआरओ व अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय के साथ विकासात्मक और

लोककल्याणकारी योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का सतत अनुश्रवण करें तथा लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं।

बैठक में डीएम श्री शास्त्री के द्वारा लोक शिकायत, आरटीपीएस, सीएम डैश बोर्ड, पीएमओ पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त आवेदन का निष्पादन की गहन समीक्षा की गई।

राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंड में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु डीएम के द्वारा सभी पदाधिकारियों की ब्रीफिंग किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत, क्रियान्वयन की हुई समीक्षा

दैनिक समाज जागरण, किशनगंज

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। बैठक में मनरेगा के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई। बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) उपस्थित थे।

इस बैठक में पूर्व के बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन के साथ मनरेगा कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मनरेगा कार्य में एससी और एसटी समुदाय के लोगो को आधिकाधिक कार्य दें।अनुसूचित जनजाति/जाति की इस संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा संख्या बल बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त

आदिवासी/दलित टोलों में काम कराने और सभी अनुसूचित जाति/जनजाति के कामगारों का 7 दिनों के अन्दर जॉब कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी ठाकुरगंज एवं टेढागाछ को इस कार्य में विशेष रुचि लेकर मनरेगा का कार्य पर ध्यान देने का निदेश दिया गया।

सभी प्रखंड अंतर्गत विद्यालय का बाउंड्री बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजित करने और भुगतान की समीक्षा भी हुई,शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को मनरेगा योजना के तहत हो रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

समीक्षात्मक बैठक में उपविकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए सहित सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा उपस्थित थे।

फूलबाड़ी के अंबारी कैनाल रोड पर स्कूटर और साइकिल की टक्कर, एक घायल

उत्तम सिंहः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ(दार्जिलिंग)

स्कूटर और साइकिल की टक्कर। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल। घटना सोमवार की रात फूलबाड़ी अंबारी कैनाल रोड के लक्ष्मीजोत इलाके में हुई. घायल व्यक्ति का नाम गोपाल है. वह चोट नवापारा का रहने वाला बताया जा रहा है.

ज्ञात हो कि व्यक्ति फुलबाड़ी दिशा से काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था. तभी फुलबाड़ी के अंबारी कैनाल रोड के लक्ष्मीजोत इलाके में विपरीत दिशा से आ रही एक स्कूटर ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी. घटना में साइकिल सवार घायल हो गया.

घटना के बाद, स्थानीय और कैनाल रोड ट्रैफिक आउट पोस्ट पुलिस की मदद से घायल व्यक्ति को बचाया गया और फूलबाड़ी के एक अस्पताल भेजा गया। इस बीच, न्यू जलपाईगुड़ी थाने की पुलिस दुर्घटनाग्रस्त स्कूटर और साइकिल को थाने ले गयी है और पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है.

खोरीबाड़ी प्रखंड के पश्चिम हौदाभिट्टा में घर के छत से गिरकर एक युवक का मौत।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी प्रखंड के पश्चिम हौदाभिट्टा में घर के छत से गिरकर एक युवक का मौत हो गया। मृत युवक का नाम राहुल राय (24) बताया गया। जानकारी अनुसार सोमवार रात उक्त युवक अपने घर के छत पर सोया था। इस दौरान देर रात छत से गिर गया। छत से गिरने

की आवाज सुनकर लोग इकठ्ठा हुए। तत्काल युवक को खोरीबाड़ी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना खोरीबाड़ी थाना पुलिस को दिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाई पश्चात मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। वहीं पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

कई मांगों के समर्थन में खोरीबाड़ी प्रखंड चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण

खोरीबाड़ी : कई मांगों के समर्थन में प्रोग्रेसिव मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की खोरीबाड़ी प्रखंड कमिटी की ओर से खोरीबाड़ी प्रखंड चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पीएमपीएआई की खोरीबाड़ी प्रखंड कमिटी के सचिव अरुण कुमार सिंह ने बताया की ज्ञापन के माध्यम से खोरीबाड़ी ग्रामीण अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सुविधा, रक्त परीक्षण, एक्स-रे, ईसीजी सहित सभी आपातकालीन सेवाओं और ऑपरेशन की व्यवस्था अस्पताल में 24 घंटे करने, सांप काटने, कुत्ते काटने की दवा सहित सभी जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखने, डॉक्टरों-नर्सों-स्वास्थ्यकर्मियों समेत अस्पताल के बुनियादी ढांचे की सभी कमियों को पूरा करने की मांग की गई। साथ ही प्रखंड के सभी गैर-पंजीकृत चिकित्सकों के स्वास्थ्य सुविधा में भेजने, प्रशिक्षण देने, प्रशिक्षित प्रमाणपत्र, पहचान पत्र निर्गत करने, जीवन रक्षक और आपातकालीन दवाओं को अपने साथ

और चैंबर में रखकर लोगों की सेवा कर सकें और इस संबंध में औषधि नियंत्रण कार्यालय और पुलिस द्वारा उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए आदि का मांग किया गया। इस दौरान अरुण कुमार सिंह, विप्लव देवनाथ, बाबू लाल बैठा, बबलू विश्वास, मलिन सिंह, शंकर नंदी, सपन मोदक आदि मौजूद थे।

ध्वस्त पुलिया व बेहाल नाली के तत्काल मरम्मति हेतु आगे आये समाजसेवी।

● **प्रशासन/विभाग के सुस्त गति से त्रस्त होकर निजी खर्च से समाजसेवियों द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था**

दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)

नगर पंचायत ठाकुरगंज और पथ निर्माण विभाग,किशनगंज प्रमंडल के धीमी गति से ध्वस्त पुलिया और बेहाल नाली के कारण आवागमन विगत 02 माह से लगातार प्रभावित होती आ रहा है। इससे न केवल आम रहगीर परेशान है बल्कि उक्त मार्ग पर चलते वाहनों को भी रोजाना किसी दुर्घटना के आशंका से गुजरना पड़ रहा है।

उक्त परेशानियों के साथ-साथ सरकारी फाइल के सरकने की धीमी चाल से त्रस्त होकर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु मंगलवार को कृष्णपुरी निवासी अधिवक्ता - सह - समाजसेवी श्री कौशल किशोर यादव, पूर्व मुख्य पार्षद के पुत्र श्री आलोक कुमार और भारतीय जीवन बीमा निगम के बीमा सलाहकार श्री अमित राज यादव ने सेवाभाव से निजी खर्च पर आवश्यक पहल करने हेतु आगे आये।

इन तीनों के संयुक्त प्रयास से उक्त मार्ग को तत्काल उपयोग करने के

हालात में लाया गया है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उक्त पुलिया से महज 20 कदम पर ही नगर पंचायत ठाकुरगंज का सिरमौर "हरगौरी मंदिर" अवस्थित है ।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी सावन माह के प्रथम अवधि में भी इस बेहाल स्थिति को संवारने में अधिवक्ता श्री कौशल किशोर यादव और राजद नेता श्री अशोक यादव ने ही संयुक्त प्रयास से श्रद्धालुओं के परेशानियों को दूर किया था।

वहीं कार्यालय सूत्र और सम्बंधित वार्ड के वार्ड पार्षद बताते हैं कि ध्वस्त पुलिया के निर्माण और बेहाल नाली की स्थिति दुरुस्त करने हेतु संचिका स्थानीय स्तर से आगे बढ़ायी जा चुकी है। विभागीय मंजूरी मिलते हीं अग्रेतर कार्य द्रुतगति से सम्पादित किया जाएगा।

जनप्रतिनिधि होना ही सेवा कर्म नहीं होता बल्कि सेवा भाव विभोर जरूरी*

पिछले 2 माह से लगातार झेल रहे श्रद्धालुओ एवम राहगीरों पुलिया व नाली निर्माण नहीं पुर्ण होने से आज पुनः दुसरी बार समाजसेवी एवम अधिवक्ता कौशल किशोर यादव, पूर्व मुख्य पार्षद प्रतिनिधि आलोक कुमार एवं समाजसेवी अमित राज यादव द्वारा अपनी राशि के मदद से नाला द्वारा पानी का पुनर्चालन कर रास्ता को दुरूस्त करवाया गया। श्रद्धालुओ एवम राहगीरों को मिलेगी राहत

आदिवासी कुर्मी समाज द्वारा आहूत रेल चक्का जाम स्थागित

बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण

खड़गपुर रेल मंडल अंतर्गत खेमशुली रेलवे स्टेशन पर आदिवासी कुर्मी समुदाय द्वारा 20 सितंबर बुधवार को प्रस्तावित रेल चक्का जाम वापस ले लिया गया है। इस संदर्भ में कुर्मी समुदाय के अग्रणी नेता अजीत प्रसाद महतो ने स्थानीय एक न्यूज चैनल के माध्यम से जानकारी दी है। हालांकि दक्षिण पूर्व रेलवे प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सोमवार को अधिसूचना जारी कर लगभग 27 ट्रेनों को रद्द कर दिया था। तथा एक दर्जन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए थे।

दिल्ली विश्वविद्यालय में डिजिटल इंडिया टॉक शो सह इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया

दिल्ली विश्वविद्यालय में 18 सितंबर, 2023 को डिजिटल इंडिया टॉक शो सह इंटरएक्टिव सत्र का सफल आयोजन किया गया। अगले 6 महीने में नियोजित कार्यशालाओं की श्रृंखला में यह दूसरा आयोजन था। इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) ने डिजिटल इंडिया जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्र, शिक्षक और विश्वविद्यालय कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद कार्यक्रम में एनईजीडी और डीयू दोनों के अधिकारियों ने मुख्य भाषण दिया।

एमईआईटीवाई में एनईजीडी के निदेशक श्री जे एल गुप्ता ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे इसकी प्रमुख पहल देश में डिजिटल परिवर्तन ला रही हैं, जिससे देश के दूर-दराज के इलाकों तक ऐसी पहल की बेहतर पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में कंप्यूटर सेंटर के निदेशक प्रोफेसर संजीव सिंह ने सभी लोगों तक इसकी बेहतर समझ और लाभ पहुंचाने के लिए सरकार और विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिजिलॉकर, नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) जैसी पहलों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एमईआईटीवाई के साथ किए गए विभिन्न सहयोगों के बारे में भी जानकारी साझा की।

इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग (आईएलएलएल) के निदेशक और दिल्ली विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग के एचओडी प्रोफेसर संजय रॉय ने छात्रों के जीवन में डिजिटलीकरण के लाभों और डिजिटल दुनिया में नैतिकता की आवश्यकता के बारे में बात की।

उमंग, डिजिलॉकर, नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी- एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एनएडी-एबीसी), साइबर सुरक्षा, मायस्कीम और यूएक्स4जी जैसी पांच प्रमुख डिजिटल इंडिया पहलों पर विशेषज्ञों ने आकर्षक सत्र आयोजित किए। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे डिजिटल इंडिया पहल से छात्रों, शिक्षकों और नागरिकों का बड़े पैमाने पर लाभ हो सकता है। प्रत्येक सत्र के बाद, एक प्रश्नोत्तरी दौर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सीधे विशेषज्ञों से पहल के बारे में जानकारी ली।

इस कार्यशाला का एक मुख्य आकर्षण इंटरैक्टिव डिजिटल इंडिया प्रश्नोत्तरी थी, जिसमें पांच परियोजनाओं से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी में छात्रों और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों दोनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को डिजिटल इंडिया उपहार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

धार्मिक अनुष्ठान : डी डी सी मार्केट, ठाकुरगंज में गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन आरम्भ

● *2013 से स्टूडेंट यूथ क्लब कर रहा है महोत्सव का आयोजन*

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

ठाकुरगंज(किशनगंज) ।"वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकायेषु सर्वदा"! किसी भी कार्य के शुभारंभ से पूर्व गणपति बप्पा का स्मरण अवश्य किया जाता है। वे प्रथम पूज्य हैं। लेकिन, शुभ और लाभ की कामना से सर्वप्रथम गणपति का ही नाम लिया जाता है। शिवपुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव गणपति बप्पा को समस्त देवी-देवताओं में प्रथम बताया और उन्हें प्रथम पूज्य होने का आशीर्वाद दिया है।

देवताओ के ईष्ट भगवान गणेश के सबसे बड़े पर्वो में से एक गणेश चतुर्थी महोत्सव डी डी सी मार्केट, नगर पंचायत ठाकुरगंज में बड़े ही धूमधाम से आरम्भ हुआ।

डीडीसी मार्केट ठाकुरगंज में प्रथम आराध्य देव की पूजा अर्चना 2013 से गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी 19 सितंबर से 21 सितंबर तक 03 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन स्थल पर क्लब के अध्यक्ष सुमित राज यादव, उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, सचिव राजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल,

मुख्य संरक्षक के रूप में कौशल किशोर यादव, संयोजक श्रीकृष्ण सिंह उर्फ सिकंदर पटेल, संरक्षक देवकी अग्रवाल, संरक्षक सोहेल रहमानी, संयोजक अमित कुमार सिन्हा, सक्रिय सदस्य सालीम अहमद, वरिष्ट सदस्य प्रदीप कुमार साह, सदस्य सोनू कुमार गुप्ता, सदस्य विजय कुमार मिश्रा सहित अन्य कई सदस्य काफी सक्रिय, सजग व उत्साहित दिखे।

03 दिवसीय कार्यक्रमः-

प्रथम दिवस गणपति वंदना एवं विधिवत वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ पूजा अर्चना, संध्या आरती । द्वितीय दिवस में विधिवत पूजा- अर्चना तत्पश्चात मुफ्त जांच शिविर जो कि दिशान हॉस्पिटल, सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल की डॉक्टर की टीम एवम केयर हेल्थ इंश्योरेंस की स्थानीय टीम संयुक्त रूप में 02 बजे तक आयोजन करेंगी। वही, आरती के बाद पश्चिम बंगाल के कानकी धाम के सुप्रसिद्ध गायक सुधीर सिंह और गायक टीम के द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। भजन संध्या पूरे महोत्सव का आकर्षण केंद्र रहेगा। तृतीय एवं अंतिम दिवस में प्रतिमा विसर्जन हवन महाप्रसाद का भोग वितरण शामिल है।

पुरोहित सुनील मिश्रा बताते हैं कि पिछले वर्ष का संयोग बुधवार को मिली थी और इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी महोत्सव बुधवार के देवता बुधवार को संयोग में आयें है जो काफी शुभ माना जाता है। भगवान गणेश बुधवार के देवता हैं बुधवार के दिन गणेश पूजा का विशेष महत्व होता है।

जी20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप की चौथी और अंतिम बैठक आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुई

भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप (एफडब्ल्यूजी) की चौथी और अंतिम बैठक आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और ब्रिटेन ने की। 18-19 सितंबर 2023 के दौरान दो दिवसीय बैठक की सह-अध्यक्षता में भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय की सलाहकार सुश्री चांदनी रैना और ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व राजकोष की मुख्य आर्थिक सलाहकार सैम बेकेट ने किया। बैठक में जी20 सदस्य और आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय संगठनों के लगभग 65 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सलाहकार सुश्री चांदनी रैना और ब्रिटेन की राजकोष की मुख्य आर्थिक सलाहकार सुश्री सैम बेकेट ने की।

यह बैठक भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान एफडब्ल्यूजी द्वारा सफलतापूर्वक किए गए कार्यों की पूर्णता को दशार्ती है। बैठक में इस प्रगति को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के विकल्पों का पता लगाने का अवसर भी प्रदान किया गया।

जी20 के विभिन्न हितधारकों की भागीदारी

इस वर्ष, समूह ने सफलतापूर्वक दो जी20 रिपोर्ट - खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा के व्यापक आर्थिक प्रभाव और और जलवायु परिवर्तन तथा रूपान्तरकारी मार्गों से उत्पन्न होने वाले व्यापक आर्थिक जोखिमों पर रिपोर्ट जारी की। सदस्यों ने वैश्विक चुनौतियों से जुड़े व्यापक आर्थिक परिणामों का आकलन करने के लिए वैश्विक विचार-विमर्श जारी रखने की आवश्यकता को स्वीकार किया।

वृक्षारोपण के पश्चात जी20 पार्क में प्रतिनिधि।

बैठक में वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की प्रस्तुतियों के आधार पर प्रमुख चुनौतियों और जोखिमों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा उपलब्ध कराए गए अपडेट के आधार पर जी20/आईएमएफ मजबूत टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास रिपोर्ट के मसौदे के शुरूआती निष्कर्षों पर भी चर्चा हुई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी जी20 चचाओं को अधिक समावेशी और मानव-केंद्रित बनाने के लिए कई जनभागीदारी कार्यक्रमों की मेजबानी की। इसमें आम जनता, छात्रों और स्वयं-सहायता संगठनों के लाभ के उद्देश्य से कार्यक्रम शामिल किए गए, इन कार्यक्रमों में वित्तीय साक्षरता, कार्यक्रमों की एक श्रृंखला, जी20 जागरूकता कार्यक्रम, चित्रकला, नारा-लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थी।

विद्यालय के बच्चों की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिला स्थित दावथ प्रखंड में बिहार शिक्षा परियोजना के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई।इसको लेकर जहां शिक्षक, पदाधिकारी मुस्तैद दिखे वहीं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड के कुल 85 प्राथमिक व मध्य,चार मदरसा में वर्षों का मूल्यांकन परीक्षा शुरू हुई।शिक्षक मोहन प्रसाद व शिक्षक राकेश कुमार ने बताया कि विद्यालयों में लगभग वर्ग 5 में 3843 तथा वर्ग 8 में 3751 परीक्षार्थी सम्मलित हो रहे हैं।दावथ प्रखंड के मध्य विद्यालय सेमरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेमरी, प्राथमिक विद्यालय कवई , मध्य विद्यालय दावथ सहित सभी विद्यालय मे पांचवीं एवं आठवीं वर्ग की परीक्षा मूल्यांकन शुरू हुई है। बीईओ रोहित रौशन ने बताया कि वर्ग एक से चार, छह एवं सातवीं वर्ग की मूल्यांकन परीक्षा 20 से 26 तक दोनों पालियों में शुरू होगी।

विकास राशि के अभाव पर मुखिया संघ का बैठक

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय के जमूआ पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को अमरथा पंचायत मुखिया विजय कुमार सिंह के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व काराकाट प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुखिया संघ ने पंचायतों के विकास पर चर्चा की गई। मुखिया संघ का कहना है कि विकास राशि के अभाव में पंचायतों का विकास कार्य नहीं हो रहा है। बताया गया कि वितीय दो वर्षों मनरेगा योजना से पक्का कार्य बंद हो चुका है। 15 वीं वित्त योजना , षष्टम से लेकर कई योजनाओं से राशि नहीं आने से पंचायत का विकास बंद हो गया है। मुखिया संघ ने कार्यपालक पदाधिकारी रोहतास पर आरोप लगाया कि चयनित योजनाओं का प्राक्कलन भेजने पर कार्य की अनुशंसा नहीं की जाती है जिससे कार्य योजना अधर में लटका हुआ है। प्रखंड के पंचायतों का कार्य बाधित हो चुका है। विकास राशि के अभाव में गांवों में विकास कार्य नहीं हो रहा है। विकास कार्य नहीं होने से ग्रामीण जनता मुखिया से अब सवाल जबाब करने लगे है कि विकास कार्य कब होगा। विकास कार्य नहीं होने से मुखिया अब चिंता सताने लगी है।केंद्र से लेकर बिहार सरकार से मुखिया संघ विकास की राशि उपलब्ध कराने की मांग किया। मौके पर बेनसागर पंचायत मुखिया अनील कुमार सिंह, मुंजी पंचायत मुखिया, अजय प्रताप सिंह, किरही पंचायत मुखिया धर्मेन्द्र साह, बारडीह पंचायत मुखिया अफरोज आलम, मोथा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मनोज साह, धनहरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विंध्याचल ठाकुर, अमौना पंचायत मुखिया प्रतिनिधि चिंटू सिंह, अमरथा मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान,दनवार पंचायत मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह उर्फ भैया जी, सकला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि संत कुमार थे।

नहर के चाट में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत, घर में छाया मातमी सन्नाटा

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिला अंर्तगत कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव गांव में नहर के चाट में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उक्त गांव के रहने वाले मूल निवासी विकास राम की 10 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे अपने घर से अकेले निकली। किशोरी अपने ही गांव के समीप नहर के चाट में अपने ही गांव के कुछ छोटे-छोटे बच्चे को नहाते देख बच्ची भी नहाने लगी। उक्त क्रम में बच्ची नहाने के क्रम में चाट के गड्ढे वाले भाग में चली गई। चाट में नहा रहे छोटे-छोटे बच्चों ने देखा कि गड्ढे में एक बच्ची डूब रही है।छोटे-छोटे बच्चे घटना को देख शोरगुल मचाना शुरू कर दिए।बच्चे के शोरगुल को सुन गांव के लोगों ने उक्त स्थल पर पहुंच गए और बच्चों के बताने के आधार पर गांव के लोग बच्ची को चाट में खोजबीन करने लगे। उक्त क्रम में चाट में डूबी हुई बच्ची को बाहर निकाले। जिस दौरान उक्त बच्ची की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना गांव के लोगों ने उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर जैसे ही परिजन पहुंचे तो मृत बच्ची को देख दहाड़ मारकर रोने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगरांव गांव में मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे नहर के चाट में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई है। श्री कुमार ने कहा कि मृत बच्ची के परिजनों के समक्ष पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में माताओ को पूरक पोषाहार तथा साफ-सफाई को लेकर दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को सेलास के आंगनबाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक, ग्रामीण, सेविका, सहायिका व पर्यवेक्षिका मौजूद थी। जहां सेविका संध्या देवी के पुत्री को अनुपूरक आहार खिलाकर अन्नप्राशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान धात्री माताओं को पूरक पोषाहार एवं साफ सफाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वही सभी गर्भवती महिलाओं को पोषण की जानकारी दी गई। गर्भावस्था के दौरान खान-पान व सतर्कता के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। महिला पर्यवेक्षिका आरती कुमारी ने बताया कि शिशुओं के वजन, लंबाई, तंत्रिका प्रणाली एवं मस्तिष्क विकास के साथ सभी अंगों में संरचनात्मक एवं कार्यात्मक दृष्टिकोण से बहुत तेजी से विकास हेतु पौष्टिक व पूरक आहार की आवश्यकता होती है। इसलिए 6 माह के बाद शिशुओं के लिए स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार देना चाहिए। 6 माह से 8 माह के बच्चों के लिए नरम दाल, दलिया, दाल-चावल, दाल में रोटी मसलकर अर्ध ठोस, खूब मसले साग एवं फल प्रतिदिन दो बार 2 से 3 भरे हुए चम्मच से देना चाहिए। ऐसे ही 9 माह से 11 माह तक के बच्चों को प्रतिदिन 3 से 4 बार एवं 12 माह से 2 वर्ष की अवधि में घर पर पका पूरा खाना एवं फल को प्रतिदिन भोजन एवं नास्ते में देना चाहिए। मौके पर पर्यवेक्षिका गीतांजली कुमारी ,विना कुमारी सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

बिहार सरकार के उदासीन रवैए के कारण आयुष्मान कार्ड का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

बिहार में आयुष्मान कार्ड धारकों की संख्या 15% से भी कम, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र पासवान ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व सदस्य योगेंद्र पासवान ने मंगलवार को शहर के काली स्थान स्थित जिला अतिथि गृह में एक प्रेस वार्ता के दौरान बिहार सरकार पर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चला रही है। जिससे देश के हर वर्ग के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके तथा इसको लेकर सेवा पखवाड़ा के दौरान युद्ध स्तर पर प्रयास भी किए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के हित में काम करने में विश्वास रखते हैं तथा गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन बिहार सरकार के उदासीन रवैए के कारण बिहार के लोग योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। आयुष्मान कार्ड के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक 15 प्रतिशत से भी कम लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इसलिए अब भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य करेंगे। वहीं गरीबों का पूर्ण रूप से आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रधानमंत्री ने एक सरल ऐप भी लॉन्च किया है। जिसके माध्यम से लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने पूरे देश में 60 करोड़ लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लेकिन 2018 से अब तक सिर्फ 24 करोड़ लोगों का हीं आयुष्मान कार्ड बनाया गया है तथा इसके तहत 5 करोड़ लोगों ने इसका लाभ भी ले लिया है। अब भारतीय जनता पार्टी लोगों को जागरुक करते हुए शिविरों के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाएगी। जिससे लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। वहीं प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद एमएलसी निवेदिता सिंह ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कहा की प्रधानमंत्री का महिला के हित में यह बड़ा कदम है। जबकि नीतीश कुमार पर टिप्पणी करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य त्रिविक्रम सिंह ने कहा कि 3 महीने में इंडिया गठबंधन टूट जाएगा। भाजपा के दरवाजे नीतीश कुमार के लिए अब बंद हो चुके हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी, भाजपा नेता मंगलानंद पाठक, विजय सिंह, पंकज सिंह, अभिषेक तिवारी सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

नगर पंचायत गोडारी में दुर्गा पूजा को लेकर की गई बैठक

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय दुर्गा स्थान गोराड़ी के प्रांगण में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नगर पंचायत काराकाट (गोराड़ी) के बैनर तले बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा को सफल बनाने को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष सक्रिय सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित अन्य स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में दुर्गा पूजा को सफल बनाने पूजा पंडाल निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही साथ बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई। बैठक में दूर दराज से आए हुए सभी श्रद्धालुओं की विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा। पूजा समिति से मिली जानकारी के अनुसार पूजा पंडाल निर्माण का कार्य 21 सितंबर से शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत काराकाट गोराड़ी के उपाध्यक्ष रविश रंजन, प्रशांत कुमार, संजय राम, चितरंजन तिवारी, अमित कुमार,पिंटू कुमार,अप्पू कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे।

पंचायत सरकार भवन में जड़े ताला को प्रशासन ने तोड़ा

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरकार भवन में एक व्यक्ति द्वारा विगत दो वर्षों से बंद किए गए ताला को जिला प्रशासन ने सोमवार को तोड़ दिया। इस आशय की जानकारी मुखिया संघ के अध्यक्ष व ग्राम पंचायत खड़ारी के मुखिया अरविंद सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद पहली आम सभा आयोजित की गई। जिसमें सभी ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया। उक्त आमसभा में ग्राम पंचायत चुनाव के हर एक प्रत्याशी को नहीं बुलाए जाने के कारण नाराज होकर ग्राम पंचायत सरकार भवन में ताला जड़ दिया गया था। जिससे ग्राम पंचायत संबंधित सभी कार्य बाधित हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि खड़ारी ग्राम पंचायत में चुनाव के दौरान मुखिया प्रत्याशी के रूप में भानु प्रकाश सिंह ने नामांकन किया था, जहां मतगणना में काफी मतों से वो चुनाव हार गए। ग्राम पंचायत की पहली आमसभा में उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। जिसे लेकर उन्होंने पंचायत सरकार भवन में ताला बंद कर दिया। विगत से दो वर्षों में स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन ने भवन में बंद पड़े ताला को छठवीं बार तोड़ कर पंचायत सरकार भवन में कार्य प्रारंभ करने का दावा किया है। इस संबंध में भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम सभा या आमसभा में हारे हुए प्रतिनिधियों को बुलाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अगर यह मांग न्याय संगत नहीं होती तो विगत दो वर्षों में उनके विरुद्ध क्यों नही एफआईआर दर्ज किया गया। जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता तब तक पंचायत सरकार भवन में ताला बंद रहेगा।

अवैध रूप से पैसे निकासी को ले सीएससी संचालक के विरुद्ध थाने में दी गई आवेदन

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

जिले के कोचस थाना क्षेत्र के चतरा गांव में सीएससी संचालक के विरुद्ध धोखा घड़ी मामले में पीड़िता ने थाने में आवेदन दी है। जिसमें पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत मे चतरा निवासी राम अवधेश सिंह ने कहा कि किसी कार्य हेतु अपने खाते में पड़े पैसे निकासी के लिए उक्त गांव के सीएससी बैंक संचालक जवाहरलाल सिंह पिता अर्जुन सिंह के यहां गए। जहां बीते 18 सितंबर को खाताधारक के खाते से 3 हजार रुपए की निकासी हुई तथा कुछ पैसे खाते में ही पड़े थे। ठीक उसी दिन दोहरी बार पैसे निकासी के लिए जब सीएससी में गया तो संचालक ने बोला कि खाते में शून्य रुपए पड़े हुए हैं। सूत्रों की माने तो सीएससी संचालक के द्वारा धोखा घड़ी कई अन्य लोगों के साथ पहले भी की जा चुकी है। वही इस संदर्भ मे कोचस थाना अध्यक्ष आमोद कुमार ने बताया कि पीड़िता के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त कर ली गई है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले मे संचालक की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

बाइक तथा ई रिक्शा में हुई जोरदार टक्कर में पांच हुए जख्मी, तीन रेफर

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिला अंर्तगत कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की देर शाम कंजर गांव के समीप कंजर बड़हरी पथ मे एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल व ई रिक्शा मे तेज गति मे भिड़ंत हो गई जिसमें ई रिक्शा चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों मे काशीनाथ पांडे घेवडा पुष्पा देवी बराढी, शीतल सिंह बराढी, गुड्डू पाल बराढी व महताब अंसारी कंजर सामिल हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि ई रिक्शा चालक यात्री को बैठा कर कंजर के रास्ते बराढी की तरफ जा रहा था की विपरीत दिशा की ओर से तेजरफ्तार मे आ रही एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ई रिक्शा में जा टकराई जिस वजह से ई रिक्शा सड़क किनारे पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने सभी घायलों को आनन फानन में कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने इलाज कर गुड्डू पाल का दाहिना पैर टूटने व काशीनाथ पांडे तथा महताब अंसारी को गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया। वही पीएचसी मे भर्ती अन्य घायलों को डॉक्टर ने उपचार कर स्थिति खतरे से बाहर बता कर घर को भेज दिया।

ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम।

रोहतास। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन हेतु उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के उपाध्यक्ष शेखर आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए संवाद कक्ष में स्वच्छता कर्मी की सुरक्षा एवं गरिमा को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां डीडीसी शेखर आनंद ने प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए सभी प्रखण्ड समन्वयकों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर से कचरा का संग्रहण कर पंचायत में निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में समुचित प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। नालियों की सफाई एवं यूजर चार्ज कलेक्शन नियमित रूप से करें। ताकि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य सफलतापूर्वक चलता रहे। साथ हीं उन्होंने सभी स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य करते समय हमेशा सैनिटेशन किट का उपयोग करें। जिससे स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के तौर पर जिला सलाहकार शाहबाज रहीम एवं जिला सलाहकार रवि कुमार ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड समन्वयक एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में चयनित सौ ग्राम पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

काले हिरण के शिकार मामले में चेनारी थानाध्यक्ष सहित सात लोगों पर प्राथमिकी

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो

बीते तीन दिनों पूर्व रोहतास वन क्षेत्र में हुए काले हिरण के शिकार मामले में रोहतास वन विभाग ने चेनारी थानाध्यक्ष शंभू कुमार सहित सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में जानकारी देते हुए जिला वन पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि बीते 15 सितम्बर को कुछ लोगो द्वारा एक काले हिरण का शिकार किया गया था। जिसमें चेनारी थानाध्यक्ष की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। उन्होंने कहा कि वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम के तहत चेनारी थानाध्यक्ष समेत 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें से दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार तलाश जारी है। इस मामले में चेनारी थाना परिसर से एक स्कॉर्पियो को भी जप्त किया गया है जिसमें वन्य जीव के अवशेष छुपा कर रखे गए थे। मामले की विस्तृत जांच चल रही है तथा वन्य जीव हत्या मामले में शामिल अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि बीते दिनों वन्य जीव तस्करों द्वारा रोहतास वन क्षेत्र में एक काले हिरण का शिकार किया गया था तथा चेनारी थाने की मदद से इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन वन विभाग को जैसे हीं इसकी सूचना मिली उसने वन विभाग की एक टीम को भेज कर काले हिरण के मांस के साथ चेनारी थाना परिसर में खड़े एक स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया। इसके बाद वन विभाग द्वारा चेनारी थाने की पुलिस से भी काफी पूछताछ की गई। जिसके फलस्वरुप वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए इस अपराध में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार भी कर लिया। हालांकि इस पूरे प्रकरण में चेनारी थाने की संलिप्तता सामने आने पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जिससे रोहतास पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है।

चोरो ने दरवाजे पर खड़ी बाइक उड़ाई

दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास

रोहतास थाना क्षेत्र के बसकटिया दरवाजे पर खड़ी बाइक आधी रात चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली। इस संबंध मे धर्मेंद्र शर्मा पिता स्वर्गीय भरत शर्मा ने थाने में आवेदन देकर एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें अज्ञात चोर को आरोपित किया गया है। बाइक मालिक ने कहा की रोज की तरह अपने दरवाजे पर बाइक खड़ी किया था सुबह उठा तो पल्सर बाइक नही थी। काफी खोजबीन करने पर भी बाइक का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले को दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया हैं।

पुलिस ने शराब और बाइक साथ रंगेहाथों तीन कारोबारी को धर दबोचा

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के कछवां थाने की पुलिस ने देसी शराब एवं बाइक साथ तीन कारोबारी को गुप्त सूचना के आधार पर धर दबोचा। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सवारी पुल के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ही बाइक पर शराब की खेप को लेकर आ रहे तीन कारोबारी को रंगे हाथों पुलिस ने धर दबोचा । श्री कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के सरैया निवासी बबुनी सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह एवं सवारी गांव निवासी नागेंद्र सिंह के पुत्र मिंटू सिंह और संदीप पासवान के पुत्र महाराज पासवान यानी तीनों कारोबारी को रंगे हाथों 14 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया। साथ ही मामले में प्रयुक्त कारोबारी के बाइक को भी जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए कोविड-19 जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

शिव पूजन शास्त्री समता महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न

दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास

रोहतास जिले में दिनारा स्थित शिव पूजन शास्त्री महाविद्यालय में शासी निकाय सदस्य पद हेतु शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन पदाधिकारी सह महाविद्यालय के प्राचार्य कमलाकांत सिंह ने बताया कि शिक्षक प्रतिनिधि के लिए दो उम्मीदवार प्रो लक्ष्मण सिंह राजनीति विज्ञान शास्त्र एवं प्रो शिवधनी सिंह दर्शनशास्त्र विभाग मैदान में थे। मतदान में कुल 24 मत पड़े जिसमें प्रो लक्ष्मण सिंह को 10 मत प्राप्त हुआ जबकि प्रो शिवधनी सिंह को 14 मत मिले।इस प्रकार चार मतों से प्रो. शिवधनी सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान प्रक्रिया के समय महाविद्यालय के शिक्षकों के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार एवं दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार भी मौके पर उपस्थित थे।

पूर्व के भूमि विवाद मे मारपीट व गोलीबारी के मामले में लंबे समय से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को मनियारी गांव से विगत चार वर्ष पूर्व भूमि विवाद में हुई मारपीट व गोलीबारी मामले में एक फरार अभियुक्त को पुलिस में गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुदेश्वर कुमार दास ने बताया कि वर्ष 2019 में मनियारी गांव में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक संघर्ष में गोलीबारी करने के आरोपी वकील पासवान उर्फ वासुदेव पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। जो न्यायालय से बेल टूटने के बाद विगत एक वर्ष से फरार था। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

काली माता मंदिर में बलि प्रथा अंत का मनया जायेगा वार्षिकोत्सव

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

रोहतास जिले राजपुर प्रखंड क्षेत्र के बरांव गांव स्थित काली माता मंदिर में बलि प्रथा अंत का वार्षिकोत्सव समारोह 25 सितम्बर को मनाया जायेगा.इस अवसर पर मंदिर परिसर में हरे रामा हरे कृष्णा महामंत्र जाप का 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन हुआ है। कमेटी के अध्यक्ष गांव निवासी स्वर्गीय रामानुज मिश्रा के समाजसेवी बेटा प्रमोद मिश्रा ने बताया उक्त तिथि को सुबह छः बजे माता रानी का पूजा पाठ कर संगीतमय महामंत्र की जाप शुरू होगी। जिसका समापन अगले दिन सुबह पूणार्हुति के उपरांत होगा। इस अवसर पर लंगर का आयोजन होगा, जहां हजारों श्रद्धालु भक्तगण माता रानी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि बरांव गांव में बलि प्रथा का अंत हुए काफी दिन हो गये हैं।जब ये बीमारी हर जगह भयानक रूप में फैली हुई थी, तभी उनके पूर्वजों के नेतृत्व में गांव के बुद्धिजीवियों के सहयोग से इस प्रथा का अंत कर लिया गया है।

बीड़ीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच

दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास

रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड क्षेत्र के हटा व खुरमाबाद पंचायत में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जांच किया गया। जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि बेघर को बहुत जल्द ही घर मिलेगा। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि वैसे लाभुक जो पैसा लेकर घर नहीं बनाए हैं, उन लोगों के खिलाफ वारंट निर्गत किया जाएगा। दो लोगों के खिलाफ वारंट भी किया गया है। खुरमाबाद पंचायत के ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया।

मुकदमों के दाखिल होने की अपेक्षा निपटान अधिक हुआ

भारत में शीर्ष उपभोक्ता संरक्षण निकाय राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) और उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अगस्त 2023 में 854 उपभोक्ता मामलों को सफलतापूर्वक निपटाया। इस अवधि के दौरान 455 नए मामले दाखिल किए गए। वर्ष 2023 में मामलों की निपटान दर सर्वाधिक 188 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं की चिंताओं को दूर करने के लिए एक निष्पक्ष और कुशल तंत्र प्रदान करने के लिए एनसीडीआरसी के समर्पण को दशार्ती है।

आयोग ने वर्ष 2023 में उपभोक्ता मामलों के निपटान की दिशा में उल्लेखनीय सुधार किया है। यह उपलब्धि उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त करती है। एनसीडीआरसी के अध्यक्ष द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों के कारण सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और ई-दाखिल जैसी उन्नत तकनीक के साथ, मामलों को पहले से कहीं अधिक तेजी से हल किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता मामलों की नियमित निगरानी के लिए विभाग ने 2 दिसंबर 2022 को गुवाहाटी में विभिन्न एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया है जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों ने भाग लिया।

मुंबई के ऐसा ही इस बार काफी धूमधाम से भागलपुर नाथनगर में गणेश पूजा किया गया

समाज जागरण

भागलपुर(बिहार) मुंबई में जिस तरह से गणपति जी का पूजा पाठ कलश शोभा यात्रा हैप्पी रूप से निकाली जाती है,ठीक उसी तरह से इस वर प्रत्येक वर्ष कि भांति बिहार के भागलपुर नाथनगर तथा अन्य जिले के शहरों में काफी धूमधाम से गणेश पूजा किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव जी तथा समिति के अन्य सदस्यों द्वारा शांति व्यवस्था को लेकर लगे थे। त्योहार पर शांति व्यवस्था बहाल हो सके और बिहार ही नही बल्कि देश में शांति सद्भाव भाईचारे का संदेश स्थापित हो सके।बता दे कि गणेश चतुर्शी के दिन व्रत रखने से या घर में भगवान गणपति की स्थापना करने से उसे घर में मां लक्ष्मी का वास होता है, और चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन के साथ हुए अपने भक्तों के सारे कष्ट संकट दूर कर देता है। बता दें कि गणेश चतुर्थी हिंदुओं के प्रमुख त्यौहार में से एक है जो भगवान गणेश को समर्पित है। यह त्यौहार पूरे देश में उत्साह आनंद के साथ मनाते हैं। गणेश चतुर्दशी भगवान गणेश की पूजा के लिए सबसे शुभ दिन में से एक माना जाता है। गणेश जी का जन्म भाद्रपद मां के शुक्ल पक्ष की चतुर्शी तिथि को हुआ था। इसलिए भी गणपति बप्पा मोरिया के फनी से इस दिन पूरा देश भक्ति भाव के वातावरण में ढल जाता है। क्योंकि हर घर गणपति बप्पा की पूजा किया जाता है। इस दिन ही गणेश जी धरती पर आकर अपने भक्तों का दुख दूर किए थे। ऐसे कहीं-कहीं 10 दिनों तक गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाता है। गणेश जी को मीठा पसंद है इसीलिए इनको लगाने के लिए भोग में लड्डू बनाया जाता है।

श्याम बाजार के समीप कंटेनर वहान की टक्कर से बाइक सवार बेटे की मौत व पिता गंभीर रूप से हुआ घायल

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका(बिहार) जिले के श्याम बाजार के समीप कंटेनर वहान की टक्कर से एक युवक की हुई मौत, सदर अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम, भागलपुर दुमका मुख्य मार्ग स्थित, श्याम बाजार समीप मंगलवार की सुबह एक कंटेनर वहान के टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया,

वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दिया, जहां सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सोपा गया, बताया गया कि मोतिया डुमरिया गांव निवासी विक्रम कुमार अपने पिता राघवेंद्र काफ्री को बाइक से लेकर जहसीडी जा रहे थे, इसी दौरान श्याम बाजार के समीप कंटेनर वहान के टक्कर से बाइक सवार युवक विक्रम कुमार की मौत हो गई जबकि उनके पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए!

देश के गरीबो के लिए बरदान बन रही मोदी सरकार कि आयुष्मान भारत योजना :-राकेश सिंह

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह ने

समाज जागरण

भागलपुर (बिहार)में एक प्रेस वार्ता को निजी होटल में संबोधित करते हुए कहा कि कल पार्लियामेंट में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत महिला आरक्षण दिया गया जो मिल का पत्थर साबित होगा।

प्रदेश प्रवक्ता श्री सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना का कार्ड बनाने में बिहार सरकार फिसड्डी साबित हुई है।
जहां पुरे देश में 50प्रतिशत कार्ड बना है, वही बिहार में सिर्फ 13 प्रतिशत।
वही भागलपुर में 16 लाख बनना था जबकि मात्र 1लाख ही बना है।
भाजपा प्रवक्ता ने जोर देते हुए कहा कि एक विशेष अभियान के तहत 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर 2अक्टूबर गांधी जयंती तक एक अभियान के तहत पंचायत स्तर पर कार्ड बनाया जायेगा जिसमें भाजपा कार्यकर्ता सहयोग करेंगे।
पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष संतोष कुमार,बंटी यादव, मृणाल शेखर, विजय कुशवाहा,विनोद सिन्हा, शशि मोदी,जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी,कुमार श्रवण, रितेश घोष, चंदन यादव उपस्थित रहे।

नए संसद भवन में लोकसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

आज प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में नए सदन में आपने मुझे बात रखने के लिए अवसर दिया है इसलिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस नए संसद भवन में मैं आप सभी माननीय सांसदों का भी ह्दय से स्वागत करता हूं। ये अवसर कई माइनो में अभूतपूर्व है। आजादी के अमृतकाल का ये उषाकाल है और भारत अनेक सिद्धियों के साथ नए संकल्प लेकर के, नए भवन में अपना भविष्य तय करने के लिए आगे बढ़ रहा है। विज्ञान जगत में चंद्रयान-3 की गगनचुंबी सफलता हर देशवासी को गर्व से भर देती है। भारत की अध्यक्षता में ऋ20 का असाधारण आयोजन विश्व में इच्छित प्रभाव इस अर्थ में ये अद्वितीय उपलब्धियां हासिल करने वाला एक अवसर भारत के लिए बना। इसी आलोक में आज आधुनिक भारत और हमारे प्राचीन लोकतंत्र का प्रतीक नए संसद भवन का शुभारंभ हुआ है। सुखद संयोग है कि गणेश चतुर्थी का शुभ दिन है। गणेश जी शुभता और सिद्धी के देवता है, गणेश जी विवेक और ज्ञान के भी देवता है। इस पावन दिवस पर हमारा ये शुभारंभ संकल्प से सिद्धी की ओर एक नए विश्वास के साथ यात्रा को आरंभ करने का है।

आजादी के अमृतकाल में हम जब नए सकल्पों के लेकर चल रहे हैं तब, अब जब गणेश चतुर्थी का पर्व आज है तब लोकमान्य तिलक की याद आना बहुत स्वाभाविक है। आजादी के आदोंलन में लोकमान्य तिलक जी ने गणेश उत्सव को एक सार्वजनिक गणेश उत्सव के रूप में प्रस्थापित करके पूरे राष्ट्र में स्वराज्य की आहलेख जगाने का माध्यम बनाया था।

गाँधी जयन्ती पर राजघाट समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन के लिए संजय कुमार और राहुल कुमार का चयन

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर -(बिहार) :अन्तर्राष्ट्रीय समरसता के सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल में सामाजिक कार्यकर्त्ता निवासी प्रखंड के सोनवर्षा श्री संजय कुमार और राहुल कुमार का चयन कर्म स्थली कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर सलाहकार बोर्ड द्वारा किया गया है। सांस्कृतिक सचिव सचिव लाल बहादुर ने बताया कि 2 अक्टूबर 2023 गॉधी जयन्ती पर अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच का सांस्कृति शिष्ट मण्डल दी इण्डियन सोसायटी ऑफ इन्टरनेशनल लॉ. वी. के. कृष्णन मेनन भवन से इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा शुभारम्भ कर प्रातः 11:45 बजे राजघाट समाधी स्थल नई दिल्ली पहुंच कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रद्धा सुमन, प्रार्थना करेंगे । इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, औद्योगिक क्षेत्र, फिल्म उद्योग, प्रशासनिक क्षैत्र, राजनैतिक क्षेत्र के महननीय एंव प्रबुद्ध व्यक्तियों को सम्मलित किया जा रहा है। इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा शुभारम्भ से पूर्व सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यों का सलाहकार बोर्ड सदस्यों द्वारा नेपाल राष्ट्र की टोपी शाल, अभिनन्दन पत्र, मेडल, स्मृति

चिन्ह भेट कर स्वागत कक्ष में अगवानी की जायेगी यात्रा में बैड व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा । राजघाट समाधि स्थल पर सामूहिक ग्रुप फोटोज समापन पर सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यों के सम्मान में आन्ध्र प्रदेश भवन में लन्च का आयोजन रखा गया है। चयनित सदस्य श्री संजय कुमार, भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त भारत - नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो, भारत पुनः वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद स्थापित हो, भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्ट्रो का नैतिक समर्थन की आशा में प्रेरेरित अभियान को नैतिक समर्थन देंगे इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा को 22 राष्ट्रों ने, भारत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, आस्टिया, क्रोरिया, फिनलैण्ड, फिन्नीश, जर्मन, ईराक, इजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजिरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल डेनिश तुनिशिया ने नैतिक समर्थन पर अपने अपने राष्ट्र का राष्ट्रध्वज मंच को प्रदान किया है।

भाजपा के चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़

समाज जागरण

भागलपुर बिहार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत भाजपा भागलपुर द्वारा निशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन चंपानगर मंडल स्तिथ नरसिंह मंदिर प्रांगण में दीप जलाकर उद्घाटन किया गया।चंपानगर मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इसी के साथ खांसी, जुखाम, जुकाम, बुखार, दर्द से पीड़ित लोगों को जरूरी दवाइयां भी मुफ्त में दी गई। शिविर में 210 मरीज लाभान्वित हुए।
चिकित्सक के रूप में डॉ निलय कृष्ण,डॉ धीरज कुमार, डॉ गोपाल कृष्ण मिश्र,डॉ राजीव लाल,डॉ धर्मेन्द्र कुमार,डॉ धन्यजय साह, डॉ पीके यादव, डॉ कृष्णानु सिन्हा,डॉ विशाल मिश्रा, डॉ धीरज चौधरी ने द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान, रहन-सहन एवं व्यवस्थित जीवन-शैली का परामर्श दिया साथ ही उन्हें निःशुल्क दवा भी दी गई।
मंच संचालन विनोद सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन आशीष सिंह ने किया।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह ने कहा की सेवा ही संगठन भाजपा का मूल मंत्र है। सिर्फ भाजपा

ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसके कार्यकर्ता अपने सामाजिक दायित्व की पूर्ति के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं।जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इस क्षेत्र में जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित कर रही है। सरकार के साथ ही देश भर में पार्टी ने भी स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे के निर्माण और विभिन्न बीमारियों की देखभाल के बारे में जागरूकता फैलाने पर मुख्य रूप से ध्यान दे रही है जिसके तहत समय-समय पर इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।युवा नेता बंटी यादव ने कहा की प्रधानमंत्री के ठोस कार्यशैली के कारण भारतीय जनता पार्टी के प्रति देशवासियों का विश्वास बढ़ा है।कार्यक्रम प्रभारी नितेश सिंह, मनीष दास एवं राजेश टंडन ने कहा की सरकार के साथ ही देश भर में पार्टी ने भी स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे के निर्माण और विभिन्न बीमारियों की देखभाल के बारे में जागरूकता फैलाने पर मुख्य रूप से ध्यान दे रही है जिसके तहत समय-समय पर इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।
इस अवसर पर वार्ड पार्षद सविता देवी,विजय कुशवाहा,प्रणव दास,जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी,रितेश घोष, हेमंत कुमार, अमृतलाल,लालू कुमार,आशीष यादव, अरुण शाह,रंजीत गुप्ता,संजय मालाकार,पुष्पा देवी,लक्ष्मी कुशवाहा,सुनिधि मिश्रा,सुनीता देवी, चंदन यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

फर्जी आधार कार्ड बना कर गुजरात में छिपा था अंतर्राज्जीय बैंक डकैत, नवगछिया पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में गुजरात से किया गिरफ़्तार

समाज जागरण
जिला संवादाता विवेक कुमार

भागलपुर (बिहार) नवगछिया पुलिस ने एक कुख्यात अंतर्राज्जीय बैंक डकैत को गुजरात से गिरफ्तार किया है। बता दें की इसी वर्ष 24 जनवरी को नवगछिया के बैंक ऑफ इंडिया में 20 लाख की डकैती में मुख्य आरोपी था। इसको लेकर नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए बताया की नवगछिया थाना क्षेत्र के पकड़ा निवासी पंकज सिंह नवगछिया में हुए बैंक डकैती में मुख्य मास्टर माइंड था। इसके ऊपर नवगछिया में 24 जनवरी को एनएच पर स्थित बैंक में लूट की घटना हुई थी जिस संबंध में नवगछिया थाना ने केस दर्ज किया गया था। इसमें 5 अपराधियों की पहले हीं गिरफ्तारी हो चुकी है। बैंक लूट की पूरा घटना का को मास्टर माइंड था हो बिहार हीं नहीं राजस्थान और झारखंड में भी लूट की घटना को अंजाम दिया था और बिहार के कई थाना क्षेत्रों में भी लूट एवं अन्य घटनाएं किया था। पंकज सिंह अपराधी का नाम है, इसकी जानकारी हमलोगों की मिली की यह गुजरात के भूज जिला अंतर्गत एक गांव में छिपा हुआ है। जानकारी मिलते ही नवगछिया पुलिस की चार सदस्यीय टीम गुजरात गई और वहां के स्थानीय थाना के सहयोग से अंतर्राज्जीय बैंक डकैत पंकज सिंह

को गिरफ्तार किया। इसने राजस्थान के अलवर में भी एक करोड़ रुपए लूट कांड में शामिल था। इसने भागलपुर के कहलगांव में भी बैंक लूट की कोशिश की थी लेकिन इसमें सफल नहीं हो पाया था। खगड़िया में भी लूट की घटना को अंजाम दिया था। पंकज कुमार पर लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक केस दर्ज है।
फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बना कर गुजरात में छिपा था
नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया की अंतर्राज्जीय बैंक डकैत पंकज सिंह नवगछिया और कहलगांव में बैंक डकैती करने के बाद वो गुजरात के भूज जिला में फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बना कर रह रहा था। पंकज कुमार को गिरफ्तार करने के बाद जब उससे पूछताछ किया और उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से तीन फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जप्त किया। इसने एक दो नहीं बल्कि तीन - तीन फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बना रखे थे। तीनों आधार कार्ड में अलग अलग नाम थे, किसी आधार कार्ड में संदीप कुमार शर्मा, किसी में संतोष मिश्रा और किसी में दिलीप कुमार लिखा रखा था और सभी फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस में बिहार के गोपालगंज का पता दिया गया था।

अपनी 16 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी की तलाश में दर-दर भटक रही है रानी देवी

समाज जागरण

खगड़िया (बिहार) जिला अंतर्गत परबत्ता प्रखंड के विष्णुपुर निवासी की रानी देवी अपने 16 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी की तलाशी में दर-दर भटक रही है क जानकारी के मुताबिक बीते जून माह में ही प्रतिमा कुमारी अपने पड़ोस की महिला के साथ परबत्ता बाजार गई थी जो वापस लौटकर घर नहीं आई क काफी मशक्कत के बाद परबत्ता थाना में केश दर्ज हुई क कांड संख्या 299/23 है पुलिस इस पर कोई सक्रियता नहीं दिखा रहा उक्त बातें रानी देवी ने मीडिया के साथ साझा करते हुए बताई कि परबत्ता थाना में पदस्थापित अनुसंधानकर्ता सरिता



कुमारी सुस्त दिखाई दे रही है मुझसे तलाशी के नाम पर रकम की मांग की जाती है कजब थाना जाते हैं तो मोबाइल बाहर रखवा कर प्रतिमा कुमारी की तलाशी हेतु वाहन खर्च के नाम पर मोटी रकम 10000 मांगी जाती है वहीं दूसरी तरफ संबंधित पुलिस पदाधिकारी इस विषय पर कुछ भी कहने से मतलब नहीं समझते हैं पुलिस अधिकारी सरिता कुमारी से मीडिया के पूछने पर बोली हम नहीं जानते हैं मुझे नहीं पता क लापता प्रतिमा कुमारी की तलाश में रानी देवी सरकारी कार्यालयों का चक्कर काट रही है वही संबंधित कांड अनुसंधान पदाधिकारी का स्पष्ट बयान भी नहीं आ रहा

देश के गरीबो के लिए बरदान बन रही मोदी सरकार कि आयुष्मान भारत योजना :-राकेश सिंह

समाज जागरण
जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर बिहार भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह ने भागलपुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कल पार्लियामेंट में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत महिला आरक्षण दिया गया जो मिल का पत्थर साबित होगा।
प्रदेश प्रवक्ता श्री सिंह ने कहा कि भागलपुर । आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह ने भागलपुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कल पार्लियामेंट में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत महिला आरक्षण दिया गया जो मिल का पत्थर साबित होगा। प्रदेश प्रवक्ता श्री सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना का कार्ड बनाने में बिहार सरकार फिसड्डी साबित हुई है। जहां पुरे देश में 50प्रतिशत कार्ड बना है, वही बिहार में सिर्फ 13 प्रतिशत । वही भागलपुर में 16 लाख हजार बनना था जबकि मात्र 1लाख हजार ही बना है। भाजपा प्रवक्ता ने जोर

देते हुए कहा कि एक विशेष अभियान के तहत 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर 2अक्टूबर गांधी जयंती तक एक अभियान के तहत पंचायत स्तर पर कार्ड बनाया जायेगा जिसमें भाजपा कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। योजना का कार्ड बनाने में बिहार सरकार फिसड्डी साबित हुई है। जहां पुरे देश में 50प्रतिशत कार्ड बना है, वही बिहार में सिर्फ 13 प्रतिशत । वही भागलपुर में 16 लाख हजार बनना था जबकि मात्र 1लाख हजार ही बना है। भाजपा प्रवक्ता ने जोर देते हुए कहा कि एक विशेष अभियान के तहत 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर 2अक्टूबर गांधी जयंती तक एक अभियान के तहत पंचायत स्तर पर कार्ड बनाया जायेगा जिसमें भाजपा कार्यकर्ता सहयोग करेंगे।
पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष संतोष कुमार,बंटी यादव, मृणाल शेखर, विजय कुशवाहा,विनोद सिन्हा, शशि मोदी,जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी,कुमार श्रवण, रितेश घोष, चंदन यादव उपस्थित रहे।

सेंट जोसेफ स्कूल में दो स्पोर्ट्स टीचर द्वारा नवमी के छात्रा के साथ किया दुष्कर्म, का मामला तूल पकड़ता जा रहा है

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र उतरे सड़कों पर पुलिस ने दो कार्यकताओं को किया गिरफ्तार

समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर बिहार के प्रतिष्ठित सेंट जोसेफ स्कूल में विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर के द्वारा इस विद्यालय की नवी क्लास की नाबालिग लड़की के साथ गलत काम करने के प्रयास करने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इसको लेकर विद्यालय के मुख्य द्वार पर पुतला दहन कार्यक्रम रखा और जमकर स्कूल प्रशासन को लेकर नारेबाजी की तभी अचानक प्रशासन वहां पहुंची और प्रशासन ने बलपूर्वक यह प्रदर्शन यह बोलकर बंद कर दिया कि आप लोग कहीं से आदेश नहीं लिए हैं इसको लेकर प्रशासन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों के बीच तू तू मैं मैं भी हुई जिसके चलते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कुणाल पांडे और हर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का साफतौर पर कहना है कि प्राचार्य ने अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस बुलाई और हम लोगों के साथ दुर्व्यवहार कराया है ऐसे प्राचार्य पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए साथ ही प्राचार्य के देखरेख में यह घिनोना काम हुआ है, सेंट जोसफ विद्यालय के प्राचार्य इसको

लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं यह भी प्रश्न चिन्ह है, भेड़िया के रूप में दरिंदगी करने वाले इस विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा था।
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुष्प पांडे ने कहा कि प्राचार्य के देखरेख में यह घिनौना काम हुआ है प्राचार्य उसको लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं जबकि सारी घटना से वाकिफ है इतना ही नहीं हम लोग जब इसको लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे तो उन्होंने पुलिस प्रशासन को बुलाकर हम लोगों के साथ गलत व्यवहार कराया है दोनों स्पोर्ट्स टीचर भेड़िए के रूप में दरिंदगी की है उसे कभी माफ नहीं करना चाहिए प्राचार्य के साथ-साथ विद्यालय पर भी कार्रवाई होनी चाहिए प्रशासन प्राचार्य को सुरक्षा महिया कर रही है लेकिन एक लाचार नाबालिक लड़की को न्याय दिलाने का झूठा नाटक कर रही है। पूर्व प्रत्याशी मृणाल शेखर ने कहा भागलपुर के सेंट जोसेफ स्कूल की घटना काफी निंदनीय है हम लोग अपने बच्चों को स्कूल भेज कर कैसे सुरक्षित महसूस करेंगे यह समझ से परे होता चला जा रहा है दोषियों पर कार्रवाई हो वरना आंदोलन होगा दूसरे देशों में ऐसे दोषियों को मृत्यु दंड दी जाती है शिक्षक के नाम पर कलंक इस दरिंदे को भी मृत्यु दंड दी जाए जल्द सरकार इस पर काम करें यही मेरी मांग है।

भागलपुर में इस बार गणेश पूजा आकर्षण का केंद्र रहा, पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव

समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार

भागलपुर(बिहार) मंगलवार को जिस तरह से पुरे देश से में गणपति जी का पूजा पाठ कलश शोभा यात्रा आकर्षण के साथ निकाला जाता है। ठीक उसी तरह से इस बार प्रत्येक वर्ष के भांति बिहार के भागलपुर नाथनगर तथा अन्य जिले शहरों में काफी धूमधाम से गणेश पूजा किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव जी बताते है कि पहले गणेश पूजा देश कुछ राज्यों में प्रचलित था खास कर महाराष्ट्र में श्री गणेश की पूजा बड़े पैमाने पर पूरे राज्य में बड़े ही धूमधाम वह श्रद्पूर्वक मानते हैं महाराष्ट्र में गणेश पूजा में जगह-जगह संस्कृति कार्यक्रम आयोजित भी किया जाता है पुरे राज्य में मनोरम दृश्य जगमग कर दिखाई देते हैं पर अब ऐसा नहीं है अब श्री गणेश की पूजा देश के लगभग राज्यों में लोग बड़े श्रद्धा से मानते हैं हमारे भागलपुर नाथनगर रेशमी शहर में भी श्री गणेश जी की पूजा अब भव्य रूप से मनाया गया है।पूरे जिला में गणेश पूजा एक आकर्षण का केंद्र बना रहा श्रद्धालु बड़े श्रद्धा से भगवान श्री गणेश को मिठाई चढ़ाएं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किए पूरे भागलपुर में पुलिस प्रशासन का शांति व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान देखने को मिला साथ ही हमारे पूजा समिति के सभी कार्यकर्ता शांति सद्भाव भाईचारे स्थापित करने में दिन-रात लगै रहे समिति के अन्य सदस्यों द्वारा शांति व्यवस्था को लेकर चौंक चौराहे पर सक्रिय थे।चूंकि त्योहार पर शांति व्यवस्था बहाल हो सके । वैसे 6,7शालो से डीजे पर प्रतिबंध लगा है । कोई भी त्यौहार हो बॉक्स बजाने का है डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है । कहते हैं जिला प्रशासन द्वारा डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है । जिसका पूजा समिति द्वारा समुचित रूप से नियम का पालन किया जा रहा है । जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग समिति को मिलता है । सभी स्थानों पर समिति अध्यक्ष खुद जा जाकर निरीक्षण भी किये। वैसे जहां-जहां समिति के सदस्य हैं, सभी से पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने कोई भी त्यौहार पर डीजे ना बजे बॉक्स बजाने की अपील किये। आगे श्री यादव कहते हैं कि कोई भी त्यौहार पर शांति सद्भावना



भाईचारे का माहौल बना रहे इसके लिए समिति के सदस्यों के साथ-साथ प्रशासन का अहम रोल रहता है। वैसे मे बिहार ही नही बल्कि देश में शांति सद्भाव भाईचारे का संदेश स्थापित हो रहा है।बता दे कि गणेश चतुर्शी के दिन व्रत रखने से या घर में भगवान गणपति की स्थापना करने से उसे घर में मां लक्ष्मी का वास होता है, और चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन के साथ हुए अपने भक्तों के सारे कष्ट संकट दूर कर देता है। बता दें कि गणेश चतुर्थी हिंदुओं के प्रमुख त्यौहार में से एक है। जो भगवान गणेश समर्पित है। यह त्यौहार पूरे देश में उत्साह आनंद के साथ मनाते हैं। गणेश चतुर्दशी भगवान गणेश की पूजा के लिए सबसे शुभ दिन में से एक माना जाता है। गणेश जी का जन्म भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्शी तिथि को हुआ था। इसलिए भी गणपति बप्पा मोरिया के फनी से इस दिन पूरा देश भक्ति भाव के वातावरण में ढल जाता है। क्योंकि हर घर गणपति बप्पा का पूजा किया जाता है। इस दिन ही गणेश जी धरती पर आकर अपने भक्तों का दुख दूर किए थे। ऐसे कहीं-कहीं 10 दिनों तक गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाता है। गणेश जी को मीठा पसंद है इसीलिए इनको लगाने के लिए भोग में लड्डू बनाया जाता है। इस आयोजन को लेकर के पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव, महामंत्री देवाशीष बनर्जी, संरक्षक भावेश यादव, अशोक राय, अभिनंदन यादव, प्रवीण यादव, मास्टर विक्रम यादव, दिलीप मालाकार, राजू मलाकार, अमरकांत मंडल,शिव शंकर सिंह पप्पू मंडल, भागवत रंजक, रंजीत यादव, अशोक सिंह मानव बाबा, संतोष बाबा क्रितेश यादव, तन्मय, मनीष कुमार, सनी कुमार, प्रेम कुमार, आदि कार्यकर्ता सक्रिय दिखे।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लगाइ गुहार, अतिक्रमण को लेकर न्यायालय जाने को मजबूर होंगे ग्रामीण।

समाज जागरण जिला चीफ ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर (बिहार) जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी में महीनों से जल जमाव एवं सरकारी नाले पर अतिक्रमण को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।ग्रामीणों ने पुनः एक लिखित आवेदन जिला प्रशासन को दिया है।आवेदन में लिखा है पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी मुख्य सड़क यूको बैंक से शमशाद चाय दुकान एवं मुख्य सड़क पंचायत भवन पुरैनी दक्षिणी से मध्य विद्यालय पुरैनी दक्षिणी से होकर सरकारी नाले के अतिक्रमण को लेकर जल जमाव का निकासी करना है इस संबंध ग्रामीणों ने 17.08.2023 को पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं जिला परिषद के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं बिहार राज्य महिला आयोग सदस्य राबिया खातून, राजद नेता अकबर अंसारी गाँव के बुद्धिजीवी के साथ जिला परिषद के आवास पर बैठक हुई।
प्रखंड से आए पदाधिकारी,जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीण जनता के साथ स्थल निरीक्षण किया और कहा के सरकारी नाले पर जो भी अतिक्रमण कर रखा है एक सप्ताह के अंदर हटा लें नहीं चलेगी बुलडोजर अंचल कार्यालय द्वारा 2 अमीन, राजस्व

कर्मचारी एवं संबंधित मौजा के नक्शा अनुसार अतिक्रमण वाले नाले और सड़क का मापी कराया गया। आमीन द्वारा बताया कि 15 फीट सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण है। यह सड़क पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी से होकर जाने वाली मुख्य सड़क जो आगे कई गाँव को जोड़ता है आवेदन में आगे लिखा है विधि व्यवस्था की इज्जत करने वाले अपने-अपने सामने से अतिक्रमण हटा लिया है कुछ ग्रामीण आना कानी कर रहे हैं ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि का आरोप है प्रशासनिक कार्रवाई में विलंब होने के कारण बुलडोजर के साफ सफाई में परेशानी हो रही है ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाया है। स्थाई सरकारी नाले पर अतिक्रमण से मुक्ति और साफ सफाई को ले कर प्रशासन की सहयोग की आवश्यकता है। आवेदन में संयुक्त रूप से वार्ड सदस्य मुश्ताक पंचायत समिति समाया शमीम जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार सरपंच जीनत परवीन, आसफा खातून उपसरपंच वसीम उप मुखिया सिराजुल एवं ग्रामीण जनता राजद नेता अकबर अंसारी जफर अहमद जहांगीर शाहजहां परवेज चाय वाला इलियास समीर यासीन अब्दुल अफरोज अशफाक मोहम्मद रज्जाक आदि ने दिया है।

तेजस्वी जी !प्रदेश नेतृत्व द्वारा अररिया जिलाध्यक्ष चयन करते समय बड़ी हो गई है चूक,लोकसभा चुनाव है सामने

अररिया राजद जिलाध्यक्ष का क्रियाकलाप और अभद्रतापूर्ण व्यवहार से जमीनी राजद कार्यकर्ता परेशान

जिला के पुराने तथा कर्मठ कार्यकताओं ने कहा "तीतर के हाथ लगा बटेर"

पटना।

प्रदेश नेतृत्व द्वारा अररिया जिलाध्यक्ष चयन करते समय एक बहुत बड़ी चूक हो गई। जुम्मा-जुम्मा आठ रोज हुए पार्टी में आए और जिला राजद के देव- दुर्लभ कार्यकताओं से अनभिज्ञ मनीष यादव जी को जिलाध्यक्ष जैसे अहम पद का दायित्व दे दिया। अररिया राजद आज भंवर में फंस गई है, उजार्वान कार्यकर्ता धीरे-धीरे निष्क्रिय हो रहे हैं। पुराने कार्यकताओं एवं सांगठनिक पदाधिकारियों की अनदेखी और उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार के कारण जिला में सर्वप्रथम जिला संगठन के निर्माण में राजद के पुराने कार्यकताओं को दरकिनार कर दिया गया। पुराने जिला संगठन और प्रखंड के पदाधिकारियों में से मात्र तीन व्यक्ति अमित पूर्वे, रामनारायण विश्वास और राजेश यदुवंशी को संगठन में लिया गया। जिला राजद के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव अरुण यादव, जिन्हें कि स-सम्मान एक नम्बर उपाध्यक्ष बनाया जाना चाहिए था, उन्हें पुछना भी इन्होंने गवारा नहीं समझा और दूध की मक्खी की तरह बाहर फेंक दिया। किसी भी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और अधिकतर प्रखंड पदाधिकारियों को कोई स्थान नहीं दिया गया। जिलाध्यक्ष के अभद्रतापूर्ण व्यवहार और हिटलरशाही का महत्वपूर्ण उदाहरण है , जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे जी और जिला महासचिव राजेश यदुवंशी जी का त्यागपत्र, इन्होंने पद पर बने रहने से अच्छा इज्जत बचाये रखने के लिए त्यागपत्र देना ही उचित समझा। अब पुराने कार्यकताओं में से संगठन में रखे गए, मात्र एक और नाम रामनारायण विश्वास, तो वे भी जिलाध्यक्ष के क्रियाकलापों से आहत हैं और खुद को लगभग निष्क्रिय कर लिया है। जिला के लगभग सभी वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ता खुद को ठगा - ठगा महसूस कर रहे, खुद के दल के बैठक में उन्हें लगता है कि वे कहीं गैरों के महफि ल में आकर बैठ गए हैं। पूर्व जिलाध्यक्षों की बात की जाए तो चाहे वो विश्वमोहन यादव जी हों , जनाब कमरुज्जमा साहब

हों या फिर सुरेश पासवान जी सभी दल और दलीय कार्यकताओं की दशा देखकर हतप्रभ हैं। अपने द्वारा जिला में सींचे गए राजद और राजद कार्यकताओं का हस्र उन्हें बेचैन कर दे रही है। जिलाध्यक्ष का ड्राइवर और कई ऐसे व्यक्ति जो राजद के प्राथमिक सदस्य भी नहीं रहे हैं आज जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी हैं जबकि लगभग सारे वरिष्ठ और महत्वपूर्ण कार्यकर्ता दरकिनार कर दिए गए हैं।

रही बात जिला के प्रदेश पदाधिकारियों की तो एक पदाधिकारी मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव ने बताया कि उन्हें आज तक किसी भी बैठक की सूचना मुझे न तो ह्वाट्सएप और काल के माध्यम से मुझे दी गई है , मात्र एक बार जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास जी का मेरे चलभाष पर उनका कॉल मेरे पास आया था , परन्तु बाहर होने के कारण मैं बैठक में भाग नहीं ले सका। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश पदाधिकारियों का लगभग यही हाल है। कुल मिलाकर देखा जाए तो लोक-सभा चुनाव से पूर्व पार्टी की स्थिति जिला में दयनीय होते जा रही है।

ए टू जेड नीति की उड़ रही धज्जियां

पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जो कि 1990 से समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं , और उस समय तात्कालीन जनता दल के नरपतगंज प्रखंड के युवा अध्यक्ष रह चुके हैं तथा पिछले दो कार्यकाल से राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हैं , उन पर मिथ्या ही आरोप लगाकर प्रदेश में शिकायत दर्ज करा आए। जबकि उनके शिकायत के दोनों बिन्दु बेबुनियाद हैं , जिला अध्यक्ष राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ महानन्द विभू के जिस कार्यक्रम हवाला देकर शिकायत की गई है , उस कार्यक्रम के बैनर में जिलाध्यक्ष की तस्वीर लगी है और उनके कॉल डिटेल का स्क्रीन शॉट भी मौजूद है जो यह दशार्ता है कि उन्होंने जिलाध्यक्ष को कार्यक्रम के निमित्त उन्हें काल किया था। ए टू जेड का दूसरा उदाहरण है , फारबिसगंज प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, जो कि लगातार दूसरी बार निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष हैं और वर्तमान में फारबिसगंज प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष ही नहीं फारबिसगंज में एक रसूखदार राजनीतिक छवि रखते हैं, उनके खिलाफ भी प्रदेश में जाकर शिकायत दर्ज करा आए। अनुशासन हीनता तो और कि प्रदेश महासचिव भाई अरुण द्वारा इन दोनों के नाम निर्गत गोपनीय शो-काउज प्रपत्र को जिला के अधिकारिक ह्वाट्सएप ग्रुप में खुद से सार्वजनिक कर उन्हें खुलेआम तौर पर अपमानित करने का प्रयास किया साथ ही जिलाध्यक्ष जैसे गरिमामय पद को तार-तार कर दिया। ए टू जेड के नीति को मटियामेट करने का तीसरा उदाहरण है , जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे का इस्तीफा। ऐसे कई उदाहरण है।

पार्टी संविधान का उड़ा रहे धज्जियां

पार्टी संविधान के अनुसार सांगठनिक निर्वाचन में निवार्ची पदाधिकारी का निर्णय सर्वमान्य होता है और उनके द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र आउथेंटिक होता है। जिलाध्यक्ष ने अपनी सुपरमेसी दिखाने के लिए सभी निर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों को पुनः मनोनयन पत्र देते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र वैलिड है और इसे प्रदेश से एप्रुव जब तक नहीं करा लेता आप खुद को फुलफ्लेजेज प्रखंड अध्यक्ष नहीं समझें। इतना ही नहीं प्रखंड अध्यक्षों और निर्वाचित पंचायत अध्यक्षों को भी बार-बार पद से हटाने का धमकी देते हैं । स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि प्रदेश ने सारे अधिकार जिला अध्यक्ष को दे रखा है।

कार्यालय स्थानान्तरण

जब पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव राजद के जिलाध्यक्ष हुआ करते थे , तब ही उन्होंने खुद की जमीन खरीद और मकान बनाकर उसे जिला राजद कार्यालय के रुप में स्थापित किया था , तब से चाहे वह कमरुज्जमा साहब का दो-दो कार्यकाल हो या सुरेश पासवान जी का जिला कार्यालय के रुप में स्थापित रहा और सभी कार्यकताओं के लिए घर जैसा था , रात्रि में जरुरत पड़ने पर वहां कार्यकताओं के रुकने की भी सुविधा थी। चौबीस घंटा यह कार्यालय कार्यकताओं के लिए उपलब्ध था। सिर्फ और सिर्फ पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव जी को अपमानित करने के ख्याल से जिलाध्यक्ष ने कार्यालय दूसरे जगह स्थानान्तरित कर दिया वरण इस निमित्त उन्होंने उन्हें सूचित करना भी उचित नहीं समझा।

जिलाध्यक्ष के भाषण की रुपरेखा

प्रत्येक बैठक में जिलाध्यक्ष के भाषण का मूल रुप रेखा सिर्फ और सिर्फ यही तक सीमित रहता है कि पूर्व के सांगठनिक पदाधिकारियों ने ये नहीं किया, पूर्व के विधायक ने ये नहीं किया। अपनी महत्ता दिखाने के लिए खुद के पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों और पूर्व विधायक को बदनाम करने का कोई प्रयास नहीं छोड़ते। उनके भाषण में यदा-कदा ही और शायद नहीं ही भाजपा विरोध की बू आती। न जानें क्यों परन्तु वे भाजपा के विरोध करने से कतराते रहते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो अगर प्रदेश नेतृत्व इन बिंदुओं पर संज्ञान नहीं लेती है तो अररिया राजद का भगवान ही मालिक.....

जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ मिशन इंद्रधनुष का पहला चरण

अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लाभुकों को किया गया टीकाकृत

अररिया ।

जिले में 11 से 16 सितंबर तक संचालित मिशन इंद्रधनुष 0.5 का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लाभुकों को टीकाकृत किया गया। गौरतलब है कि नियमित टीकाकरण अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में तीन चरणों में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। छह दिवसीय अभियान का पहला चरण बेहतर उपलब्धि के साथ जिले में संपन्न हो चुका है। अभियान का दूसरा चरण 09 से 14 अक्टूबर व तीसरा चरण 27 नवंबर 02 दिसंबर के बीच संचालित किया जाना है। पहले चरण की उपलब्धियों से उत्साहित विभाग अभियान के दूसरे व तीसरे चरण में अपनी उपलब्धियों में सुधार करते हुए राज्यस्तरीय रैंकिंग में अपने प्रदर्शन में सुधार के प्रयासों में जुट चुका है। सोमवार को डीआईओ की अध्यक्षता में आयोजित डीडब्ल्यूआर की बैठक में इसकी रणनीति पर विस्तृत विमर्श किया गया। जिला प्रतिरक्षण

पदाधिकारी डॉ मोईज ने अभियान की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ये अभियान जिले में पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने कहा कि अभियान की उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य से भी बेहतर रहा है। अभियान के आगामी चरण में हम अपनी उपलब्धियों को और अधिक बेहतर करने के प्रयास में जुट चुके हैं। अभियान की सफलता के लिये उन्होंने स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों से मिले सहयोग व समर्थन की सराहना करते हुए उन्होंने अभियान के अगले चरण की सफलता के प्रति आश्वस्त किया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि अभियान में निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक जिले में कुल 1040 टीकाकरण सत्र संचालित किये गये। इसमें पांच साल तक के बच्चों के टीकाकरण संबंधी लक्ष्य 19 हजार 147 की तुलना में कुल 18 हजार 225 बच्चों को टीकाकृत किया गया। मामले में जिले की उपलब्धि 95.2 प्रतिशत रही। इसी तरह गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण संबंधी लक्ष्य 03 हजार 598 की तुलना में कुल 04 हजार 311 गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टीका की निर्धारित डोज लगायी गयी। गर्भवती महिला के टीकाकरण मामले में जिले की उपलब्धि 119 प्रतिशत रही।

टीकाकरण के महत्व के प्रति

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने अभियान की सफलता पर संबंधित सभी विभाग व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के सुरक्षित व सेहतमंद भविष्य के लिये टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। टीकाकरण के महत्व के प्रति लोग धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिये ये जरूरी है। अपने परिवार व समाज की सुरक्षा के लिये उन्होंने टीकाकरण को प्राथमिकता देने की अपील आम लोगों से की।

बैंक लूट की योजना विफल, पुलिस के हत्थे चढ़ा अपराधकर्मी

01 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस एवम 02 मोबाईल फोन बरामद

महलगांव पुलिस ने दो भिन्न – भिन्न कांडो की 02 अपहताओ को सकुशल किया बरामद

अररिया।

दिनांक 18 सितंबर दोपहर करीब 1.30 बजे अररिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी अररिया थाना अंतर्गत कुसियारगांव स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के पास लूट के अपराध के लिए जमा हुए है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अररिया थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसके द्वारा सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए अपराध की योजना बना रहे उक्त अपराधियो में से (01) मो० खालिद, उम्र करीब 42 वर्ष पिता मो० रईसुदीन, सा०- तुरकैली, वार्ड नं 03, थाना- जोकीहाट, जिला -अररिया को 01 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस एवम 02 मोबाईल फोन के साथ रंगे हाथ घटना स्थल पर ही

गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। जिनका भी पहचान करते हुए लूट की योजना बना रहे उक्त अपराधियों में से एक अन्य (02) ओमप्रकाश उर्फ पुत्तुल राय, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता- स्व० रामानन्द राय, सा०- गुणबंती, थाना बौसी, जिला अररिया को भी रात्री में गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मो० खालिद हुसैन का पूर्व का भी अपराधिक इतिहास रहा है। उपर्युक्त संबंध में अररिया थाना अंर्तगत कांड संख्या-935/23, दिनांक- 18/09/23, धारा- 399/402 भा० द० वि० एवम 25 (1-b) a/ 26/35 आर्म्स एक्ट अंतर्गत दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इधर महलगांव ओ० पी० पुलिस द्वारा महालगाव थाना अंर्तगत दर्ज दो भिन्न - भिन्न कांडो की 02 अपहताओ को सकुशल बरामद किया गया।

ओम नगर वार्ड नंबर 8 में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू

अररिया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अररिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ओम नगर वार्ड नंबर 8 बिजली पावर हाउस के सामने धूमधाम से गणेश पूजन महोत्सव का विधि विधान के साथ पूजा की शुरूआत की गई। बताते चलें कि पिछले 16 वर्षों से ओम नगर वार्ड नंबर 8 में गणेश पूजन महोत्सव बरे धूमधाम से मनाया जाता है। गणेश पूजनोत्सव समिति ओम नगर के संस्थापक गगन कुमार झा ने बताया कि आज 19 सितंबर से गणेश पूजा शुरू होकर 28 सितंबर 2023 को अनंत पूजा के पश्चात हवन उपरांत गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन कर 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन किया जाएगा। गणेश पूजनोत्सव समिति ओम

नगर के अध्यक्ष राजू राय, सुभाष जायसवाल, नितेश सिंह, पप्पू शाह, धीरज पासवान, रूपेश भगत, अमित शाह, शशि भूषण ठाकुर, विकास प्रकाश, रतन कुमार, निक्की शाह, कृष्णा पासवान, मनोज टेंट , कमलेश कुमार सहित सभी कार्यकर्ता पूजा को सफल बनाने एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे रहते हैं।

दीक्षारंभ 23 सितंबर को

मधेपुरा।

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के गणित विभाग में 23 सितंबर (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से स्नातक प्रथम खंड के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ सह सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सभी नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें विद्यार्थियों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा वर्ग तालिका आदि उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अर्थपाल डॉ. मिथलेश कुमार अरिमर्दन तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर होंगे।

पोल खोल अभियान के तहत जदयू नेताओं ने काले झंडे के साथ मनाया काला दिवस

अररिया।

बिहार सरकार की ओर से जातीय जनगणना किए जाने के फैसले के विरोध में भाजपा द्वारा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद भाजपा को मिले निराशा और उनके षड्यंत्र को बेनकाब करने को लेकर जदयू की ओर से पोल खोल अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय में जदयू कार्यकताओं ने काला झंडा और बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जातीय जनगणना को लेकर भाजपा के नापाक इरादों का पोल खोला।जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में आयोजित पोल खोल कार्यक्रम में जदयू कार्यकताओं ने काली मंदिर चौक से चांदनी चौक होते हुए एडीबी

चौक तक विरोध मार्च किया।तीसरे चरण में आयोजित कार्यक्रम में जदयू कार्यकताओं ने आमजनों से भाजपा के जातीय जनगणना को लेकर उनके दोहरे चरित्र से भी आम जनमानस को रूबरू कराया।इस दौरान मार्च में शामिल जदयू कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। पोल खोल अभियान के विरोध मार्च में शामिल जदयू कार्यकर्ता काला झंडा थाम नगाड़े बजाते हुए मार्च कर रहे थे। पोल खोल अभियान के तहत विरोध मार्च में जदयू के प्रदेश सचिव पवन कुमार मिश्रा,रमेश सिंह,संचिता मंडल,युवा जदयू जिलाध्यक्ष अरबाज रजा, सीताराम मंडल, उमेश पासवान, नवरेज आलम, इम्तियाज आलम,राजू मंडल, सदानंद मंडल, संजय यादव, अनुज कुमार प्रधान,गुड्डू अली, मनीष मेहता बुधन ऋषिदेव, मिथिलेश ऋषिदेव सहित बड़ी संख्या में जदयू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

रामपुर छातापुर के पनोरमा नगर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल, द्रुत गति से कार्य जारी

छातापुर ।

पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने छातापुर प्रखंड के रामपुर पनोरमा नगर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल लोगों को समर्पित करेगें।श्री संजीव बाबू ने कहा कि मां और मातृभूमि के ऋण से वे उबर नहीं सकते। वे अपनी जन्म भूमि के लिए कुछ कर गुजरने से परहेज नहीं हैं। अस्पताल उद्घाटन से पूर्व डॉक्टर्स टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था।अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल शुभारंभ को लेकर कार्य जोरों पर है । ए ग्रेड नर्स, नर्स

आदि के लिए भेकेंसी भी जारी हुई है। भव्य गेट पर अस्पताल का नाम अंकित किया जा चुका है। अन्य कार्य प्रगति पर है।बता दें कि रियल एस्टेट के क्षेत्र में सूबे के अव्वल श्री मिश्रा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभा रहे हैं।अब अपने गृह क्षेत्र रामपुर छातापुर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल की शुरूआत करने वो जा रहे हैं जिसमें सबों का सुझाव एवं सहयोग अपेक्षित रहने की बात उन्होंने कही।

कॉमर्स कॉलेज में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु प्रधानाचार्य की अगुवाई में किया गया वृक्षारोपण

मधेपुरा।

बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार की अगुवाई में वृक्षारोपण किया गया। डा. कुमार ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण यानी वृक्ष लगाना। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने

आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। इस मौके पर उनके साथ प्राध्यापक गण मौजूद रहे।

विश्वकर्मा पूजनोत्सव संपन्न

"ग्रेस्टोन इंफ्रा" एवं "सीमांचल कंस्ट्रक्शन" द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया विश्वकर्मा पूजा

परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने नाम आंखों से दी विदाई

अररिया।

"ग्रेस्टोन इंफ्रा" एवं "सीमांचल कंस्ट्रक्शन" द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव अररिया फोर लेन स्थित कार्यालय में

विधि विधान पूर्वक की गई।सीमांचल कंस्ट्रक्शन्स के मालिक सह परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा के कुशल नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। जमकर जयकारा लगा। भक्ति गीत से वातावरण गुंजायमान रहा।मंगलवार को नम आंखों से मूर्ति विसर्जित की गई। विश्वकर्मा पूजा यूं तो कई जगह हुआ किंतु इस जगह का पूजा का यादगार आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के चाणक्य के रूप में चर्चित वरीय समर्पित भाजपा नेता प्रेम कुमार मिश्रा भी पूजनोत्सव एवम विसर्जन कार्यक्रम में शरीक रहे।

भाजपा युवा नेता आदित्य दत्ता को मातृ शोक

महिला पर्यवेक्षिका समाज कल्याण विभाग अररिया अर्चना घोष नहीं रही

रानीगंज।

रानीगंज बाजार निवासी भाजपा युवा नेता आदित्य दत्ता की मां एवं महिला पर्यवेक्षिका समाज कल्याण विभाग अररिया श्रीमती अर्चना घोष का निधन सोमवार को शाम 5:00 बजे हो गई मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया इस मौके पर रानीगंज बाजार की सभी प्रमुख दुकान बंद रखी गई, वह अपने पीछे दो पुत्र छोड़ कर गई है आदित्य दत्ता एवं अंशु राज , उनके निधन पर भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, युवा जिला अध्यक्ष आकाश राज, जिला परिषद अमन राज, कृष्ण कुमार सेनानी, सुमन झा, मुकेश कुमार गुड्डू, मनोज पासवान, टिंकू पासवान, पिंटू महतो, शाहिद उनके परिवार के सुशांत दत्ता गुड्डू, सत्यजीत दत्ता फूचा, विक्की दत्ता, रूपक डे, रंजीत दत्ता, देवाशीष दत्ता, आकाश दत्ता, प्रसनजीत दत्ता, रणवीर मिश्रा, हैप्पी नायक, राजीव चौधरी, संजीत राज आदि ने दुख जताया है।

पीपिंग समारोह का आयोजन

अररिया।

मंगलवार 19 सितंबर को पुलिस अधीक्षक महोदय अररिया के निर्देशन

में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अररिया जिला के नवपदोंन्नत पुलिस निरीक्षक श्रेणी के पुलिस पदाधिकारियों को उच्चतर पद का बैज लगाकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से भाजपा कार्यकताओं में नयी ऊर्जा का हुआ संचार: समर सिंह

आगामी चुनाव में इसका प्रभाव दिखेगा

अररिया।

भाजपा के कद्दावर नेता सह लोकसभा संयोजक भाई समरनाथ सिंह उर्फ समर जी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के जोगबनी आगमन से भाजपा कार्यकताओं में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है. आगामी चुनाव में इसका प्रभाव दिखेगा. उनके आगमन से ना केवल भारत नेपाल के व्यापारिक संबंध को और मजबूत होगा. उनके आगमन से इस सीमावर्ती क्षेत्रों का चहुमुखी विकास होना तय है। श्री सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट जोगबनी में पहली बार गृहमंत्री अमित शाह के आगमन से सीमा क्षेत्र की सुरक्षा पुख्ता होने के साथ भारत-नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्तों

में प्रगाढ़ता आएगी. सामरिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण इस सीमावर्ती क्षेत्र में उनके आगमन पर बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल उत्साहित लोगों खासकर युवाओं में ना सिर्फ राष्ट्रीय भावना के जज्बे को मजबूत किया है बल्कि नई ऊर्जा का संचार किया है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा वे माननीय गृह मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र समर्पित किया। पत्र में श्री सिंह ने बिहार सकरार की निष्क्रियता से लंबित पूर्णिया चुनापुर हवाई अड्डा को दरभंगा पैटर्न पर शीघ्र चालू करने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश विकास की ओर अग्रसर है तथा भारत का सम्मान आज विश्व में काफी बढ़ा है एक ओर देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है तो सीमाओं पर जवानों की सुविधाएँ बढाई गयी है । भारत की जनता का अटूट विश्वास मोदी जी पर है बिहार के चालीसों सीट सहित लोकसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी तथा पुनः देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी हीं बनेंगे।

खवासपुर में गणपति दल के विशेष आमंत्रण पर शामिल महोत्सव में शामिल हुए संजय मिश्रा

फारबिसगंज ।

एस डी एम ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सह खांटी समाजसेवी संजय मिश्रा फारबिसगंज प्रखंड स्थित गणेश चौक खवासपुर में गणेशोत्सव में गणपति दल के विशेष आमंत्रण पर शामिल हुआ,मौके पर पूर्व मुखिया कुमार झा,पैक्स अध्यक्ष सनोज झा,

शिक्षक बासुकी नाथ मिश्रा सहित गणपति दल के कई लोग मौजूद थे।

झपटमारों ने उड़ाए 49 हजार

प्रातः संकलन प्रतिनिधि

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र स्थित नारियल विकास बोर्ड के समीप झपटमार गिरोह के सदस्यों द्वारा एक महिला से 49 हजार रूपया लेकर फरार हो गया .वही इस बाबत टूना देवी पति अरुण चौधरी ने बताया कि वे अपने पुत्र के साथ बैंक से 49 हजार रूपया निकासी कर बाइक से अपने घर भेलवा जा रहे थे. इस बीच नारियल विकास बोर्ड के समीप पीछे से आ रहे एक बाइक पर सवार दो युवक रुपए का थैला झपटकर मधेपुरा की ओर भाग गया. वही उनके पुत्र के द्वारा झिटकिया तक पीछा भी किया गया लेकिन पकड़ नहीं पाया.इस बाबत थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है .

लाभर्थियों को मिला आवास का स्वीकृति पत्र

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जफराबाद, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ब्लाक परिसर में मंगलवार को विधायक जगदीश नारायण राय ने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 85 लाभर्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना निदेशक जैकेश त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन, मुसहर, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा जिसमें 120 लाभर्थियों की सूची है जिसमें 85 लोग उपस्थित है। आज इनको स्वीकृति पत्र गया है। उन्होंने बताया कि पहली किश्त आज से दो दिन के भीतर 40 हजार आपके खाते में सीधे चली जायेगी। उसमें आप आवास बनवाना शुरू कर देंगे। नींव तक अगर पहुंच जाएगा। उसके बाद अधिकारियों द्वारा जीओ टैग किया जाएगा तब जाकर दूसरी किश्त 70 हजार आपके खाते में जाएगी जिसमें आपको छत ढलवाना होगा। उसके बाद फिर जीओ टैग होगा तब जाकर तीसरी किश्त 10 हजार आपके खाते में सीधे जाएगी। 25 वर्ग मीटर में आवास बनवाना है। जब आप आवास काम शुरू करेंगे तब मनरेगा

90 मानव दिवस की मजदूरी आपको मिलेगा। मजदूरी सीधे आपके खाते में जाएगी। मुख्य अतिथि जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि जनप्रतिनिधि या प्रधान, बीडीसी व सरकारी कर्मचारी को पैसा देने की कोई जरूरत नहीं है। सीधे आपके खाते में 1 लाख 20 हजार रुपये सीधे जाएंगे। आपको कोई दिक्कत हो तो सीधे हमसे आकर मिल सकते हैं। सरकार आपको आवास दे रही है। इसका लाभ उठाएं और अपना आवास बनवाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अस्मिता सेन एवं संचालन अनिल सिंह ने किया इस अवसर पर एडीओ रामजी, उमेश द्विवेदी, रत्नेश सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी, राम आसरे मौर्य, रत्नेश सोनकर, अजय सरोज, राजेश चौधरी, ममता प्रजापति, सरिता मौर्य, अभिषेक यादव, सरिता मौर्य, प्रधान संगठन के अध्यक्ष मनोज यादव, अनिल कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह, सपा नेता उमाशंकर पाठक सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

जौनपुर की शान एवं पहचान बनेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

कलीचाबाद तिराहे पर पार्क में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ भूमि पूजन

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा नगर के कलीचाबाद तिराहे पर स्थित पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्थापित होने वाली वाली भव्य मूर्ति के लिए मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप जी के जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्र प्रेम को युवाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए। साथ ही बताया कि पार्क में स्थापित होने वाली गन मेटल की मूर्ति की ऊंचाई 13 फिट होगी। लागत लगभग 40 लाख रुपया बताया जा रहा है। सिविल इंजीनियर जनार्दन श्रीवास्तव की टीम ने स्थान का चयन किया जिसके एक घण्टे बाद समिति द्वारा चयनित स्थान पर विधि– विधान से पूजन–अर्चन किया। ओम प्रकाश शुक्ल ने मंत्रोच्चारण किया जहां ओम प्रकाश सिंह ने फावड़ा से मिट्टी की खुदाई करके भूमि पूजन की शुरूआत

किया। इस अवसर पर साधन सहकारी बैंक के चेयरमैन/पूर्व मंत्री वीरेंद्र प्रताप सिंह, डा. दिनेश सिंह, डा. एनके सिंह, अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शशिमोहन सिंह क्षेम, रत्नाकर सिंह, पूर्व प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, अजीत सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, शशि सिंह, डा. नबाब सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अमर बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, सर्वेश सिंह, डा. राकेश सिंह, डा. इंद्र सिंह, डा. संजय सिंह, डा. विकास सिंह, मुन्ना सिंह, संजय सिंह, वेद प्रकाश सिंह, राघवेन्द्र सिंह, रजनीश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, सौरभ सिंह, घनश्याम सिंह, विनोद सिंह, चेतन सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नेशनल हाईवे पर डीसीएम और रोडवेज बस की आमने-सामने भिड़ंत

–सड़क हादसा

–वैना पानीटंकी और पेट्रोल पंप के बीच हादसे में ट्रक चालक की मौत

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : फेफना थाना क्षेत्र के वैना ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर पेट्रोल पंप और पानीटंकी के बीच डीसीएम और रोडवेज बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की डीसीएम के परखच्चे उड़ गए और डीसीएम चला रहे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फेफना पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और

घटना में मृत चालक व्यास मणि (निवासी सीतापुर जनपद) के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डीसीएम को क्रेन की सहायता से थाना परिसर पहुंचाया।

गोली कांड में लापरवाही करने पर कोतवाल व गोराबाजार चौकी इंचार्ज सस्पेंड

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है।पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले को महज मारपीट में दर्ज किया है।इतना ही नही युवक को गोली मारने की इस घटना में पुलिस ने युवक का मेडिकल परीक्षण तक कराने की जहमत नही उठायी।गोली लगने से घायल युवक एक हफ्ते तक न्याय की गुहार लगाता रहा।लेकिन सदर कोतवाली के प्रभारी पीड़ित और उसके परिजनों को थाने से दुत्कार कर भगाते रहे।एक हफ्ते बाद जब पीड़ित युवक और उसके परिजन एमएलसी विशाल सिंह चंचल के कार्यालय पर न्याय की फरियाद लेकर पहुंचे,तो एमएलसी विशाल सिंह चंचल की कड़ी फटकार के बाद सदर कोतवाली के प्रभारी और सीओ सिटी ने युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।जहां युवक का ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने उसके बाएं कंधे में धंसी गोली निकाली।पीड़ित युवक का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।जबकि इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है।पूरा मामला गाजीपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के तुलसीसागर मुहल्ले के है।जहां रहने वाले युवक आलोक बलवंत को पिछले 11 सितम्बर को मामूली विवाद में दबंगों ने गोली मार दी।जो उसके बाएं कंधे में लगी।घटना के बाद पीड़ित और उसके परिजनों ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की।युवक को गोली मारने की इस घटना को लेकर पुलिस ने अपना खेल शुरू कर दिया।थाने पहुंचे पीड़ित के केस हत्या के प्रयास के बजाय महज मामूली मारपीट में दर्ज किया गया।पीड़ित के बार बार कंधे में गोली लगने की बात कहने के बावजूद पुलिस अपनी मनमर्जी पर डटी रही।पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराने तक कि जरूरत नही समझी।इतना हो नही पीड़ित और उसके परिजनों के जोर देने पर कोतवाल ने उन्हें थाने से डांटकर भगा दिया।स्थानीय स्तर पर युवक ने अपने घाव की मरहम पट्टी कराई।युवक ने जब कंधे का एक्स रे कराया तो कंधे में गोली फंसी मिली।युवक ने फिर पुलिस से गुहार

लगाई,लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नही की।ऐसे में पीड़ित युवक और उसके परिजन 17 सितम्बर को एमएलसी विशाल सिंह चंचल से उनके कार्यालय पर जाकर मिले, और आपबीती बताई।जिसके बाद एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कोतवाल और सीओ सिटी को फौरन अपने ऑफिस तलब किया।एमएलसी ने इस मामले को लेकर दोनों को कड़ी फटकार लगाई।मामला एमएलसी के संज्ञान में आने के बाद पुलिस हरकत में आई,और पीड़ित युवक को मेडिकल कालेज ले गयी।जहां उसे भर्ती किया गया।मेडिकल कालेज में डॉक्टरों ने युवक के 19 सितम्बर को ऑपरेशन कर कंधे में धंसी गोली निकाली।जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।जिस युवक को पुलिस महज मारपीट में मामूली घायल बता कर मामले की लीपापोती में जुटी हुई थी।उसी युवक के कंधे से गोली निकलने के बाद पुलिस अफसरों के हाथ पांव फूल गए।पुलिस की इस बड़ी लापरवाही और मनमाने रवैये से एक हफ्ते तक युवक के जिस्म में पिस्टल की गोली धंसी रही,और वो दर्द से बेहाल रहा।लेकिन पुलिस अपनी मनमानी करती रही।जबकि गोली जिस्म में धंसी रहने से उसके जान पर लगातार खतरा बना हुआ था।फिलहाल इस मामले में एसपी ने आनन फानन कोतवाल गोरा बाजार चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया कर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है।जबकि आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।इस मामले को लेकिन पुलिस की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवालिया निशान खड़े है।पूरे मामले में शुरू से ही स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है।

जरा सी लापरवाही डेंगू को बना सकती है जानलेवा, करें बचाव-रहें सतर्क

स्वास्थ्य विभाग की सलाह

–पहनें पूरे शरीर को ढकने वाले वस्त्र, करें मच्छरदानी का प्रयोग

–घर के आस–पास रखें साफ सफाई, मच्छरों के स्रोतों को करें नष्ट

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर डेंगू के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में लक्षण दिखते ही मरीज को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाएं। डेंगू मरीजों के उपचार हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्तर पर जिला अस्पताल में 10 बेड, सीएचसी केंद्रों पर पांच-पांच बेड एवं पीएचसी पर दो-दो बेड आरक्षित किए ये। यह कहना है वेक्टर बॉर्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक मिश्रा का। बताया कि जिले में डेंगू नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। डेंगू से डरने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। लक्षण नजर आते ही अगर अस्पताल की सेवाएं ली जाएं तो बीमारी को गंभीर होने से बचाया जा सकता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के मरीज, गर्भवती आदि डेंगू के लक्षण दिखते ही अविलंब अस्पताल की सेवा लें। ऐसे मरीजों में डेंगू के कारण जटिलताएं बढ़ने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि वैसे तो डेंगू एक साधारण बीमारी है, लेकिन इलाज में लापरवाही से यह गंभीर रूप ले सकती है। अगर अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, हड्डियों में दर्द के साथ आंखों के पीछे तेज दर्द हो तो मरीज को डेंगू की जांच अवश्य करानी चाहिए। बुखार की स्थिति में चिकित्सक की सलाह पर ही दवा लेनी चाहिए है। दर्द निवारक एवं खून पतला करने वाली दवा का सेवन बिल्कुल नहीं करना है। इसलिए डेंगू का लक्षण दिखने पर त्वरित इलाज होना जरूरी है। डॉ

अभिषेक ने कहा कि लोगों में यह भ्रम है कि डेंगू के हर मरीज को प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है। किसे प्लेटलेट चढ़ना है और किसे नहीं यह संक्रमण के स्तर पर निर्भर करता है। अगर मरीज सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर आता है तो उसे प्लेटलेट चढ़ाने के लिए या गंभीर स्थिति में ही जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। उन्होंने कहा कि हर किसी को प्रयास करना चाहिए कि मच्छरों से बचाव करें। इसके लिए जल जमाव न होने दें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें और मच्छरदानी का इस्तेमाल नियमित करें। इसके बाद भी अगर डेंगू का लक्षण नजर आ रहा है तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

अभी तक डेंगू से नहीं हुई एक भी मौत : सुनील

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि जिले में इस साल अभी तक डेंगू से किसी की मृत्यु नहीं हुई है। बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर एनएस-1 जांच में डेंगू की पुष्टि होने पर सैंपल जिला अस्पताल मंगाया जाता है और जब एलाइजा टेस्ट भी कंफर्म हो जाता है, तो उसे पुष्ट डेंगू मानते हैं। निजी अस्पतालों से भी कहा गया है कि अगर उनके यहां डेंगू के मरीज निकल रहे हैं तो स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट करें ताकि शीघ्र जांच कर मरीज की पुष्टि की जा सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय रैपिड रिस्पांन्स टीम द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई के साथ जनजागरूकता, स्वास्थ्य शिक्षा, सोर्स रिडक्शन, ज्वर पीड़ित मरीजों के रक्त नमूनों की जाँच, ब्लीचिंग पाउडर, नालियों में लार्वी साइडल का छिड़काव किया जा रहा है। जहां कहीं से भी डेंगू के केस निकलने की सूचना प्राप्त हो रही है, वहां मच्छरों के स्रोतों को नष्ट करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

खानपान पर दें ध्यान

डेंगू बुखार की स्थिति में मरीज को पूरी तरह से आराम करना चाहिए, अधिक से अधिक तरल पदार्थों जैसे ताजे फलों का जूस, दाल का पानी, नारियल पानी, ओ आर एस घोल, दूध- छाछ, ताजे फल, प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करने वाली खाद्य पदार्थों आदि का सेवन करना चाहिए, तले भुने, गरिष्ठ भोजन, दर्द निवारक दवाओं आदि से बचना चाहिए।

प्रधान डाकघर में खुला डाकघर निर्यात केन्द्र

–बढ़ी एक और सुविधा

–अब घर बैठे व्यापारी भेज सकेंगे विदेशों को अपना पार्सल

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह, समाज जागरण

बलिया : प्रधान डाकघर बलिया में डाकघर निर्यात केन्द्र का शुभारंभ मण्डल के अधीक्षक डाकघर हेमंत कुमार के द्वारा मंगलवार को किया गया। इस दौरान हेमंत कुमार ने बताया कि अब जिले के व्यापारियों को विदेशों में पार्सल निर्यात के लिए घर बैठे सुविधा मिलेगी। कहा इस सुविधा के जिसके जरिये व्यवसायी विदेशों में पार्सल भेज सकेंगे और घर बैठे कस्टम क्लीयरेंस से लेकर पैकेजिंग पिकअप तक की सुविधा इस केंद्र के जरिये व्यवसायियों को मुहैया करायी जाएगी। इसके लिए व्यवसायियों को इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कोड बनाकर स्वयं डाकघर निर्यात केन्द्र की वेबसाइट पर पार्सल बुक करना होगा जिसे डाकघर में स्वीकार करके विशेष बैग के माध्यम से सम्बंधित देश को भेज दिया जाएगा। इसके लिए इम्पोर्ट एक्सपोर्ट लाइसेंस होना आवश्यक है। क्लीयरेंस में कोई खामी होने पर व्यवसायी के मेल पर नोटीफीकेशन आ जाएगा जिसे पूरा करके क्लीयरेंस कर सकेंगे। इस

दौरान डाक अधीक्षक हेमंत कुमार, डाक निरीक्षक अंगद कुमार यादव, परिवाद निरीक्षक आशुतोष कुमार, आईपीपीएस शाखा प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं पोस्टमास्टर अबुल कलाम आदि मौजूद रहे।

व्यवसायियों को मिलेंगी सुविधाएँ

-निर्यात केंद्र से बुकिंग व क्लीयरेंस की मिलेगी सुविधा

-निर्यात केंद्र पर पोस्ट बिल ऑफ एक्सपोर्ट के जरिये कस्टम क्लीयरेंस के लिये इलेक्ट्रॉनिक अप्रूवल मिलेगी

-कंपनी व किसी भी जगह से सामान पिक करने की सुविधा दी जाएगी

-पैकेजिंग की सुविधा भी दी जाएगी

यहां होगा निर्यात

डाकघर निर्यात केन्द्र से यूएसए, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, आईलैंड, अफगानिस्तान, आरुबा, बहरीन, बेल्जियम, बांग्लादेश, भूटान, चाइना, बेलारुस, ब्राजील, आयरलैंड, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, फिनलैंड, हांगकांग के साथ साथ अन्य देशों को सामान एक्सपोर्ट कर सकते है।

फुटबाल खिलाड़ी सैफ खान का महेंद गांव में हुआ शानदार स्वागत

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश अंडर 19 फुटबाल के विजेता टीम के सदस्य मोहम्मद सैफ खान के पैतृक ग्राम में महेंद के पठान हाउस में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पठान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ सपा नेता हैदर अली टाईगर ने सैफ खां का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि हमे मोहम्मद सैफ खां पर गर्व है जिन्होने महेंद का गांव पूरे देश में रौशन किया है। उन्होने कहा कि

फुटबाल विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल है। लेकिन क्रिकेट के चमके के आगे फुटबाल खेलना बच्चे पसंद नही कर रहे हैं। उन्होने गाजीपुरवासियों से अपील किया है कि बच्चों को फुटबाल खेलने के लिए प्रेरित करें जिससे यहां के होनहार खिलाड़ी पूरे देश में नाम रोशन कर सके। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाफर अली तथा गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सीएम योगी ने राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारंभ,प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मंगलवार को लोक भवन से किया। इस अवसर पर उन्होने प्रदेश के 1359 आगनवाड़ी केन्द्रो का लोकार्पण/शिलान्यास, 101 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास, तथा 02 लाख आगनवाड़ी कार्यकत्रियों एंव सहायिकाओ को यूनिफार्म हेतु डी बी टी के माध्यम से उनके खाते मे धनराशि का अन्तरण किया।इसके साथ ही राष्ट्रीय पोषण अभियान के अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्न प्रासन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।जिसका सीधा प्रसारण राईफल क्लब सभागार में देखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय, सीडीपीओ प्रशान्त सिंह, समस्त सीडीपीओ सहित आगनबाड़ी कार्यकत्री, धात्री महिलाएँ, उपस्थित रही। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम राईफल क्लब सभागार मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने इस अभियान के अन्तर्गत 10 कुपोषित बच्चे जो उपचार के पश्चात सुपोषित हुए उनकी माताओं को प्रमाण पत्र एवं बच्चो को खिलौने देकर सम्मानित किया । इसके साथ ही 10 धात्री महिलाओ मे फल एवं पोषाहार का वितरण एवं 10 शिशुओ का अन्न प्रासन कराया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण माह जो 1 से 30 सितम्बर तक चलाया जा रहा है,शुभारंभ पर उपस्थित आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी ने आज इस अभियान का शुभारंभ लोक भवन से किया है, इसी क्रम मे आज हम लोग यहां एकि त्रत हुए है जिसका मूल मकसद पोषण जैसे महत्तपूर्ण विषय पर जानकारी प्राप्त करना है। उन्होने कहा कि आगनबाडी कार्यकत्री अपने-अपने क्षेत्रो मे इस अभियान को सफल बनाते हुए लोगो मे जागरूकता लाए तथा लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें । जागरूकता के माध्यम से ही महिलाएँ स्वस्थ्य रहेगी तभी वे अपने शिशुओ की भी देख-भाल कर सकेगी, जिससे एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण होगा। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा पिछले कई वर्षो से पोषण अभियान पर विशेष बल दिया जा रहा है। सभी आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों का दायित्व है कि वे अपने-अपने क्षेत्रो के ऐसे शिशुओ को चिन्हित करे जो कुपोषण से ग्रसित है तथा उन्हे चिकित्सीय सुविधा एवं निश्चित पोषाहार उपलब्ध कराते हुए कुपोषण से सुपोषण की तरफ लेकर आए। यह एक महत्तपूर्ण कार्य है जिससे समाज का उत्थान होगा। उन्होने आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आशा, ए एन एम के साथ मिलकर वी एच एन डी दिवस पर बच्चो एव गर्भवती महिलाओ की जॉच अवश्य कराने का निर्देश दिया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने इस अवसर पर समस्त आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए पूरी लगन के साथ इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। उन्होने कहा कि शासन की मंशा है कि इस अभियान से जुड़ी प्रत्येक जानकारी जनपद के हर एक जनमानस को प्राप्त हो जिससे वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। आगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर पोषण अभियान एवं बीमारियों से बचाव की जानकारी दे। कोई भी बच्चा कुपोषित न हो। कार्यक्रम के अन्त में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप पाण्डेय ने मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी, एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

चेयरमैन के निर्देश पर नगर पंचायत के सभी वार्डों में हुई फागिंग

मच्छर जनित व संचारी रोगों से बचाव के लिये हो रही फागिंग व सफाई

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जफराबाद, जौनपुर। स्थानीय नगर पंचायत की चेयरमैन उम्मे रहीला के निर्देश पर नगर पंचायत के सभी दसों वार्डों में कर्मचारियों ने फांगिंग की। देखा गया कि चेयरमैन ने वार्डों के सभासदों की मांग पर नगर पंचायत के दसों वार्डों में सोमवार की शाम को मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु फागिंग करवाया। इस दौरान कार्यालय के सफाई सुपरवाइजर वेद प्रकाश व रिजवान की देख–रेख में कर्मचारियों ने नगर पंचायत के वार्ड ताड़तला, सैय्यद हास, नासही, शेखवाड़ा, हिसारकोट, काजी अहमद नूर वार्ड में फांगिंग की गई। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान ने जायजा लेते हुये बताया कि वार्डों

के एक समान सफाई व फांगिंग क्षेत्रीय सभासदों के जानकारी देते हुए करवाया जा रहा है जिससे किसी भी वार्ड में कोई भी मच्छर जनित रोग न पनप सके।

तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से साइकिल सवार भाई बहन घायल

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : बलिया-गड़वार मुख्य मार्ग पर मिड्ढा गांव के कटरिया मोड़ के समीप तेज रफ्तार बुलेट बाइक की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। थाना क्षेत्र के त्रिकालपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र उपाध्याय अपनी बहन नेहा उपाध्याय के साथ बाइक से बलिया जा रहे थे। अभी मिड्ढा गांव के कटरिया मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से तेज गति से आ रही बुलेट बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार भाई बहन बुरी तरह से घायल हो गए।

बीडीओ ने सभी सचिव रोजगार सेवकों को दिया चेतावनी पत्रं

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : आदेश के बावजूद विकास खंड के ग्राम पंचायतों के मनरेगा सेवन रजिस्टर को पूर्ण कर कार्यालय में प्रस्तुत न करने व लापरवाही दिखाने पर खंड विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड में समस्त सचिवों व रोजगार सेवकों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। बीडीओ श्रवण गुप्ता द्वारा जारी पत्र में उल्लिखित किया गया है कि पूर्व में समस्त ग्राम सचिवों व ग्राम रोजगार सेवकों को अवगत कराया गया था कि अपने पाने ग्राम पंचायतों का मनरेगा सेवन रजिस्टर पूर्ण कर 16 सितंबर तक विकास खंड कार्यालय में प्रस्तुत करना है। जिसका पीपीटी बनाकर जिला मुख्यालय भेजना था। बावजूद इसके किसी भी ग्राम पंचायत द्वारा सेवन रजिस्टर विकास खंड मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं कराया गया। पत्र में बीडीओ ने स्पष्ट किया है कि यह रवैया आपके पदेन दायित्वों व जाब चार्ट के विपरीत है। पुनः आदेशित करते हुए कहा गया है कि बुधवार 20 तारीख तक सेवन रजिस्टर पूर्ण कर कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी जाएगी। जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। बीडीओ का यह पत्र उस स्वेच्छाचारिता की उस व्यवस्था का प्रमाण है जहां उनके मातहत सचिव उनके आदेश को पूरी तरह अनसुना कर दे रहें है।

टोना टोटका को लेकर मारपीट, एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर में टोना टोटके की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव के हरेराम राजभर की पत्नी पर टोना करने का आरोप लगाकर पड़ोसी मुनरिका राजभर के घर के लोगों द्वारा हरेराम के परिवार से मारपीट की गयी। इस दौरान हमलावरों ने उसकी पत्नी की भी पिटाई की। घटना के बाद हरेराम की पुत्री कंचन की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

शराब पिलाने से मना करने पर मनबढ़ों ने की युवक की पाटाई

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के बकवा में शराब पिलाने से मना करने पर मनबढ़ों ने एक युवक की पिटाई कर दी। मामले में युवक की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के सत्येंद्र राजभर ने पुलिस से शिकायत की है कि उनके गांव के दो युवकों आकाश व गोलू ने उससे दारू पिलाने के लिये कहा। जब उसने मन किया तो वे दबाव बनाने लगे। इसके बाद जब वादी ने उन्हें साफ मना कर दिया तो वे नाराज होकर उसे लात जूतों से मारने लगे। इस दौरान गांव के लोगों के जुटने पर दोनों युवक धमकी देते हुए भाग गये। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बाइक सवार और पशुपालक में विवाद, मुकदमा दर्ज

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के मैरिटार गांव में बीच रास्ते मे बंधी बकरियों को हटाने की बात पर पशुपालकों द्वारा बाइक सवार के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने बाइक सवार की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव के राधेश्याम साहनी ने पुलिस से शिकायत की है कि उनके गांव में बीच सड़क पर बकरी बांधने के दौरान वहां से वादी द्वारा बाइक लेकर गुजरने के दौरान पशुपालक किशुन बिंद से बकरियों को सड़क से हटाने की बात कहने पर उसके द्वारा आक्रोशित होकर मारपीट व गाली गलौज की जाने लगी। इसी दौरान उसके घर की एक महिला ने भी काफी बवाल मचाया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

श्री बुढ़वा महादेव मंदिर कोटवा के प्रांगण में हुआ विशाल भंडारा

शकील खान, समाज जागरण

सुरेमनपुर (बलिया : ग्राम पंचायत कोटवा स्थित श्री बुढ़वा महादेव मंदिर पर मंगलवार को बाल भोज व विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। बता दे कि श्री बुढ़वा महादेव के मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन हर साल की भांति इस साल भी बड़े धूम धाम से किया गया। इसी उपलक्ष्य में विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। जहां दूर दूर से भक्त आए और प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के सदस्यों द्वारा दूर दूर से आए हुए भक्तो को प्रसाद खिलाया गया। 12 दिन से चल रहे कार्यक्रम का बृहद भंडारे के साथ समापन हुआ। क्षेत्र के कोटवा रानीगंज बाजार, बैजनाथ छपरा, गोंहिया छपरा, इब्राहिमाबाद, भीखा छपरा आदि गांवो के पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने विशाल भंडारे में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के सदस्य संतोष सिंह, गुड्डू खान, विशाल सिंह, चिंटू तिवारी, भोला सिंह, विनय सिंह, शनि सिंह, पीयूष सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सिद्धांत सिंह, मंजीत कुमार , नरेंद्र सिंह और यूथ क्लब के प्रबंधक अजय सिंह, रमेश सिंह काका, शकील खान समाजसेवी, मुकेश मिश्रा आदि मौके पर मौजूद रहे ।

दुकान पर कब्जा करने को लेकरदो पक्षों के मध्य हुए झगड़े में गर्भवती महिला सहित चार घायल

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। थाना उत्तर के रामलीला मैदान स्थित काठ बाजार में एक दुकान पर मंगलवार की दोपहर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के मध्य झगड़ा हो गया जिसमें गर्भवती महिला सहित चार लोग घायल हो गए पुलिस मैं घायलों का डाक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है।

थाना उत्तर संतोष नगर निवासी नीलम पत्नी कुवर पाल ने बताया उसकी दुकान रामलीला मैदान के समीप काठ बाजार में है। इस दुकान पर राकेश पुत्र मानसिंह निवासी चकरपुर लाढूपूर थाना मठसेना और नंदू नामक व्यक्ति अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं आरोप है। मंगलवार की दोपहर उक्त सभी लोग एक राय होकर दुकान पर पहुंचे और कहां दुकान को खाली करो यह दुकान हमारी है इसका विरोध किया तो वह आग बबूला हो गए और सभी एक

राय होकर उनके साथ मारपीट करने लगे मारपीट के दौरान नीलम पत्नी कुंवर पालकोमल पत्नी रामकिशोर और गर्भवतीगायत्री पत्नी बिट्टू को गंभीर चोटें आई वहीं दूसरे पक्ष से राकेश पुत्र मानसिंह घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस चारों घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां उनका डॉक्टरी परीक्षण किया गया है। नीलम का यह भी आरोप है उक्त सभी लोग पिछले कई दिनों से दुकान पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने थाना उत्तर में कई बार की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

अतिक्रमण के नाम पर फड तोड़ो अभियान के खिलाफ व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर बाजार कराए बंद

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। व्यापारियों से अतिक्रमण के नाम पर फड़ तोड़े जाने का भय दिखाकर उत्पीड़न किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल टूंडला की टीम द्वारा आज बाजार बंद कर काली पट्टी बांधकर दीपा चौराहा रेलवे स्टेशन से तहसील तक फ्लेगमार्च किया

कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल मेनेजर ने मुख्य मांगो को लेकर एस डी एम टूंडला को ज्ञापन सौंपा और कहा की व्यापारियों की समस्या को प्रशासन गंभीरता से लें और समय समय पर व्यापारियों के साथ बैठक भी होनी चाहिए।

महानगर अध्यक्ष फिरोजाबाद ने अपने उद्बोधन में कहा की किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दास्त नही किया जाएगा हर व्यापारी को अपनी दुकान पर एक सूचना पट लगाना चाहिए की बिना अनुमति कोई भी अधिकारी या कर्मचारी दुकान के

अंदर प्रवेश न करे जब हमारे संगठन के पदाधिकारी आजाएंगे तब दुकान की चेकिंग करें ।

जब सरकारी अधिकारी के कार्यालय में में बिना अनुमति प्रवेश नहीं मिलता जबकि वह उनकी संपत्ति नहीं है ।

कार्यक्रम में दीपक चौधरी, प्रशांत गुप्ता, मनोज चतुवेर्दी ,अभय गुप्ता, अजेंद्र, आलोक, आशुतोष, अनिल गुप्ता, अरुण जैन, आशुतोष शर्मा, सुशील ,जगन्नाथ राठौर, मनीष अग्रवाल सहित सैकड़ों लोगों ने एस डी एम को ज्ञापन सौंपा और एस डी एम टूंडला ने सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा केवल व्यापारी नाले की पटरी तक ही अपना सामान रखे और कोशिश करे की रास्ता अवरुद्ध न हो।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह से सम्बन्धित कार्यक्रम लोक भवन ऑडिटोरियम लखनऊ से किया गया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह से सम्बन्धित कार्यक्रम लोक भवन ऑडिटोरियम लखनऊ से किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा पोषण से सम्बन्धित महत्व एवं गतिविधियो के बारे में विस्तार से सम्बोधित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण दूरदर्शन, सोशल मीडिया एवं यूट्ब चैनल के माध्यम से जनपद फतेहपुर की कार्यकत्रियों, सहायिकाओं तथा लाभार्थियों द्वारा सुना एवं देखा गया। एनआईसी में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओ आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, अन्नप्राशन एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को साडी/वर्दी की धनराशि का डी०बी०टी० के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। तत्पश्चात मा0मुख्यमंत्री जी द्वारा 171 बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं सहगोदाम का शिलान्यास एवं 1209 आगनवाडी केन्द्रों का शिलान्यास एवं 150 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया गया। जिनमें जनपद फतेहपुर की 06 बाल विकास परियोजना / विकास खण्ड विजयीपुर, हथगाम, धाता, अमौली, खजुहा एवं देवमई कार्यालय का शिलान्यास एवं 03 आंगनवाडी केन्द्र विकास खण्ड हसवा का धरवासीपुर, विकास खण्ड विजयीपुर का विजयीपुर-2 विकास खण्ड धाता का भदौहा का लोकार्पण किया गया।

डीएम साहब : लोक निर्माण विभाग के नौकरशाहों को कहीं हादसों का इंतजार तो नहीं ?

जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता भरी दास्तां बयां कर रही है धन्धरा से बुढऊं जाने वाली पीडब्लूडी सड़क

दैनिक समाज जागरण
सुनील श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर जिले की जर्जर बदहाल सड़कों के प्रति लोक निर्माण विभाग के नौकरशाहों द्वारा जिस तरह से उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है यह अपने आप में बहुत ही चिंताजनक बिषय है। नौकरशाहों की गैर जिम्मेदाराने रवैये से ऐसा प्रतीत होता है कि ये नौकरशाह बदहाल एवं जर्जर सड़कों पर भयावह दुर्घटना घटने की बुरी तस्वीर देखने की इंतजारी में बेसब्री से बैठे हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पकड़ी पठान चौराहे से धन्धरा होते हुए बुढऊँ चौराहे तक जाने वाली सड़क लोक निर्माण विभाग के तंत्रों की घोर उदासीनता के चलते सरेआम भयावह घटना को दावत दे रही है। लेकिन आज तक लोक निर्माण के कोई तंत्र इस सड़क पर रिपेयरिंग तो दूर पत्थर डलाना मुनासिब नहीं समझते हैं। बताते चलें कि इस सड़क पर प्रतिदिन लगभग हजारों की संख्या में राहगीर आते

जाते हैं। बरसात हो जाने पर इस सड़क के गड्ढे राहगीरों को खूनी आंखों से निहारते रहते हैं और जरा सा वाहन का पहिया फिसलने पर खूनी वारदात होना नकारा नहीं जा सकता है। सूत्रों की माने तो बरसात होने के महीनों तक इन खूनी गड्ढों में पानी जमा रहता है। यह तो है लोक निर्माण विभाग के नौकरशाहों के उदासीनता और सड़क के गड्ढों की हालत रहती है। अब देखिए जनप्रतिनिधियों की स्थित, जनप्रतिनिधि भी महज चुनाव के समय ही उक्त सड़क की कायाकल्प करवाने के नाम पर सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलाते रहते हैं। और चुनाव समाप्त हो जाने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि जर्जर सड़क की तरफ नजर तक फेरना मुनासिब ही नहीं समझता है, चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों की वहीं हाल रहती है कि पांच साल की खुशियां पाकर वादा उनका वादा है, रजिस्टर उनके विकास का अब भी सादा का सादा है। क्षेत्रवासियों में धन्धरा निवासी ,राम किशोर यादव, पकड़ी निवासी राविन मिश्र , कमसार निवासी शिवप्रसाद ने पीडब्ल्यूडी विभाग से एवं जनप्रतिनिधियों से सड़क की कायाकल्प कराने की मांग किया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग इटवा के जेई इम्तियाज ने बताया कि विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है अभी मंजूरी नहीं मिली है।

धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव, निकाली शोभायात्रा।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद । मक्खनपुर में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के कई मोहल्लों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गईं। आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भगवान गणेश की शोभायात्रा भी निकाली गई। दस दिन के लिए नगर भक्तिमय रहेगा।

नगर पंचायत मक्खनपुर में हर साल गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जिसके तहत मंगलवार को सुबह कसबा में गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजा के साथ जेबड़ा तिराहा से सदर बाजार होते हुए विमल मार्केट में बने गणेश पंडाल में जाकर समाप्त

हुई। गणेश शोभा यात्रा का नगर पंचायत मक्खनपुर अध्यक्ष गीता देवी द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के साथ महिलाएं कलश उठाकर साथ चल रही थीं। इसके साथ ही गजानन के भक्त भी कलश यात्रा में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष के पति दिलीप लोधी, डॉक्टर सतपाल सिंह, अनार सिंह कुशवाहा, प्रशांत गुप्ता, निलेश गुप्ता, शिबू, गौरव, दिनेश, सौरव, रमाकांत बजाज, गणेश, हर्ष गुप्ता, विक्की श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। गणेश उत्सव 19 तारीख से लेकर 28 तक चलेगा। सुबह शाम आरती और भोग लगेगा।

भारत जानो सेवा समिति द्वारा मेरा भी छात्र-छात्र सम्मान समारोह एवं जिला स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भारत जानो सेवा समिति द्वारा आयोजित भारत जानो प्रतियोगिता, मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं जिला स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता मैं जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए 400 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज, सर्विलाल कान्वेंट स्कूल, किड जोन पब्लिक स्कूल, न्यू बजरंग क्लासेस, शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल, रामस्वरूप मंडावर विद्यालय, ब्राइट ग्रुप ऑफ एजुकेशन, पंडित मुंशी महाराज विद्यालय, मानवी कंप्यूटर सेंटर एवं अन्य विद्यालयों से छात्रों ने प्रतिभाग किया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिरोजाबाद सीओ सदर हीरालाल कनौजिया, दीप प्रज्वलनकर्ता ग्यास खान, राजकिशोर वर्मा रहे। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति प्रस्तुत की। हाल में उपस्थित सभी महानुभावों ने बच्चों की सराहना की। समिति द्वारा जनपद के हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया मेडल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित गया।

सर्वप्रथम जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रजत शर्मा आर एस मड़ावर स्कूल, प्रिंस शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल, तथा सादाफ ब्राइट ग्रुप आफ एजुकेशन ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही जी के जूनियर वर्ग में अनुराग, अनु उत्तर जैन एम जी इ एम कॉलेज, तथा अक्षरा ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज नेकराम से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता में

कंचन शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल, काशी पुत्री श्री आशीष तिवारी जी एसएसपी फिरोजाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही होली वर्मा गोयल क्लासेस व तेजस सर विलाल कॉन्वेंट कॉलेज नेकराम से द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समिति द्वारा जिला स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों (सोलो,द्वविट, ग्रुप) मैं किया गया।

ग्रुप डांस में ए डी सी डांस अकैडमी, आर्मी एक्ट ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज वह सोशल मीडिया एक्ट ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज नाम क्रमशः प्रथम द्वितीयावर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं डुएट डांस में अभय, खुशबू-किरन (शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल) तथा आरती ने कम से प्रथम द्वितीया व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस में सुगंधा, कुंज व गुंजन (शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल) ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने-अपने विद्यालयों का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को शील्ड देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष अदनान खान, कार्यक्रम संयोजक विशाल वर्मा, महिला अध्यक्ष साइमा खान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शब्बीर, निर्णायक मंडल सोनम सेठ प्रधानाचार्य रेवती गर्ल्स इंटर कॉलेज, दक्षता तिवारी,राज पलिया, कार्यक्रम में राहुल यादव, अनुराग प्रताप सिंह, राम नारायण गुप्ता,डॉ. डी. आर. वर्मा, दानिश सिद्दीकी, नरेश कुमार, गणेश शंकर, पायल कुमारी, दिलीप कुमार, वैभव तिवारी, अजय बाबू आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

किशनपुर में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

प्रदेश उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक ने दिलाई शपथ

दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई

विजयीपुर फतेहपुर क्षेत्र के नगर पंचायत किशनपुर स्थित कामिनी मैरिज हाल में मंगलवार व्यापार मंडल किशनपुर के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ मंगलवार व्यापार मंडल किशनपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेद्र प्रसाद त्रिवेदी ने शपथ दिलाई नवनियुक्त कमेटी में अध्यक्ष अनिल शुक्ला महामंत्री वेदप्रकाश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विभु तिवारी, वरिष्ठ उलाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सुशील शुक्ला, संयुक्त मंत्री, विकास यादव, आयुष मिश्रा, उपाध्यक्ष सुनींल सिह, अमित केशरवानी, समेत मंत्री अनिल पांडेय, इंदजीत सोनकर, मोहम्मद समी, व संगठन मंत्री रजनीश सिह, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिह व सोनू निषाद ने शपथ ग्रहण की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खागा विधायक कृष्णा पासवानव विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री रिजवान डियर,युवा जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने की इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव,

किसान नेता छोटू परिहार अमित शुक्ल, अब्दुल हफीज, अरुण केशरवानी, कैसर अब्बास,अतुल साहू अनुपम शुक्ला जनार्दन दीक्षित, आलोक शुक्ला,धर्मजीत सिह, रामराज सिह, दीपक अग्रवाल, सुदीप अग्रवाल,कंचन पाल समेत सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

कृषि विभाग से जमीन का सर्वे करने पहुँची टीम पर मधु मक्खियों ने किया हमला

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के बस्तापुर गाँव मे जमीन का सर्वे करने पहुंची जनपद व लखनऊ से कृषि विभाग की टीम पर अचानक मधु मक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे पाँच लोग मधु मक्खियों का शिकार हो गए। तुरन्त सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग निदेशालय से ज्वाइन डारेक्टर व उनकी टीम फतेहपुर जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के बस्तापुर गाँव मे जमीन का सर्वे करने आई थी। ज्वाइन डारेक्टर व उनकी टीम का सहयोग करने के लिए जिले से कृषि विभाग की टीम भी उनके साथ मौजूद थी। जैसे ही दोनों टीमो की गाड़ियां बस्तापुर गाँव के समीप एक पेड़ के नीचे रुकी और लोग गाड़ियों से नीचे उतरे। तभी कही से मधु मक्खियों का एक झुंड आ गया और उसने सभी पर हमला बोल दिया। सभी अपने बचाव में इधर उधर भागे मगर जबतक मधु मक्खियों ने 59 वर्षीय आर०बी० सिंह पुत्र राज बहादुर सिंह, 60 वर्षीय एस०पी० श्रीवास्तव पुत्र यश लाल श्रीवास्तव, 50 वर्षीय लखनऊ टीम के ड्राइवर कीर्ति शुक्ला पुत्र गुरु प्रसाद शुक्ला, 44 वर्षीय राकेश दिवाकर पुत्र पीताम्बर लाल, 35 वर्षीय रवि कुमार को घायल कर दिया। मधु मक्खियों के हमले से बाकी बचे साथी सभी को तुरन्त इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सभी का इलाज करने में जुट गए।

सोता रहा परिवार दो घरों से लाखो का माल उड़ा ले गए चोर

लखनऊ। संवाददाता

लखनऊ।पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 5ई में बेखौफ बदमाशों ने पीजीआई अस्पताल के कर्मचारी सहित दो घरों से लाखों रुपए के आभूषण और नकदी सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए,घर में सो रहे लोगों को भनक तक नहीं लगी, पड़ोसी रमा शंकर ने सुबह जागने पर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था।उन्होंने शोर मचाया,तब मनोज कुमार भी जागे तो देखा उनके घर में भी चोरी हो गई थी।पीड़ितों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दे,पीजीआई कोतवाली में तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

मनोज कुमार सेक्टर 5ई/46 वृंदावन योजना राय बरेली रोड थाना पीजीआई लखनऊ में रहते हैं। मनोज कुमार एसजीपीजीआई के गैस्ट्रोलॉजी विभाग में कार्यरत है। उन्होनें बताया कि सोमवार को खाना खा कर सो गया गया था।रात में चोरों ने छत के रास्ते घर के अंदर घुसकर, लाखों रुपए के जेवरात,कैमरा समेत नगदी चुरा ले गए। उन्होनें बताया

कि अलमारी का ताला तोड़कर,7 जोड़ी चांदी के पायल, 3 लाकेट और सोने की चेन, 2 सोने की अंगूठी,एक कैमरा, 5000 रुपए नगद।

मनोज कुमार के पड़ोसी पंडित रमाशंकर के घर में भी चोरों ने घुसकर,अलमारी में रखे दस हजार नगद, एवं मोबाइल फोन चोर चुरा ले गए।पंडित रमाशंकर बेटी के विवाह की तैयारी कर रहे थे, चोरो ने पानी फेर दिया। पंडित रमाशंकर मंगलवार की सुबह उठे तो घर का सारा समान बिखरा देख चोरी होने की जानकारी हुई। सुनकर उठे पड़ोसी मनोज कुमार ने देखा तो उनके घर में चोरी हुई थी। जिसकी सूचना पुलिस को दी मौके पहुची पुलिस ने जांचपड़ताल कर थाने पर तहरीर देने की बात कह लौट गई।

लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले इसी कालोनी मे तीन मंजिला मकान में चोरी कर चोर कीमती समान व नगदी चुरा ले गए थे।

इसके बावजूद पुलिस लपरवाह बनी रही।अब दो घरो में चोरी कर चोरो ने पुलिस को चुनौती दे दी।

हसवा ब्लॉक में विधायक कृष्णा पासवान ने दिव्यांग जनों आवास प्रमाण पत्र बांटें

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर,,हसवा विकास खंड के सभागार में मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि खागा विधायक कृष्णा पासवान कार्यक्रम में पहूंचे जहाँ बीडीओ सतीश चंद्र पाडेय ने विधायक और ब्लॉक प्रमुख को गुलदस्ता भेंट किया। वही एडीओं पंचायत कौशलेन्द्र सिंह विधायक को गुलदस्ता भेंट किया ।भाजपा विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि सरकार ने जो भी वादे किया है।उसे पुरा करने के लिए दिन रात मेहनत किया है।किसी भी सरकार में दिव्यांग जनों को आवास नहीं मिलते थे। लेकिन भाजपा सरकार ने दिव्यांग जनों को चिन्हित करते हुए आवास दिया जा रहा है।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तहत सभी योजनाओं को धरातल पर ला कर गावों का विकास किया जा रहा है।वही दो दर्जन से अधिक दिव्यांग जनों को आवास प्रमाण पत्र बाटें। और दिव्यांग जनों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार ने दिव्यांग जनों को पेंशन और आवास से कोई भी व्यक्ति छूटने नहीं पायेगा।।ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने कहा कि 2014 से जब भाजपा सरकार बनीं।गाँव गाँव में इंटरलॉकिंग , नाले, खंड़जा लगाकर गाँव को कीचड़ से मुक्त किया जा रहा है।आयुष्मान भव योजना में पांच लाख का निशुल्क इलाज किया जायेगा। सरकार का सपना है कि 2024 -25 छूट चुके लाभार्थियों को सूची में दर्ज कर आवास दिया जायेगा।बीडीओ सतीश चंद्र पाडेय ने कहा कि 154 दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया है। ब्लॉक क्षेत्र में जोभी दिव्यांग जनों के नाम सूची में नहीं है। उन्हें सूची में दर्ज किया जायेगा। समय आने पर आवास दिया जायेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान, बीडीओ सतीश चंद्र पाडेय, एडीओं पंचायत कौशलेन्द्र, एपीओ नितिन श्रीवास्तव, जयकरन, सचिव मनोज कुमार, दीपक तिवारी , मंकरद कुमार मिश्रा, ब्रजेश श्रीवास्तव, रजत सिंह, मोहम्द रशीद राइन, अनवर अहमद, प्रदीप यादव, धीरेंद्र यादव, विवेक सोनकर, राजू मौर्य, रामबाबू कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह, रवींद्र सिंह, जितेन्द्रनाथ, विपिन कुमार, शोभा सिंह, राकेश देहाती, बलबीर यादव, राजकिशोर, नीरज कुमार, अनूप सिंह, संजीव सिंह, हरिबिलाश सिंह, मेवालाल, शिवा ठाकुर, आदि शामिल रहे।

साफ-सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन करना तथा प्रतिवर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान की शपथ दिलाई गई

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर 02 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन आन्दोलन के उत्सव में स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाना है, जिसके क्रम में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा-2023 "कचरा मुक्त भारत" पखवाड़ा 17 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक अभियान के जनपद स्तरीय शुभारम्भ जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्वच्छता रथ एवं ई-रिक्शा को हरी झण्डी दिखाकर गांव की ओर रवाना किया । कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों की स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों हेतु बैठक एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) योजना के द्वितीय चरण में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के कार्य ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे हैं। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा कचरा मुक्त भारत अभियान 17 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को घरों में उत्सर्जित होने वाले कचरे को पृथक-पृथक गीले एवं सूखे को डस्टविन में रखने तथा उचित निस्तारण के प्रति जागरूक करने हेतु स्वच्छता रथ एवं ई-रिक्शा के माध्यम से जानकारी प्रदान करने का कार्य किया जाना है। नदियों के किनारे प्लास्टिक, थमाकोल आदि की सफाई सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध तथा लोगों में, ह्लमैं न गन्दगी करूँगा / करूँगी, न किसी और को करने दूँगा / दूँगी" की भावना उत्पन्न कराना एवं उक्त अभियान में ग्राम पंचायतों में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई, जागरूकता बैठक, रैली, नारा लेखन, वाल पेन्टिंग आदि कार्य कराये जायेंगें।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यालयों तथा आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन करना तथा प्रतिवर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने कार्यालय व सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों को भी शपथ दिलाने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर प्रमोद सिंह चन्द्रौल जिला विकास अधिकारी, शेषमणि सिंह परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, राम शंकर वर्मा, श्रीमती किरन वर्मा, सुनीत द्विवेदी, विश्वनाथ तिवारी उपस्थित रहे ।

पति-पत्नी के विवाद में पति ने खाया जहरीला पदार्थ, जिला अस्पताल में भर्ती

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के ज्वालागंज मोहल्ले में पति-पत्नी के विवाद में पति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त प्राइवेट एम्बुलेन्स से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ज्वालागंज मोहल्ला निवासी नसीर का 25 वर्षीय पुत्र चाँद बाबू की सासुराल असोथर थानां क्षेत्र के कौडर गाँव मे है। उसकी पत्नी आमना इस समय अपने मायके गई हुई है। आज चाँद बाबू अपनी पत्नी आमना से फोन पर बात कर रहा था। तभी फोन पर ही दोनों का विवाद हो गया। उसके बाद चाँद बाबू ने जहरीला पदार्थ खाकर अपने जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त प्राइवेट एम्बुलेन्स से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर युवक को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

जिला अस्पताल में मशीन से आंखों के ऑपरेशन शुरू।

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित जिला एस, एनएम चिकित्सालय में एक लंबे अरसे से प्रतीक्षा के बाद आंखों के ऑपरेशन के लिए फेको मशीन आ गई है। इस मशीन से आंखों के मोतियाबिंद आदि के ऑपरेशन मंगलवार से शुरू हो गए हैं आज प्रथम दिन आंखों के दस ऑपरेशन हुए हैं। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित जिला अस्पताल में अभी तक आंखों के ऑपरेशन हाथों से हुआ करते थे। जिससे लोगों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता था नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष प्रेरणा उपाध्याय ने बताया।

जिला अस्पताल में एलकोन सेंचुरियन सिल्वरफेंको मशीन लगने से अब मोतियाबिंद और इंटीरियर जैसे आंखों के ऑपरेशन बिना चीरा और टांको के हो सकेंगे मंगलवार को प्रथम दिन 10 नेत्र रोगियों के सफल ऑपरेशन इस मशीन द्वारा किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बलवीर सिंह ने बताया यह मशीन प्रदेश मैं फिरोजाबाद जिला अस्पताल में यहपहले मशीन लगीहै प्रदेश के अन्य जिला अस्पतालों में यह मशीन नहीं लगी है।

हटाए गए संजोयक आशुतोष मिश्रा,कमिटी हुआ भंग

मिश्रा पर लगा कई गंभीर आरोप,
मैने किसी कंपनी का कोई दलाली नही किया और जो भी वसूली होता है जायज और वाहन मालिकों के सहमति से किया जाता है आशुतोष

दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 19 सितम्बर 2023:-टंडवा आम्रपाली कोल परियोजना में वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके पदाधिकायों को विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिकों ने भ्रष्टाचार और ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों का दलाली करने के आरोप लगाते हुए किया संघ के पद से बर्खास्त किया गया।

आम्रपाली कोल परियोजना के विंगलात गाँव के मंदिर प्रांगण में विस्थापित - प्रभावित वाहन मालिकों ने सुजीत कुमार के अध्यक्षता में बैठक किया। बैठक का संचालन अजय नारायण देव ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से इन मुद्दों पर वाहन मालिकों ने निम्नलिखित चर्चा किया। 1. वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में उनके पदाधिकायों द्वारा वाहन मालिकों को बिना कोई सुविधा दिए प्रत्येक ट्रक मालिकों से सुविधा शुल्क के नाम पर 200 रुपया प्रति ट्रिप की वसूली करना।

2. वाहन मालिकों को ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों के खिलाफ बहकाकर भाड़ा बढ़ोतरी के नाम पर आंदोलन करवाना और आंदोलन के आड़ में कंपनियों से मोटी वसूली करके आंदोलन को विफल करने का भी आरोप लगाया गया।

3.वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके टीम द्वारा बिना ट्रक ऑनर के सहमति के 150 रुपया पर ट्रक पार्किंग चार्ज लेना।

4. अवैध तरीके से धन संग्रह करने के लालच में वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में उनके कार्यकर्ता द्वारा बिना वाहन मालिकों के सहमति के लाल कार्ड, ग्रीन कार्ड, पिला कार्ड सदस्यता के नाम पर लगभग 4 हजार ट्रक से प्रति ट्रक 1000 रुपये की वसूली करने का भी आरोप लगया गया।

5. संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके टीम पर वाहन मालिकों के साथ शडयंत्र करके झुठा आंदोलन के आड़ में और संघ का धौंस दिखाकर कोयला डीओ होल्डर और ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों से अपने रिश्तेदारों को कम भाड़ा तोड़कर कोयला लिफ्टिंग का कार्य भी दिलाने का आरोप लगा।

वहीं बैठक में उपस्थित तमाम वाहन मालिकों ने जब वाहन मालिक संघ के कार्यकर्ता से इन तमाम आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा तो सभा मे उपस्थित वाहन मालिक संघ के उप सचिव बद्री साव और इंदर साव ने इन सभी आरोपों को गलती मानकर स्वीकार भी किया। और ट्रक वाहन मालिकों के द्वारा इसके एवज में लिए गये निर्णय को भी स्वागत करने की बात कही। बैठक में उपस्थित चतरा जिला के एसोसिएशन अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह ने सभी मंथन के बाद वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष और उनकी टीम की कार्य प्रणाली को गलत ठहराते हुए कहा कि । वाहन मालिक जब अपने स्वेक्षा से 200 रुपये सुविधा शुल्क दे है थे तब बिना किसी सहमति के प्रति ट्रक 150 रुपया पार्किंग और प्रति ट्रक 1000 रुपया सदस्यता शुल्क क्यों लिया गया। बैठक में उपस्थित सैकड़ो विस्थापित- प्रभावित वाहन मालिकों ने भी सभा मे अपना-अपना विचार रखा। वहीं विस्थापित रैयत परिवार से उपस्थित अरबिंद नारायण दास, अमलेश नारायण दास, महेश वर्मा, विजय साहू, सूरज उरांव, महेश वर्मा, महेश गंझू, सुरेंद्र साव, आदित्य साव, आशीष चौधरी, हुलास यादव, संजीत यादव, प्रकाश यादव , संजीव कुमार एवं अन्य सभी ने एक स्वर में वाहन मालिक संघ और संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके टीम के कार्यप्रणाली को भृष्टाचार और अवैध वसूली में संलिप्त बताया एवं उन्हें बर्खास्त करते हुए विगत 15 दिनों के अंदर नए संघ का निर्माण करने पर अपनी सहमति जताई। जिसपर सभी विस्थापित- प्रभावित ट्रक वाहन मालिकों ने सहमति जताते हुए वाहन मालिक संघ के संयोजक और उनके टीम को कार्यमुक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार से भी सेकड़ो ट्रक वाहन मालिक उपस्तिथि थे।

तीन माह से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर : त्राहिमाम की स्थिति

सूचना पाने के बाद भी विभाग उदासीन।
पिछले तीन माह से अंधेरे मे डूबा है नावाडीह गांव ।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)19 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के नावाडीह गांव का ट्रांसफार्मर विगत तीन महीने से खराब है। बताते चले की ये ट्रांसफार्मर से नावाडीह गांव के करीब एक सौ घर को बिजली मिलती है।पर अभी तक ये सौ घर बिजली विभाग के उदासीनता को पिछले तीन माह से झेल रहा है। ग्रामीणों का कहना है की ट्रांसफॉर्मर खराब है इसकी जानकारी विभाग को करीब दस बार दी गयी पर अभी तक इस मामले मे विभाग की सक्रियता नही देखी गयी।जैसा की हम लोग

जानते आज हर आम आदमी डिजिटल युग मे जी रहा है मतलब की बिना बिजली कुछ भी करना संभव नही है।बिजली विभाग को इन क्षेत्रो से बिजली बिल का भी भुकतान हो रहा है पर उनको बिजली देने के बारे मे विभाग नहीं सोचता है। ग्रामीणों की मांग है की विभाग अपनी निष्क्रियता छोड़ कर जल्द से जल्द यहा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराये जिससे आम जनता की बिजली से सम्बन्धित समस्या से छुटकारा मिल सके ।

चतरा जिला परिषद में कुकर्म, दुकान आवंटन देने के नाम पर महिला से गैंग रेप।

जिला परिषद का नजीर मो मेराज, कर्मी सौरभ कुमार एवं मयूरहंड ब्लॉक के नाजिर निरंजन पांडेय गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 19 सितंबर 2023:-चतरा जिला परिषद से कुकर्म का एक मामला प्रकाश में आया है। जिला परिषद से दुकान आवंटन देने के नाम पर एक महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला के साथ गैंगरेप करने के आरोपी जिला परिषद का नजीर मोहम्मद मेराज,



जिला परिषद के कर्मी सौरभ कुमार एवं मयूरहंड प्रखंड कार्यालय के नाजिर निरंजन पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से सदर थाने में की जा रही है पूछताछ। महिला के आवेदन पर तीनों गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना में गैंगरेप का मामला दर्ज।

मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बिरनी के टांटोईया नदी में पुल का शिलान्यास

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) बगोदर के लोकप्रिय विधायक विनोद सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बिरनी प्रखण्ड के टांडोईया नदी पर बलगो और

लुकुईया के मध्य पुल का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया । पुल बनने की कुल प्राक्कलित राशि 3.83 करोड़ रुपया की लागत से चार स्पेन का उच्चस्तरीय पुल बनना है इस पुल के बन जाने से कई गांव, पंचायतों के आने जाने में काफी सुविधा होगी । मौके पर माले नेता सीताराम सिंह , मुस्तकीम अंसारी , उपप्रमुख शेखर सुमन , असगर अंसारी , समेत सैंकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे

भव्य कलश यात्रा के साथ ही दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा

चतरा(झारखंड)19 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर (चुन्द्रु धाम) में विगत कई वर्षों से भव्य रूप से मनाते आ रहे गणेश पूजा महोत्सव का इस बार और भी बेहतर तरीके से शुभारंभ किया गया है। 19 सितंबर (मंगलवार) की सुबह 7 बजे चुन्द्रू धाम से कलश में जल भरकर कई हजार की संख्या में श्रद्धालुवो ने भव्य शोभा कलश यात्रा में शामिल होकर पुरे टंडवा नगर का भ्रमण करते हुए पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां पूजा समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। यह पूरी शोभा कलश यात्रा, गणपति बप्पा मोरया, जय श्री राम,एवम् हर हर महादेव के गगन भेदी नारों से गुंजमान रहा। इस कलश यात्रा का सबसे मनमोहक दृश्य तब लगा जब छोटे-छोटे नन्हे मुनहे बच्चे अपने माथे पर कलश उठाकर नगर भ्रमण के दौरान ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार, गणपति बप्पा सुपरस्टार, के नारे लगा रहे थे। कलश यात्रा में टंडवा नगर भ्रमण के दौरान पड़ने वाले सभी चौंक चौराहों पर टंडवा थाना पुलिस पूर्ण रुप से सुरक्षा को लेकर मुस्तैद थी। इस शोभा कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के विधायक किशून कुमार दास शामिल थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सह चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी

सत्येन श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक कुमार,चतरा जिला परिषद् अध्यक्षा ममता कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे,टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज चंद्रा, भाजपा नेता विनोद बिहारी पासवान, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सह सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गुप्ता, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुबेश राम, केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोविंद तिवारी,विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा तथा शशि चौरसिया, पचडा पंचायत मुखिया महेश साव सहित कई जनप्रतिनिधि एवम् गण्यमन लोगों ने इस महोत्सव के शुभारंभ में शामिल हुए। इस अवसर पर गणेश पूजा महोत्सव महासमिति के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेट कर उन्हे सम्मानित किया। साथ ही पूजा समिति ने प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों को महोत्सव में शामिल होकर पुरे महोत्सव को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया है। यह महोत्सव का समापन 28 सितंबर को किया जाएगा।

समर्पण एक नेक पहल संस्था के सक्रिय सदस्य ने रक्तदान एक महिला का जान बचाने में अपना अमुल्य योगदान दिया

भगवान का दिया अल्प नहीं होता, रक्तदान का कोई विकल्प नहीं होता

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर रक्त की अत्यंत कमी से गुजर रही 32 वर्षीय महिला को तत्काल एक यूनिट ए पोजिटिव रक्त उपलब्ध कराई गई, दिनाँक 19/09/2023 दिन मंगलवार को संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि भूली ओम क्लिनिक में एक 32 वर्षीय महिला कविता देवी भर्ती हैं, जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत हो गई हैं घर वालों ने पहले एक यूनिट रक्त दान किया हैं और अभी एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता कृपया मदद करें सूचना

प्राप्त होते ही संस्था के सक्रिय सदस्य एवं नियमित रक्तदाता श्री गुरुदेव रजक जी बिना समय गंवाए श्रीनिवास ब्लड सेंटर पहुंचे और 32 मरीज मरीज कविता देवी जी के लिए अपना ए पॉजिटिव रक्त दान किया, गुरुदेव रजक की एक नियमित रक्तदाता हैं जिन्होंने अभी तक 30 बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपना निःस्वार्थ सेवा प्रदान किया हैं, संस्था के द्वारा मरीज के परिजन को यह पूर्ण रूप से अस्वस्थ किया गया हैं कि जब भी रक्त की आवश्यकता पड़ेगी "समर्पण एक नेक पहल" संस्था चौबीसों घंटे सेवा के लिए तत्पर रहेगी '

जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, कई एकड़ में लगे फसल को किया नष्ट

किसानों का सुध लेने नहीं पहुंचा विभाग के अधिकारी।

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के जंगल से सटे कुछ गांव में जंगली हाथियों ने डेरा जमाए हुए है,

उक्त गांव में जंगली हाथियों का प्रकोप धीरे धीरे करके बढ़ते ही जा रहे हे । जंगली हाथियों के झुंड में लगभग 15 से 20 हाथियों का होने का अनुमान लगाया गया है,शाम ढलते ही गावों में घुसकर तांडव मचाना चालू कर देते है,ऐसे में ग्रामीणों में जान माल की क्षति का भी आशंका जताई जा रही है। दरसल घटना प्रखण्ड के ही गुण्डा पंचायत के सीमा गांव कई किसानों खेत में लगे कई तरह के फसलों को नष्ट कर दिया गया है। जिसमे एक ही किसान जिष्णु महतो पिता स्वः खेपा महतो,सुसेन महतो पिता स्व., भन्टू महतो, दशमी महतो पति- युधिष्टीर महतो ,गुरुचरण महतो पिता जगेश्वर महतो , विनीत देवी पति स्व सुरेन्द्र महतो इन सभी किसानो का लगभग लाखो रुपया तक का फसल क्षति कर दिया गया है। किसानों द्वारा वन विभाग को फसल नष्ट होने के स्थिति में मुआवजा जल्द से देने का आग्रह किया। साथ ही ग्रामीणों को सुरक्षा व्यवस्था विभाग की ओर से किया जाए।

कोडरमा के ब्लोक मैंदान में मजदूर ,किसान , संकल्प सभा में उमड़ी जन शैलाब

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ,ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 19 सितंबर 2023 :- कोडरमा के ब्लॉक मैदान में भाकपा माले के घटक संगठन भारतीय मजदूर किसान सभा के नेतृत्व में एक संकल्प सभा आयोजित की गई , जिसमें हजारों के तादाद में जन सैलाब उमड़ी । सभा की अध्यक्षता राजेंद्र मेहता एवं संचालन इब्राहिम अंसारी ने किया , सभा के मुख्य अतिथि भाकपा-माले के महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के सरकार में झूठ के पुल पर जनता को पार करने का प्रयास किया जा रहा है । नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त हैं और मोदी सरकार गरीबों को छुपा कर देश के ग्रोथ को पांच प्रतिशत दिखलाने पर तुले हुए हैं। जो सत्य नहीं है , इस बार 24 के संसदीय चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देने के लिए आतुर है उन्होंने आगे कहा कि हर क्षेत्र में मोदी सरकार झूठी साबित हो रही है गरीब अगर महंगाई की बात करते हैं , बेरोजगारी की बात करते हैं , तो मोदी जी रोना रोने की बात करते हैं , की इन सभी बातों का उनके पास कोई वजूद नहीं है वह बड़े-बड़े पूंजीपतियों और कारपोरेट घरानों के बातों को ही कदर करते हैं ।जो देश के लिए सही नहीं है । देश में संविधान की बात की दुहाई बार-बार करते हैं और खुद ही संविधान पर अमल नहीं करते हैं , दलित, पिछड़े का आरक्षण को समाप्त करने की साज़िश किया जा रहा है, उन्होंने आगे अपने संबोधन में कहा कि मोदी जी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को मौनी प्रधानमंत्री का संज्ञा दिए थे , लेकिन

खुद मणिपुर की घटना पर एक शब्द भी बोलने का जरूरत नहीं समझते हैं जहां पूरा राज्य लम्बे समय से आक्रांत है । और कितने गरीब आदमी मारे गए हैं क्षेत्र में पूरे भय का माहौल कायम है इसलिए इस बार गरीब किसान मजदूर नौजवान संसदीय चुनाव में सच के साथ चलकर भाजपा के नीति को नकारते हुए जवाब देने का मन बनाए हुए है, सभा को बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र में शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी है लेकिन कोडरमा में शिक्षा का माहौल और अस्तर निम्न है किसी जगह उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए कुछ भी कारगर कदम नहीं उठाया गया हैं जो कोडरमा खान , खनिजों, अबरख से प्रसिद्ध हुआ करता था आज बेरोजगारी का दंश झेल रहा है , यह उनकी नाकामी है देश में इंडिया गठबंधन के तहत माहौल बन रहा है, जिसमें मोदी नीति के खिलाफ एक मुकम्मल रणनीति बनाई जा रही है । जिसमें सभी गरीब , मजदूर , किसान , नौजवान के बातों को ख्याल रखकर चुनाव में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देना होगा , सभा को राज्य कमेटी सदस्य राजकुमार यादव राजेश यादव परमेश्वर, महतो ,मुस्तकीम अंसारी, जयंती चौधरी ,बिहार से आए विधायक सुदामा प्रसाद , समेत झारखंड मजदूर किसान सभा के दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

पति के दीघार्यु कामना से सुहागिनों ने किया तीज व्रत

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 19 सितंबर 2023 बिष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में पति की दीघार्यु की कामना के लिए सुहागिनों ने किया हरतालिका तीज का व्रत बताया जाता है कि सुहागिन अखंड सौभाग्य होने के साथ पति की लंबी आयु के आशीर्वाद को पाने के लिए भूखे प्यासे रहकर रात दिन निराहार के साथ भगवान शिव पार्वती का बालू कामई शिवलिंग बनाकर पूजन करते हैं , साथ ही रात भर गीत निर्तयादि जागरण कर भगवान शिव को मनाने की कामना करते हैं , भगवान शिव के प्रभाव से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति की मान्यता है , हर साल सुहागिन स्त्रियां अपने सौभाग्य के लिए तीज व्रत करती हैं , और सोलह सिंगार कर सज धज कर अपने पतिव्रत धर्म का पालन करती हैं शास्त्र के अनुसार बताया जाता है कि माता पार्वती ने शिव जी को पाने के लिए अपने सहेलियों के मदद से घनघोर जंगल में चली गई थीं ,और नदी के किनारे माता पार्वती

ने भगवान शिव की मिट्टी और बालू का प्रतिमा बनाकर भाद्रपद के तृतीया तिथि हंसता नक्षत्र युक्त में निराहार रहकर व्रत की थीं इसके प्रभाव से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न हुए थे और पार्वती जी भोलेनाथ को अपना पति बनाने में कामयाब हुई थीं,इसलिए कथा में कहा गया है कि आज के दिन जो भी स्त्रियां इस नक्षत्र और तिथि के योग में निराहार रहकर व्रत करती हैं तो भगवान भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं और शिव के आशीर्वाद से वह सदा जब तक जीती हैं उनके पति दीघार्यु होते हैं और सभी ईक्छाओं की पुर्ति होती है।इसलिए सभी सुहागिन स्त्रियां आज के दिन मिल जुलकर अपने घर आंगन में मंडप में चंदवा लगाकर सजाते हुए तरह-तरह के पकवान और फल अर्पित करते हुए गीत ,नादकर गाकर रात्रि जागरण कर भगवान से सुख और समृद्धि की मांग करती हैं।

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में शास्त्रीय संगीत का हुआ आयोजन

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर

जमशेदपुर (झारखंड) 19 सितंबर 2023:झमंगलवार 19 सितंबर को बिष्टूपुर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में शास्त्रीय संगीत संध्या कार्यक्रम में देर रात तक संगीत प्रेमियों ने संगीत का आनंद लिया। ज्ञात है कि स्वर्गीय आर डी द्विवेदी बाबा एवं श्री दयानाथ उपाध्याय द्वारा प्रारंभ की गई संगीत

बैठकी कार्यक्रम विगत 34 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को निरंतर होती चली आ रही है। इसी क्रम में इस बार श्री निलांजन मित्रा का शास्त्रीय गायन हुआ जिसमें उन्होंने राग मेघ मल्हार में विलंबित ख्याल तथा छोटा ख्याल प्रस्तुत किया।उन्होंने अपनी प्रस्तुति में राग खमाज में एक ठुमरी और अंत में एक भजन भी सुनाया।इनके साथ तबले पर स्वरुप मोइत्रा ने तथा हार्मोनियम पर आदित्य कुमार ने मधुर संगत किया। अगली प्रस्तुति श्री देवव्रत मोइत्रा के सितार वादन से हुई। उन्होंने राग पूरिया कल्याण मध्य विलंबित लय, रूपक ताल मे फिर तीन ताल में छोटा ख्याल पेश किया।फिर राग मांड पर आधारित एक धुन जिसे दीपचंदी ताल में बजाकर श्रोताओ को आनंदित किया। इनके साथ तबला पर श्री अमिताभ सेन ने सुंदर संगत किया।सभी कलाकारों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संकट मोचन संगीत समिति के श्री बीरेन्द्र उपाध्याय ने किया।उन्होंने कहा कि बजरंगबली का दरबार, जमशेदपुर शहर का एक -मात्र ऐसा मंदिर है जहां सन 1989 से संगीत का दीप निरंतर जल रहा है।उन्होनें प्राचीन कला को संरक्षण एवं पोषण के लिए सभी लोगों से अपील की। इस कार्यक्रम में श्री दयानाथ उपाध्याय, श्री लल्लन द्विवेदी, श्री सुभाष बोस,श्री मिहिर बनर्जी, श्री अनिरुद्ध सेन,अनिल सिंह,पंकज झा,सत्यप्रकाश तिवारी, श्री समीर घोष,जैसे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

विघ्नहर्ता गजानन भगवान श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना कर पूजा,अर्चना किया गया

दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 19 सितंबर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवादा (महावीर नगर) मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ गणेश चतुर्थी की दो दिवसीय पूजा प्रारंभ हुई !पूजा समिति के आचार्य पुरेन्द्र जी महाराज ने बताया की शास्त्रों के अनुसार इस दिन गणेश जी दोपहर में अवतरित हुए थे, इसलिए यह गणेश चतुर्थी विशेष फलदायी बताई जाती है पूरे देश में यह त्योहार गणेशोत्सव के नाम से प्रसिद्ध है।उपस्थित पूजा संचालक प्रकाश कुमार ने कहा की सनातन धर्म में ही "विश्व का कल्याण हो" इस प्रकार की जयकारे लगा करते है और भगवान श्री गणेश को ही विद्या-बुद्धि के प्रदाता, विघ्न-विनाशक, मंगलकारी, सिद्धिदायक, सुख-समृद्धि और यश-कीर्ति देने वाले देवता माना गया है। साथ ही सनातन धर्म के त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक

मुख्य त्योंहार है जो भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। पूजनोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष बिनोद साव,उपाध्यक्ष-रवि कु.साव,सचिव-निर्मल साव,उपसचिव-मुकेश कु.साव,संरक्षक- श्यामलाल साव,खूबलाली साव, कोषाध्यक्ष अजय साव,समाजसेवी व बुद्धिजीवी रामेश्वर यादव,बिशुनलाल नायक,रोहित साव,राजेश साव, अन्य पूरे ग्रामीण उपस्थित थे!

एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगता व आदिवासी सांस्कृतिक छाता मेला में उमड़ी संस्कृति प्रेमियों की भीड़

पराजय से हताश न होकर जीत के लिए प्रयास करना चाहिए : सुखराम हेंब्रम

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 19 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के आदारडीह छाता मेला मैदान में एच के एम एस आदारडीह, बिशरडीह व रांगाडीह द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगता व आदिवासी सांस्कृतिक छाता मेला का आयोजन किया गया। मेला में प्राचीन रीति रिवाजों से छाता उत्तोलन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी सांस्कृतिक पांता नाच देखने के लिए संस्कृति प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। फुटबॉल प्रतियोगता में विजेता, उप विजेता, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को अतिथियों के हाथों द्वारा नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। मेला में उपस्थित संस्कृतिप्रेमी व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने कहा कि मेला झारखंडियों का प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है। इसे बढ़ावा देना हम सब लोगों का दायित्व है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार से हताश न होकर जीत के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों के हौसला अफजाई करने हेतु सोहन लाल द्विवेदी की कविता 'लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है, मन का विश्वास रगों में साहस भरता है, चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है, आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है, जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है, मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में, बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो, जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम, संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम, कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।' बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। सुखराम हेंब्रम ने कहा कि सपने हमेशा बड़ा देखो, आज प्रखंड या जिला स्तर पर खेल रहे हों लेकिन भविष्य में राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना देखो। उन्होंने कहा कि झारखंड के यूवा मुख्यमंत्री विकास पुरुष हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं शुरू किया है, खिलाड़ी उसका लाभ लेने का प्रयास करें। ग्राम प्रधान महासंघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि आदरडीह का सांस्कृतिक छाता मेला काफी प्राचीन है। मेला के माध्यम से हम अपने प्राचीन संस्कृति से रूबरू होते हैं। इस अवसर पर रवींद्र नाथ गोराई, मुखिया सुभाष सिंह, मुखिया वरुण कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, आयोजक समिति के अध्यक्ष बिनोद हेंब्रम, सचिव छुटू टुडू कोषाध्यक्ष हुदीर मुर्मू व रामनाथ हेंब्रम, खेल सचिव राखो टुडू, नीलांबर मार्डी आदि उपस्थित थे।

आज आएगी जन आशीर्वाद यात्रा, जिला मुख्यालय रायसेन में स्वागत की व्यापक तैयारियां।

सभा स्थल पर पहुंच जिला भाजपा अध्यक्ष, जन आशीर्वाद यात्रा जिला संयोजक सहित भाजपा नेताओं ने लिया जाएगा।

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा आज सांची से चलकर जिला मुख्यालय रायसेन आएगी जहां जन आशीर्वाद यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा, कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहर के बीचों-बीच महामाया चौक पर आयोजित होने वाली सभा स्थल का जायजा लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी, भूपेंद्र सिंह वर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, एस मुनियन, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, बंटी महेश्वरी, शिवराज सिंह कुशवाह, बबलू ठाकुर, बृज बिहारी मिश्रा, राकेश मालवीय, राजेश कुशवाहा, विश्वास रैकवार सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता इस दौरान तैयारी का जाएजा लेने के लिए पहुंचे । भाजपा के भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पर आने वाली जन आशीर्वाद यात्रा का भव्य स्वागत करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रखी हैं रायसेन सीमा क्षेत्र में जैसे ही जन आशीर्वाद यात्रा प्रवेश करेगी वैसे ही भाजपा कार्यकर्ता उत्साह वर्धन करते हुए रैली के माध्यम से जन आशीर्वाद यात्रा के साथ चलकर सभा स्थल तक आएंगे इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं इस दौरान जगह-जगह जाना आशीर्वाद यात्रा का पुष्प बरसा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी ने सभी भाजपा नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने एवं भव्य स्वागत करते हुए आयोजित सभा को सफल बनाए जाने की अपील की है।

पीड़ित को हैं गले लगाते,अपराधी को सबक सिखाते मतलब कानपुर के जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले कानपुर में त्योंहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सफलता के बाद पुलिस कमिश्नर डा. आर के स्वर्णकार की अगुवाई में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही लगातार जारी है। सभी संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी का यह सिलसिला लोकहित में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी के कुशल निर्देशन में जारी है। उनकी परिश्रम पूर्ण कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा अपने अब तक के कार्यकाल में पड़ने वाले निकाय चुनाव के साथ ही सभी त्योहारों को भी बहुत शांति पूर्ण और सकुशल तरीके से सम्पन्न करने में सफल हो चुकी है। जहां तक पीड़ितों की हर संभव सहायता का सवाल है। जनहित में बहुत लोकप्रिय कार्य शैली वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी कठोर परिश्रम के साथ तब तक जुटे रहते हैं ,जब तक जनहित का उद्देश्य पूरा नहीं हो जाता। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यूपी की योगी सरकार की मंशा पर खरे उतरने की दिशा में सफलता पूर्वक लगातार अग्रसर देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक यहां के जुझारू तेवरों वाले प्रभावी कार्रवाई के मामले में बहुत बेजोड़ जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी जिस बात का विशेष ध्यान रखते हैं ,वह है ,निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी

बचे नहीं। यही वजह है कि जो भी पीड़ित उनके पास आता है। वह उनकी कार्यवाही और शालीनता पूर्ण व्यवहार से पूर्ण संतुष्ट और खुश होकर ही जाता है। नौबस्ता ,चकेरी, गुजैनी और घाटमपुर समेत सभी थाना क्षेत्रों की सभी घटनाओं का सटीक अनावरण कराने में सफल और अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ आज तक कोई समझौता नहीं करने वाले अपनी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली तथा सरल और शालीन व्यवहार कुशलता के फलस्वरुप आम जनता और मातहतों के बीच भी लोकप्रिय जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा, उनकी विवेकशीलता, उनकी दूरदर्शिता, उनकी व्यवहार कुशलता और उनकी कर्मठता योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार की मंशा को पूर्ण करने में कसर रखती नजर नहीं आती। यही वजह है कि उनकी परिश्रम पूर्ण सक्रियता पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही हर तरह के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी लगातार जुटी हुई है, जिसके तहत अनेक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल का रास्ता भी दिखाया जा रहा है। जिससे आम जनता पहले से ज्यादा भारी राहत भी महसूस कर रही है।

शहर में 50 स्थानो पर लगी गणेश जी की झांकियां, घर-घर में विराजे श्री गणेश

कहीं बाइक पर तो कहीं ट्रैक्टर ट्राली तो कहीं जीप पर सवार होकर पंडाल तक पहुंचे गणेश जी

रायसेन। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर गौरी नंदन भगवान श्री गणेश जी की इस बार शहर में लगभग 50 स्थान पर झांकियां लगाई गई हैं दोपहर से लेकर देर रात तक भगवान श्री गणेश की विधिवत स्थापना के साथ मूर्तियां स्थापित की गई इस दौरान शहर में जय गणेश गणपति बप्पा मोरया आदि जयकारों के साथ भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं को ले जाकर पंडाल में विराजमान किया सुबह से ही मूर्ति कलाकारों द्वारा प्रतिमाओं का विक्रय किया जा रहा था जो की गणेश चतुर्थी के अवसर पर झांकी के सदस्यों द्वारा कहीं बाइक पर तो कहीं जीव पर और कहीं ट्रैक्टर ट्राली से प्रतिमाओं को पंडाल स्थल तक ले जाया गया श्री गणेश उत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल नजर आ रहा है 10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव की धूम शहर शहर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने में आ रही है शहर से लेकर गांव गांव में भगवान श्री गणेश जी की झांकियां लगाई गई हैं जहां प्रतिदिन पूजा महा आरती भजन कीर्तन के आयोजन संपन्न होंगे।

उपराष्ट्रपति ने संसद के नए सदनों को हमारे लोकतंत्र के मंदिर का पवित्र गर्भगृह बनाने का आग्रह किया

भारत की संसद की समृद्ध विरासत के अनुरूप आज सेंट्रल हॉल में एक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संसद सदस्य नई इमारत में प्रवेश से पूर्व इस ऐतिहासिक भवन को विदाई देने के लिए एक साथ यहां आए थे।

सेंट्रल हॉल में सांसदों को अपने संबोधन में, उपराष्ट्रपति ने इस परिवर्तन को 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' से 'ट्रिस्ट विद मॉडर्निटी' तक की यात्रा बताया और सभी सदस्यों से भारत @2047 की ऐतिहासिक यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद भवन के पवित्र परिसर ने अपनी सात दशक लंबी यात्रा में कई महत्वपूर्ण पडाव़ देखे हैं जो एक अरब से अधिक लोगों की आकांक्षाओं के साथ गुंजाएमान रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संसद की नई इमारत न केवल एक "वास्तुशिल्प चमत्कार" है, बल्कि "आत्मनिर्भर भारत के आर्विभाव का प्रमाण" भी है, श्री धनखड़ ने कहा कि यह न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रतिबिंब है बल्कि यह "राष्ट्रीय गौरव, एकता और विविधता" का एक सुनहरा प्रतीक भी है।

संविधान सभा के कामकाज के दौरान देखी गई मयार्दा और स्वस्थ बहस को याद करते हुए श्री धनखड़ ने कहा "हमारे संस्थापकों के अनुकरणीय आचरण का अनुसरण करने" की आवश्यकता पर बल दिया।

संसदीय कार्रवाई में बाधा पहुंचाने और व्यवधान को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए राज्यसभा सभापति ने नए संसद भवन में सहयोग और आम सहमति की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी से "राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने" का संकल्प लेने का आग्रह करते हुए संसद के नए सदनों को हमारे लोकतंत्र के मंदिर का गर्भगृह बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि संसद की नई इमारत भारत मंडपम और यशोभूमि बुनियादी ढांचे की उत्कृष्ट इमारते हैं जो विश्व की सर्वश्रेष्ठ इमारतों से प्रतिस्पर्धा कर रही है। ये प्रतिष्ठित स्थल भारत के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत वैश्विक विमर्श को परिभाषित कर रहा है। आज भारत जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास के लिए "एजेंडा-निर्धारक" के रूप में उभर रहा है। श्री धनखड़ ने भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कुशल जन-केंद्रित दृष्टि, उत्साह, अटूट समर्पण और अनुकरणीय निष्पादन के लिए नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार नौकरशाही के योगदान की भी प्रशंसा की।

बिरसा पहुंची बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा, फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत

हिंदू समाज में शौर्य का जागरण करने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।(20 सितंबर)बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा मंगलवार को बिरसा पहुंची इस यात्रा में नगर के बजरंग दल के पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता शामिल हुए।यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी जिसका लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा प्रभारी जिला संयोजक दीपक शरणागत के मार्गदर्शन में इन प्रखंड से होकर जागरण यात्रा लामता,परस्वाड़ा उकवा, भंडेरी, बैहर नगर, गढ़ी होते हुए मंगलवार को नगर प्रखंड मलाजखंड प्रखंड बिरसा में आगमन हुआ, जहाँ पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा प्रभारी दीपक शरणागत ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा नगर और गांवों तक निकाली जा रही है इस यात्रा का उद्देश्य हिंदू युवाओं में शौर्य जागरण करना है,जिससे आने वाले समय में हिंदू समाज पर व हिंदुओं

के ऊपर हो रहें हमलो के विरोध स्वरूप बजरंग दल द्वारा हिंदू समाज और हिंदू युवाओं में शौर्य का जागरण हो इस उद्देश्य यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा पूरे जिले में निकाली जा रही है जो शहर और गांव होती हुई मंगलवार को बिरसा पहुंची, यहां से विभिन्न ग्रामों से होकर यात्रा का समापन दुर्गा मंदिर बिरसा में किया जायेगा। शौर्य जागरण यात्रा में इनका रहा सराहनीय योगदान-बजरंग दल जिला संयोजक दीपक शरणागत , जिला उपाध्यक्ष दिनेश बोपचे, जिला मंत्री चेतन मरकाम, जिला शाह मंत्री मन्नू वंशपाल,कार्यकर्ता पप्पू गौतम, जिला कोषाध्यक्ष आशीष अवधिया, प्रमोद जी, बजरंग दल जिला सहसंयोजक रुपेश बंजारा एवं सभी प्रखंड के समितियां एवं कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

घर घर एवं पंडालों में विराजे रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश, दस दिन होगी पूजन आरती

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(20 सितंबर)जिले में मंगलवार से गणेश चतुर्थी पर्व बहुत धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।सोमवार रात से ही पंडालों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो मंगलवार की सुबह तक प्रतिमाओं की स्थापना की गई। गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर पिछले एक महीने से शहर में जगह-जगह भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं कलाकारों के द्वारा बनाई जा रही थी।सोमवार को दिन भर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को लाने का सिलसिला जारी रहा।सोमवार से लोगों ने मिट्टी से बनी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं लाकर घरों में स्थापित की। इसके अलावा शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर पंडाल सजाकर गणेश प्रतिमाओं को

स्थापित किया गया है। सोमवार देर रात तक पंडालों में प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला चलता रहा। अगले 10 दिनों तक पंडालों और घरों में भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान गणेश पंडालों और मंदिरों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

मंदिरों में हुआ अभिषेक और पूजन

गणेश चतुर्थी पर्व के चलते शहर के प्रमुख गणेश मंदिरों विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। सुबह से ही मंदिरों में विधि विधान से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया।लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

बैंक से निकलते ही दंपत्ति से करीब साढ़े तीन लाख रुपए की हुई लूट,दीनदहाड़े हुई लूट से सहमी जनता

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(20 सितंबर)जिले में हो रही चोरी डकैती से जनता सहम सी गयी है। आये दिन शहर में हो रही चोरियो ने जनता की नींद हराम कर दिया है। रविवार को कोतवाली क्षेत्र में चार लाख से अधिक की चोरी का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि मंगलवार दोपहर एक दंपति के साथ लूट की घटना हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बघोली के उपसरपंच देवराम मेहरकर मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे सेंट्रल बैंक आए थे। उन्होंने बैंक से तीन लाख चालीस हजार रुपये निकाले और अपनी पत्नी रामबती मेहरकर के साथ घर की ओर जाने लगे कि अचानक मोटरसाइकिल से दो बदमाश आए और उनका पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। एकाएक हुई इस घटना से मेहरकर दंपत्ति कुछ समझ पाते इसके पहले लुटेरे फरार हो गए और देर के लिए दंपत्ति सुन्न हो गए।

बदमाशों का उन्होंने कुछ दूर पीछा किया और शोर मचाया, लेकिन इससे पहले कि बदमाश हाथ आते, वो तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल में फरार हो गए। लूट की घटना करने वाले बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्राप्त हुआ। इसमें बाइक पर बैठा एक बदमाश नकाब पहना है जबकि बाइक चला रहा दूसरा बदमाश बिना नकाब के था। कोतवाली, नवेगांव, लालबर्रा सहित अन्य स्थानों में हो रही चोरी व लूट की घटनाओं से एक तरफ जहां लोग डरे हुए हैं, वहीं बढ़ती घटनाएं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और गश्त पर सवालिया निशान खड़ी कर रही है।हालांकि दिन दहाड़े हुई लूट का शीघ्र ही पदार्फाश करने का पुलिस दावा कर रही है जो आने वाले समय में पता चलेगा।

फतेहपुर बाजार के व्यवसाईयों ने सड़क के दोनों छोर पर नाली निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र।

दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल कुमार गोस्वामी

फतेहपुर,जामताड़ा (झारखण्ड) फतेहपुर बाजार के व्यवसाईयों ने सड़क के दोनों छोर पर नाली निर्माण की मांग को लेकर एक मांग पत्र झारखंड विधानसभा अध्यक्ष स्थानीय विधायक रवींद्रनाथ महतो को मंगलवार को सौंपा। मंगलवार को खिजुरिया में एक कार्यक्रम के दौरान फतेहपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अरविंद मंडल के नेतृत्व में व्यवसायियों ने यह मांग पत्र स्पीकर को दिया ।सैकड़ो व्यवसाईयों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र में बताया गया कि फतेहपुर मोड़ से लेकर उच्च विद्यालय तक पीसीसी का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इस पुनर्निर्माण से यातायात की सुगमता तो होगी लेकिन दोनों छोर पर नाली नहीं होने के कारण सभी दुकानदारों सहित ग्रामीणों को बारिश के समय काफी परेशानी

का सामना करना पड़ेगा ।आवेदन के माध्यम से कहा गया कि रोड का पानी निकासी हेतू उचित प्रबंधन नहीं होने के कारण यह संभव है कि रोड का पानी लोगों के घरो में घुस सकता है, जिससे आम जनमानस की दैनिक जीवन प्रभावित होगी। मांग किया गया कि फतेहपुर मोड़ से रिलायंस टावर तक रोड के दोनों बगल में नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए।

आगामी त्योहारों को लेकर सालेटेकरी पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।(20 सितम्बर)आगामी त्योहारों को लेकर बिरसा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाली सालेटेकरी पुलिस चौकी प्रभारी डी एस धुर्वे के नेतृत्व में मंगलवार को गणमान्य नागरिकों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाने को लेकर चर्चा की गयी।नवागत चौकी प्रभारी डी एस धुर्वे ने कहा कि वैसे तो यह क्षेत्र शांत ही है और यहां के निवासी भी शांति प्रिय एवं समझदार है जिन्हे कुछ बताने या समझाने की जरुरत नहीं है लेकिन फिर सतर्कता जरुरी है, मयार्दा एवं नियम के तहत ही त्योहारों को मनाया जाय जिसकी अपेक्षा सभी को है। बैठक में प्रमुख रूप से बीडीसी,लालपुर, सालेटेकरी, रघोली एवं बहेराभाटा की सरपंच,

स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं चौकी प्रभारी डी एस धुर्वे व सभी स्टॉफ उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गयी।

कांड्रा - चौका हाईवे में मां तारा होटल का शुभारंभ भाजपा नेता बास्को बेसरा ने फीता काटकर किया उद्घाटन।

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर सरायकेला खरसावां (झारखंड) 19 सितंबर 2023:झ सस्ते और किफायती दरों पर व्यंजनों का लुफ्त अब कांड्रा चौका मुख्य मार्ग में अवस्थित गिद्धीबेड़ा टोल के समीप मां तारा होटल में ले सकते हैं। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर

पर मां तारा होटल का शुभारंभ क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी सह भाजपा नेता बास्को बेसरा के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश हांसदा भी मौजूद थे। आपको बता दे की मां तारा होटल के प्रोपराइटर अजीत सिंह ने बताया कि सस्ते दरों पर उच्चतम कोटि का व्यंजन ग्राहकों को मिलेगा। साथ ही स्थानीय ग्राहकों के साथ-साथ अधिक दूरी के ट्रैकों और बसों के लिए मां तारा होटल में उच्चतम व्यवस्था की गई है। उद्घाटन समारोह में जलेश्वर सिंह, कांड्रा पंचायत के पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, राजन साव, अधिवक्ता राकेश वार्ष्णेण, मनोरंजन नदी, सुरज नमन, केशव महतो, दिनेश महतो, बाबु मिश्रा, नगीना यादव, कामदेव महतो, सुखदेव सिंह सरदार, चेतन मुर्मू, उदय आदित्यदेव, अनिल आदित्यदेव, विशु महतो, संजीत मिश्रा, नागेश्वर गोप, उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के बाद सभी अतिथियों द्वारा स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया।

विधायक ने बेलटांड़ में किया गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन, कलश यात्रा के साथ पूजा-अर्चना शुरू

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : युवा सांस्कृतिक मंच द्वारा पटमदा के बेलटांड़ में बनाये गए भव्य

पूजा पंडाल का मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, मिलन दास, रामपद महतो व राधारमण दास के अलावे पुरोहित शक्तिपद मुखर्जी, युवा सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष महावीर महतो, सचिव विश्वामित्र दास, कोषाध्यक्ष परमेश्वर गोप, आशीष दास, अजय मंडल, अंकुर महतो, प्रदीप कुंभकार, सनातन मंडल, असीम गोराई, उपेंद्र महतो, महेश्वर दास, विलास महतो व विकास मंडल आदि मौजूद थे।

उद्घाटन के पश्चात विधायक मंगल कालिंदी ने गणेश भगवान की आराधना करते हुए मंगल कामना की। सुबह करीब 10 बजे पूजा मंडप से कलश यात्रा निकाली गई और लावा के रांगाबांध तालाब से कलश लाकर स्थापना की गई एवं पूजा-अर्चना भी शुरू हुई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दूसरी ओर झामुमो नेताओं ने बांसगड़ गांव में आयोजित गणेश पूजा में शामिल होकर फीता काटकर मंडप का उद्घाटन किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता राजू कर्मकार व दीनू रजक आदि मौजूद थे।

भारतीय कृषि में क्रांतिकारी बदलावः कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किसानों के लिए गेम-चेंजिंग पहल का अनावरण किया

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में कृषि-ऋण (केसीसी और एमआईएसएस) और फसल बीमा (पीएमएफबीवाई/आरडब्ल्यूबीसीआईएस) पर केंद्रित पहल का अनावरण किया। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने तीन पहलें शुरू कीं, किसान ऋण पोर्टल (केआरपी), मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (हक्छऊ) पर मैनुअल, केसीसी घर-घर अभियान, एक महत्वाकांक्षी अभियान जिसका लक्ष्य देश भर के प्रत्येक किसान तक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का लाभ पहुंचाना है। इन पहलों का उद्देश्य कृषि में क्रांति लाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ाना, डेटा उपयोग को अनुकूलित करना और देशभर में किसानों के जीवन में सुधार करना है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती निर्मला सीतारामन ने घर-घर केसीसी अभियान की सफलता के लिए बैंकों के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों को आसान अल्पकालिक ऋण सुनिश्चित करने और इस योजना से जुड़ने के लिए केसीसी योजना के तहत पर्याप्त धन आवंटित किया है। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की पहल और सफल कार्यान्वयन के लिए कृषि मंत्रालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब तक किसानों को 29,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रीमियम राशि के मुकाबले 1,40,000 करोड़ रुपये से अधिक की बीमा राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने चावल और गेहूं की फसल के उत्पादन के वास्तविक समय के अनुमान की भी सराहना की और इस अनुमान को दलहन और तिलहन की फसलों तक बढ़ाने का आह्वान किया ताकि जरूरत पड़ने पर उनके आयात के लिए बेहतर योजना बनाई जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि फसलों के वास्तविक समय आकलन से अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी और फसल सीजन के अंत में किसानों के लिए सही कीमतें सुनिश्चित होंगी। श्रीमती सीतारामन ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के पूर्ण स्वचालन का भी आह्वान किया और वित्तीय सेवा विभाग को इन बैंकों के लिए ऋण मंजूरी और ऋण वितरण के बीच अंतर का अध्ययन करने का निर्देश दिया।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में वर्तमान सरकार द्वारा कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दिए गए महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्रालय का बजट वर्ष 2013-14 में 23,000 करोड़ रु. से बढ़कर 2023-24 में 1,25,000 करोड़ रुपये हो गया है। हक्छऊ मैनुअल के बारे में बात करते हुए श्री तोमर ने कहा कि इसका उद्देश्य वास्तविक समय की मौसम की जानकारी सुनिश्चित करना है ताकि किसान सही समय पर अपनी फसलों के लिए सावधानी बरत सकें। श्री तोमर ने कहा कि कृषि के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग और पारदर्शिता महत्वपूर्ण है और इस सरकार ने इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 9 करोड़ लाभार्थी हैं और केसीसी घर-घर अभियान का उद्देश्य लगभग 1.5 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ना है जो अभी तक केसीसी योजना से नहीं जुड़े हैं। श्री तोमर ने कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को लगभग 2 करोड़ केसीसी प्रदान करने के लिए वित्त मंत्रालय और बैंकों को धन्यवाद दिया। श्री तोमर ने जोर देकर कहा कि यह कृषि और ग्रामीण क्षेत्र ही था जिसने कोरोना महामारी के दौरान भी अर्थव्यवस्था को चालू रखा।